सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0
RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-97 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, गुरुवार, 14 सितम्बर 2023
27 सफर, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com

G20


Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

## न्यूज डायरी

### भोपाल में इंडिया रैली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को शरद पवार के आवास पर विपक्षी गठबंधन इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हमने देश के अलग-अलग राज्यों में रैलियां करने का फैसला लिया है। पहली रैली अक्टूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में होगी, जिसमें मोदी सरकार में बढ़ रही बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात होगी। सभी दल जाति-जनगणना का मुद्दा उठाने पर भी सहमत हुए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि सीट शेयरिंग पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### ट्रांसपोर्ट प्लेन मिला

**नई दिल्ली।** यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने बुधवार को भारत को पहला सी-295 टैक्टिकल मिलिट्री एयर लिफ्ट प्लेन सौंप दिया। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन के सेविले शहर में इस प्लेन को रिसीव किया। इस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को 15 सितंबर को दिल्ली लाया जाएगा। एयर चीफ एक दिन पहले ही प्लेन लेने के लिए स्पेन पहुंच गए थे। यह एयरक्राफ्ट पिछले तीन दशकों से सेवा में लगे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एवरो-748 को रिप्लेस करने के लिए लाया जा रहा है। सी-295 को स्पेन के सेविले प्लांट में बनाया जा रहा है।

### रानिल से मिली ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दुबई हवाई अड्डे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच के बीच कुछ रोचक बातचीत हुई। इस पर ममता ने जवाब दिया कि यह तो लोगों पर निर्भर करता है। ममता ने विक्रमसिंघे को नवंबर में राज्य व्यापार शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। ममता दुबई और स्पेन की 12 दिवसीय यात्रा पर हैं। ममता बनर्जी ने एक्स के जरिए बताया कि विक्रमसिंघे ने मुझे हवाई अड्डे के लाउंज में देखा।

# महिलाओं को मिलेंगे फ्री गैस कनेक्शन

**मोदी कैबिनेट**

## 1650 करोड़ मंजूर, ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट को हरी झंडी

- उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 13 सितंबर को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें हाल ही में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता को रेखांकित किया गया।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी को उनके कुशल नेतृत्व के लिए बधाई देने का प्रस्ताव रखा है। शनिवार, 9 सितंबर और रविवार, 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेता महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जुटे। कैबिनेट बैठक के दौरान, सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एलपीजी सिलेंडर के वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय का खुलासा किया। कैबिनेट ने उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को लाभान्वित करते हुए अगले तीन वर्षों में 75 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन के वितरण को मंजूरी दी। ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल से देश भर में महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण में काफी सुधार हुआ है, पिछले नौ वर्षों में आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को 9.6 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के चरण 3 को मंजूरी देने की भी घोषणा की। लगभग 7,210 करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाना है, जिससे अंततः कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी लाकर नागरिकों को लाभ होगा।

# आजम और उनके करीबियों पर यूपी से एमपी तक रेड

- इनकम टैक्स की 7 जगह पर छापेमारी
- हल्फनामों में कई गड़बड़ियां मिलीं थीं



**रामपुर।** सपा नेता आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को इनकम टैक्स ने आजम और उनके करीबियों पर यूपी से एमपी तक रेड मारी। यूपी के रामपुर में आजम की कोठी पर छापा पड़ा। इसके अलावा मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, सीतापुर, लखनऊ में भी रेड पड़ी।

वहीं, मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में सपा के पूर्व सांसद के घर पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मौलाना अली जौहर ट्रस्ट से जुड़ी बताई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि मेरठ में आजम खान के करीबी के घर कार्रवाई के दौरान आईटी टीम की खूब खातिरदारी की गई। टीम के लिए लंच में स्पेशल बिरयानी बनवाई गई। टीम को बिरयानी खिलाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक, आजम के जौहर ट्रस्ट के सभी 11 ट्रस्टी के यहां पड़ा छापा है। रामपुर के भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने 2019 में इनकम टैक्स विभाग में शिकायत की थी। इसमें कहा था कि ट्रस्ट को 60 करोड़ का डोनेशन देने वाले लोगों ने खुद कभी इनकम टैक्स नहीं भरा है। हालांकि, आयकर विभाग की तरफ से कार्रवाई को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

# अब यूपी का युवा अपनी पहचान नहीं छुपाता: योगी आदित्यनाथ

- लोक कल्याण का मॉडल महापुरुषों की देन है: सीएम



**इंदौर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को इंदौर आए। उन्होंने देवी अहिल्या स्मरण समारोह में कहा कि हमने उत्तर प्रदेश का परसेप्शन बदला है। उसे उत्तम प्रदेश बनाया है। अब वहां का युवा अपनी पहचान नहीं छुपाता। उसे यह बताने में गर्व होता है कि वह उत्तर प्रदेश से है। लोक कल्याण का मॉडल महापुरुषों की देन है। देवी अहिल्या ने काशी विश्वनाथ मंदिर देवी अहिल्या की देन है।

काशी विश्वनाथ कारिडोर को जब निर्माण हुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवी अहिल्या का उल्लेख किया और उनका स्मारक बनाने के लिए कहा था। हमने उनका स्मारक बनाया। काशी विश्वनाथ में हर दिन पांच लाख से ज्यादा लोग आते है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि देश में पहले अलग-अलग राजे-रजवाड़े थे, लेकिन संपूर्ण भारत हजारों वर्षों से एक रहा है। देश राजनीतिक बंधनों से कभी जकड़ा नहीं रहा, सांस्कृतिक एकता हमेशा कायम रही।

### महाकाल मंदिर पहुंचे सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इस मौके पर वह भाव विभोर नजर आए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत ने अर्थव्यवस्था में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने जी-20 में कहा मुझे गर्व है मैं हिंदू हूं। यही सनातन के संस्कार हैं।

# मुठभेड़ में कर्नल समेत तीन अफसर शहीद

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी मारे गये



**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है। राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल सहित तीन सुरक्षा बल के अफसर शहीद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद तीनों शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि भट की जान ज्यादा खून बहने से हुई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने अनंतनाग के कोकरनाग के हलूरा गंडूल इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो वहां पहले से छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के एक अधिकारी और एक पुलिस अधिकारी को गोली लग गई। दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी ऑपरेशन जारी है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है।

# सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

- एजेंडे पर हो सकती है चर्चा
- विपक्ष ने कहा हमें एजेंडे की कोई जानकारी नहीं



**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है वहीं विपक्ष का कहना है कि उसे संसद सत्र के एजेंडे की कोई जानकारी नहीं है।

सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया, '' इस महीने 18 सितंबर से शुरू होने वाले ससंद के सत्र से पहले 17 सितंबर को शाम साढ़े चार बजे सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई गई है। कहा संबंधित नेताओं को ई मेल से आमंत्रण भेज दिया गया है। अलग से चिट्ठी भी भेजी जाएगी। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय ने हाल ही में अपने बुलेटिन में बताया था कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा। यह सत्र 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें कहा गया है कि सत्र आमतौर पर सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे और फिर दिन के दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। सचिवालय सूत्रों के अनुसार विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और गैर सरकारी कामकाज नहीं होगा। सरकार ने सत्र का एजेंडा अभी जाहिर नहीं किया है। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने इस सत्र को लेकर कहा है कि वह 18 सितंबर से बुलाए गए संसद के पांच दिनों के विशेष सत्र में देश से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग करना चाहता है, लेकिन सरकार को यह बताना चाहिए कि कि बैठक का विशेष एजेंडा क्या है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पिछले दिनों पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान देश की आर्थिक स्थिति, जातीय जनगणना, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध और अडाणी समूह से जुड़े नए खुलासों की पृष्ठभूमि में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग समेत नौ मुद्दों पर उचित नियमों के तहत चर्चा कराई जाए।


> गणेश चतुर्थी के दिन नए भवन में कार्यवाही की शुरुआत होगी। इस बीच संसद के कर्मचारियों और मार्शल के ड्रेस कोड में भी बदलाव किया जाएगा। कर्मचारियों की नई ड्रेस पर विवाद भी शुरू हो गया है। वहीं, राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि राज्यसभा का 261वां सत्र भी सोमवार 18 सितंबर से ही शुरू होगा। दोनों सदनों का यह सत्र प्रश्नकाल या निजी सदस्यों के कामकाज के बिना आयोजित किया जाएगा। नए संसद भवन का उद्घाटन इसी साल 28 मई को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था।

### 450 पुलिसकर्मियों के साथ डिनर करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों ने दिन-रात काम किया। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस हर मौके पर मुस्तैद रही है। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी हफ्ते दिल्ली पुलिस के कर्मियों के साथ डिनर करेंगे। दिल्ली में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 30 से अधिक नेताओं शीर्ष यूरोपीय संघ के अधिकारियों, अतिथि देशों के प्रतिनिधियों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। जी-20 सम्मेलन के आयोजन की सुरक्षा-व्यवस्था में 50 हजार से अधिक कर्मियों की तैनाती थी। इसमें डॉग स्क्वॉड और घुड़सवार पुलिस जैसी विशेष इकाइयाँ भी शामिल थीं। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने जी20 शिखर सम्मेलन में अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की एक सूची तैयार करने के लिए प्रत्येक जिले से इनपुट का अनुरोध किया है।

# मीडिया ट्रायल को लेकर सरकार गाइडलाइन बनाए: सुप्रीम कोर्ट

- इससे न्याय प्रभावित हो रहा, आरोपी के अधिकारों का ध्यान रखना जरूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मीडिया ट्रायल को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 3 महीने के अंदर मीडिया ब्रीफिंग पर गाइडलाइन बनाने को कहा। इसके साथ ही सभी राज्यों के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को भी एक महीने के भीतर इस मामले में गृह मंत्रालय को सुझाव देने का निर्देश दिया।

सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि केंद्र जल्द ही पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग के संबंध में गाइडलाइन जारी करेगा। सुप्रीम कोर्ट 2017 से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रहा था। अब इसकी अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे हफ्ते में होगी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है। इसलिए पुलिस में संवेदनशीलता लाना जरूरी है। किसी भी मामले में पुलिस को कितना खुलासा करना चाहिए, ये तय करने की जरूरत है। इसमें पीड़ितों और आरोपी का हित शामिल है। साथ ही जनता का हित भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि मीडिया ट्रायल से किसी पीड़ित या शिकायतकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन होता है। कभी-कभी तो मामले से नाबालिग का संबंध भी होता है। ऐसे में पीड़ित की निजता को प्रभावित नहीं किया जा सकता। हमें पीड़ित और आरोपी दोनों के अधिकारों का ख्याल रखना होगा।

> सीजेआई ने कहा कि किसी भी मामले में जांच के दौरान अहम सबूतों का खुलासा होने पर जांच प्रभावित हो सकती है। हमें आरोपी के अधिकार का भी ध्यान रखना है, क्योंकि वह भी पुलिस की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का हकदार है। ऐसे में अगर आरोपी का मीडिया ट्रायल होता है तो जांच निष्पक्ष नहीं रह जाती।

उत्तर प्रदेश सरकार

जागरूकता दिखाएं
अपने मवेशियों को
लम्पी चर्म रोग से बचाएं



गोवंश में रोग के लक्षण
• 'लम्पी' एक विषाणुजनित चर्म रोग है • पशु को तेज बुखार, आंख-नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, कठोर एवं चपटी गांठ से शरीर का ढक जाना • पशुओं में नेक्रोटिक घाव, श्वसन और जठरांत्र का होना • सांस लेने में कठिनाई, वजन घटना, शरीर कमजोर होना • गर्भपात अथवा दूध कम होना • 'लम्पी' का संक्रमण मनुष्यों में नहीं फैलता

रोग प्रकोप के समय क्या करें
• निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सूचित करें • प्रभावित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग करें • प्रभावित पशु को आश्रय स्थल पर ही आहार-पानी की व्यवस्था करें • प्रभावित पशु का आवागमन प्रतिबंधित करें • पशुओं को सदैव स्वच्छ पानी पिलाएं • प्रभावित पशु के दूध को उबालकर पीयें • मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि से बचाने के लिए कीटनाशक का उपयोग करें • पशुबाड़े, गोशाला, पशु खलिहान में फिनायल/सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करें • बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले पशुपालक को अन्य पशुओं से दूर रखें

रोग प्रकोप के समय क्या न करें
• पशुओं को सामूहिक रूप से चरागाह के लिए न भेजें • पशु मेला एवं प्रदर्शनी में पशुओं को न भेजें • पशु के शव को खुले में न फेकें, वैज्ञानिक विधि से गहरे गड्ढे में दफनाएं • बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न कराएं • प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लाएं • रोगी पशु का दूध बछड़े को न पिलाएं

• सीमावर्ती राज्यों और नेपाल के उत्तर प्रदेश स्थित समस्त बॉर्डर से गोवंश/महिषवंश के प्रवेश पर • समस्त जनपदों में गोवंश/महिषवंश पशुओं के अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जनपदीय परिवहन पर • गोवंश/महिषवंश के पशु मेला, पशु हाट, पशु पैठ पर • प्रभावित जनपदों के गो-आश्रय स्थलों में किसी नए गोवंश के आगमन पर
31 अक्टूबर, 2023 तक पूर्ण प्रतिबंध
उक्त आदेश नगर निकाय, जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, निजी एवं स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित गोआश्रय स्थल/गौशालाओं पर लागू होगा

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें
टोल फ्री नंबर : 1800 180 5141, 0522-2740992, 7307669041
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# खीरी पहुंची राज्यमंत्री, संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उप्र श्रीमती प्रतिभा शुक्ला अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां अफसरो ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। शहर के प्रेसिडेंट पार्क में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर के अवसर पर ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलायें एवं महिला ग्राम प्रधानों के साथ संयुक्त रूप से संवाद कार्यक्रम का राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग तत्परतापूर्वक कार्य करें और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

जो भी बच्चे पढ़ने आये उनको अपने माता-पिता का नाम, पता, फोन नम्बर और शिक्षण देने वाली कार्यकत्री का नाम भी पता होना चाहिये, उन बच्चों को सभी अच्छी ज्ञान वर्धक बाते पता होनी चाहिये, जिससे वह और आगे बढ़े। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पढ़ाने का अच्छा कार्य करेंगी। यहीं सभी से उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि कुपोषित बच्चों पर भी विशेष ध्यान देना होगा कि कौन-कौन सी पौष्टिक वाली चीजे दी जाये, जिससे बच्चे स्वस्थ्य हो जाये।

बच्चों की माता को भी बताना होगा जिनका बच्चा कुपोषित है कि उनको क्या-क्या चीजें खाने को दें जिससे बच्चा कुपोषित से स्वस्थ्य हो जाये। उन्होंने कहा कि जो भी चीजें केन्द्र के माध्यम से आप द्वारा बच्चों को दी जा रही है वह बच्चों को ही खानी है इसी से कुपोषण समाप्त होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में डीपीओ भारत प्रसाद ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

### संवाद कार्यक्रम : मंत्री के समक्ष आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रखी मानदेय बढ़ाने की मांग

मंत्री ने पोषण माह के तहत आंगनबाड़ियों से संवाद किया। उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं से रुबरु हुई। सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही। उन्होंने आंगनबाड़ियों को सरकार से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय बढ़ाने एवं अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत धनराशि दिए जाने की मांग उठाई।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं का हुआ सम्मान, खिले चेहरे

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने उत्कृष्ट कामकाज वाली 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 16 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रतिशत पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 05-05 हजार धनराशि एवं 16 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 2500-2500 धनराशि के प्रोत्साहन चेक प्रदान किया।

### राज्यमंत्री ने दी लाभार्थियों को दी सौगात

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पांच लाभार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने पांच धात्री महिलाओं की पोषाहार किट देकर गोद भराई व पांच नवजात बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार एवं संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत 10 अतिकुपोषित बच्चों को सुपोषण किट प्रदान की।

### संवाद कार्यक्रम में 'श्री अन्न' प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

प्रेसिडेंट पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग की टीम ने श्री अन्न मिलेट्स, स्थानीय खाद्य पदार्थो, ड्राई राशन से बने व्यंजन की प्रदर्शनी का राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अवलोकन किया। आंगनवाड़ी की पाककला को देखकर प्रसन्नता जताई। अवलोकन के दौरान डीपीओ भारत प्रसाद ने प्रदर्शनी के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

## बाढ़ में बह गई पुलिया, गोद में उठाकर बच्चों को पार करा रहे रजबहा

- जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे स्कूल



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई के कटियारी क्षेत्र में बीते दिनों आई बाढ़ ने कई गांवों को जोड़ने वाली रजबहे पर बनी पुलिया को बहा दिया। इसके बाद कई गांवों का संपर्क टूट गया। स्थानीय ग्रामीण और बच्चों को जान जोखिम में डालकर इससे निकलना पड़ रहा है। लोग बच्चों को गोद में उठाकर पानी से रजबहे को पार करा रहे हैं। वहीं जब कोई नहीं होता तो बच्चों को इसमें उतरकर पार करना पड़ता है। अगर यहां के स्थानीय लोगों और बच्चों को किसी दूसरे रास्ते से जाने की सोचे तो वह मार्ग यहां से 12 किलोमीटर की दूरी पर है। इससे ये बच्चे मजबूरी में इसी मार्ग को अपनाते हैं।कटियारी क्षेत्र में बीते दिनों आई बाढ़ से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कभी जलस्तर बढ़ता है तो कभी घटता है। बाढ़ की चपेट में सैकड़ों गांव प्रभावित हुए थे, जिससे ग्रामीणों के घर स्कूल और फसल सब जलमग्न हो गया था।

अब जब नदियों का जलस्तर कुछ कम हुआ तो लोगों की जिंदगी एक बार फिर पटरी पर उतरने लगी। मगर बाढ़ के बाद के मंजर की वजह से अभी भी समस्याएं जैसी की तैसी है। वहीं जिला प्रशासन इन ग्रामीणों व बच्चों की समस्याओं को दरकिनार कर मूकदर्शक बना बैठा है।

# राष्ट्रपति ने किया आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअल शुभारंभ, हुई लाइव स्ट्रीमिंग

अवधनामा ब्यूरो



**लखीमपुर खीरी।** दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भवः अभियान का मा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्चुअली शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल के कांफ्रेंस हॉल में देखा और सुना गया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ शैलेश गोयल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ आईके चांदनी, डॉ एससी श्रीवास्तव के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू आयुष्मान भवः अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है और स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरे मनोयोग से इस अभियान का जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। स्वास्थ्य महकमें के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि यह अभियान, 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलेगा। यह अभियान जन जागरूकता उत्पन्न करने की व्यापक पहल है। यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। प्राचार्य (मेडिकल कॉलेज) डॉ शैलेश गोयल ने बताया कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार, जिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ एवं आम जन मौजूद रहे।


### अधिवक्ताओं का 15 वे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



**बिलग्राम।** तहसील में अधिवक्ताओं ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना के विरोध मे अधिवक्ताओं के कामकाज ठप रखने से अदालतों में मुकदमे अटक गए हैं। वही आज जनपद हरदोई की बिलग्राम तहसील के अधिवक्ताओ ने बार काउंसिल ऑफ यूपी के निर्देशानुसार सभी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में बैठक की तथा बैठक करने के उपरान्त बिलग्राम तहसील परिसर से अधिवक्ताओं ने चाहें जो मजबूरी हो मांगे हमारी पूरी हो तथा अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उपनिबंधक कार्यालय के लिए पैदल ही कूंच किया। उपनिबंधक कार्यालय पहुंचकर अधिवक्ताओं ने रजिस्टार से वार्ता की और पुनः सभी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम बिलग्राम संजीव ओझा को ज्ञापन सौंपा।

# ग्राम्य विकास बैंक के अधिकारियों ने कर्ज वसूली को लेकर किसान को किया प्रताड़ित

- किसान छोटे लाल की हार्ट अटैक से हुई मौत
- अधिकारियों ने सरेआम बेइज्जत भी किया
- सरेआम हुई बेइज्जती से किसान की हुई मौत
- मृतक किसान पूर्व प्रधान भी रहे चुका है।
- गांववालों के विरोध करने पर करीब ढाई घंटे बाद 500 रुपये रिश्वत लेकर छोड़ दिया गया
- कर्ज अदा नहीं करने की दशा में जमीन नीलाम करने की धमकी देकर चले गए



अवधनामा ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में जमालपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान छोटेलाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उन्होंने ग्राम्य विकास बैंक से 60 हजार रुपये कर्ज लिया था, जिसे चुका नहीं पाए थे। आरोप है कि ग्राम्य विकास बैंक के अधिकारियों ने कर्ज वसूली को लेकर उन्हें प्रताड़ित कर सरेआम बेइज्जत किया था। किसान के पुत्र गोपीचंद की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व प्रधान की मौत पर गांव पहुंचे किसान संगठन के नेताओं ने बैं क अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जानकारी के मुताबिक वर्ष 1995 से 2000 तक सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुकेथू के प्रधान रहे गांव जमालपुर निवासी 58 वर्षीय किसान छोटेलाल ने लखीमपुर की ग्राम्य विकास बैंक से वर्ष 2010 में 60 हजार रुपये का कर्ज लिया था। वह आठ बीघा जमीन के जोतकर थे। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वह बैंक का कर्ज नहीं चुका पाए। यह रकम ब्याज सहित बढ़कर तीन लाख रुपये से ऊपर पहुंच गई थी मृतक के पुत्र गोपीचंद में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3:00 बजे ग्राम्य विकास बैंक के अधिकारी कार से आए। उनके पिता छोटेलाल को गाड़ी में बैठाकर लखीमपुर ले जाने लगे। गांववालों के विरोध करने पर करीब ढाई घंटे बाद उन्हें 500 रुपये रिश्वत लेकर छोड़ दिया और कर्ज अदा नहीं करने की दशा में जमीन नीलाम करने की धमकी देकर चले गए। समाज में बेइज्जती होने की वजह से उन्हें गहरा सदमा लगा। रात में हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित, राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने किसान की मौत के लिए बैंक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### विधायक ने स्कूल पहुंच बच्चों से किया सवाल जवाब



**सीतापुर।** पिसावां क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोहरनिया में महोली के विधायक शशांक त्रिवेदी पहुंचे। यहां पर उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों से सवाल जवाब किए। विधायक ने शिक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर शिक्षकों से बात की। नन्हे बच्चों से मन लगाकर पढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि मकसद है कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का माहौल बेहतर हो। उन्होंने अपने सुझाव भी शिक्षकों को दिए। बताते चलें कि विधायक शशांक त्रिवेदी एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंच थे। उनके अचानक पहुंचने से यहां हलचल तेज हो गई।

### आकाशीय बिजली गिरने से फुंके उपकरण



**सीतापुर।** पावर हाउस महामंदापुर पिसावां पर स्थित उपकरणों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इससे कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली गिरने की वजह से इस पावर हाउस से जुडे, सैकड़ों गांवों की बिजली गुल हो गई। तकनीकी सहायक उपकरणों की मरम्मत कार्य में लगे रहे। इस दौरान पावर हाऊस पर बिजली कर्मी मौजूद रहे, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नही है। उपकरण क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पावर हाउस से जुड़े पिसावां, गुरसण्डा व बहादुरनगर फीडर पर विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। जिसके कारण क्षेत्र के पिसावा कस्बा, अल्लीपुर, बिचपरिया, चौकनिया, दौलतियपुर, गुरसण्डा सहित लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा गांवो में बिजली आपूर्ति बाधित रही। दिनभर तकनीकी सहायक क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत आदि कार्यों में लगे रहे। शैलेंद्र पांडेय एसडीओ ने बताया की आकाशीय बिजली गिरने से कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिनको सही कराया जा रहा है। शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

### बरिश से ढहा कच्चा घर

**सीतापुर।** पिसावां थाना इलाके अमरैया गांव निवासी हेमसिंह पुत्र चंद्रभाल का बैल कच्चे मकान में बंधा था। आधी रात के वक्त अचानक दीवार व छत गिर गई। इससे घर में मौजूद बैल की दबकर मृत्यु हो गई। लोगों का कहना है कि हादसा बारिश की वजह से हुआ है।

# आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने नयागांव मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में फ़ीता काटकर किया। कार्यक्रम को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रोहताश कुमार ने भी संबोधित किया। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना सरकार की मंशा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ हुआ। आयुष्मान भवः अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर उनकी जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी जिससे कि वह स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएँगी जैसे - सेवा पखवाड़ा, ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0÷, आयुष्मान सभा, आयुष्यमान ग्राम और आयुष्मान मेला, 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा आयोजित होगा जिसके तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से तहसील, सीएचसी और जिला मुख्यालय पर स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और अंगदान संकल्प का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 17 सितम्बर से ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0÷ के तहत छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान मेले के तहत 17 सितम्बर से अभियान के दौरान हर शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर तथा सीएचसी पर आयुष्मान मेले का आयोजन अलग अलग थीम के साथ होगा। इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाएगा एवं सेवाएं दी जाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को संचारी एवं गैर संचारी रोगों सहित मातृ एवम बाल स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाएगा एवं सेवाएं दी जाएंगी।

# क्रिकेट मैच में शुगर फैक्ट्री की टीम जीती

अवधनामा संवाददाता



**सीतापुर।** एल्पिश ग्लोबल स्कूल के खेल मैदान में जेसीआई एलिट सप्ताह के अंतर्गत आदित्यनाथ सिंह मेमोरियल मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच में सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री व जेसीआई के बीच पहला मैच खेला गया। जेसीआई ने टॉस जीतकर पहले सेक्सरिया शुगर मिल की टीम को बैटिंग करने का अवसर दिया। शुगर फैक्ट्री टीम ने 15 ओवर पर सात विकेट खोकर 212 रन बनाए। जवाब में उतरी जेसीआई की टीम महज 11 ओवर में 76 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसयसे शुगर फैक्ट्री की टीम ने जीत हासिल की। अंपायर मोहम्मद असलम व विशाल कश्यप ने शुगर फैक्ट्री की टीम को विजई घोषित किया। मैन ऑफदि मैच शुगर फैक्ट्री की टीम के नीरज कुमार को घोषित किया गया। उन्होंने 33 बालों पर 102 रनों का रिकॉर्ड बनाया। शुगर मिल के जीएम मटेरियल आदित्य त्यागी द्वारा विजई टीम के कप्तान प्रमोद तोमर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जेसीआई टीम के कप्तान आयुष नाथ सिंह सहित सभी खिलाड़ियों ने विजय टीम को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय पर सुनी जनसमस्यायें, मौके पर कई का निस्तारण

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय पर जन शिकायते सुनी। जिसमें लोगों ने अनेक तरह की समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। कुछ लोगों ने गेहूं में आकाशीय बिजली गिरने से फसल क्षतिग्रस्त होने की, किसी ने पेंशन सम्बंधि, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जमीन मामले सहित अनेक शिकायतें आई। जिलाधिकारी द्वारा कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष और पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। पीड़ितों को जल्द ही पूर्ण गुणवत्ता के साथ समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

### जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय पर सुनी जनसमस्यायें, मौके पर कई का निस्तारण

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय पर जन शिकायते सुनी। जिसमें लोगों ने अनेक तरह की समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। कुछ लोगों ने गेहूं में आकाशीय बिजली गिरने से फसल क्षतिग्रस्त होने की, किसी ने पेंशन सम्बंधि, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जमीन मामले सहित अनेक शिकायतें आई। जिलाधिकारी द्वारा कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष और पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। पीड़ितों को जल्द ही पूर्ण गुणवत्ता के साथ समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

### पदोन्नति पर दी शुभकामनायें



**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में नियुक्त 01 पुलिस उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) को वरिष्ठता के आधार पर पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रमोशन पाने पर उपनिरीक्षक आशीष सिंह के कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

### अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुयी जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस व परिवहन विभाग समन्वय बनाकर कार्य करे। ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होनें कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया जाए। व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सड़कों की मरम्मत के कार्य मे तेजी जाए और फोटो युक्त रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नगर पालिका को सफेद पेण्ट से पट्टियां बनायी जाएं। ब्लैक स्पॉट को लेकर व दुर्घटना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। सड़कों पर संकेतकों की स्थापना सुनिश्चित की जाए। ब्लैक स्पॉट का पुनः सत्यापन कराया जाए। मुख्य सड़कों के किनारे अतिक्रमण के चिन्हीकरण के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हरपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दयालपुर व नाऊपुर के बीच बही पुलिया का कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए।

# रायबरेली में आयुष्मान भवः अभियान का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 'आयुष्मान भव÷ अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में बुधवार को जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला अस्पताल के सीएचओ हॉल में सलोन के विधायक अशोक कुमार ने जनपद में अभियान का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान शुरू किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएँगी और इसको लेकर जनपद की सभी आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को प्रशिक्षण दिया जा चुका है 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा आयोजित होगा जिसके तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से तहसील, सीएचसी और जिला मुख्यालय पर स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और अंगदान संकल्प का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ÷आयुष्मान आपके द्वार 3.0÷ के तहत छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान मेले के तहत 17 सितम्बर से अभियान के दौरान हर शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर तथा सीएचसी पर आयुष्मान मेले का आयोजन अलग अलग थीम के साथ होगा। इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाएगा एवं सेवाएं दी जाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को संचारी एवं गैर संचारी रोगों सहित मातृ एवम बाल स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाएगा एवं सेवाएं दी जाएंगी। आयुष्मान ग्राम/ नगरीय वार्ड के तहत उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा जहां पर पांच साल से अधिक आयु के सर्वाधिक पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनी हो। 30 साल से अधिक आयु के हर व्यक्ति की मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच हुई हो। 1000 की जनसंख्या पर कम से कम 30 संभावित क्षय रोगियों की जांच हुई हो। 85 फीसद क्षय रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज हुआ हो। इसके अलावा दो अक्टूबर को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति व नगरीय स्थानीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. महेंद्र मौर्या, पूजा मिश्रा अपर जिलाधिकारी, चंद्र प्रकाश सिटी मजिस्ट्रेट, पंचायत राज अधिकारी, शरद त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना,सभी सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम प्रबंध राकेश प्रताप सिंह, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक बृजेन्द्र वीसी शुक्ला, जिला अस्पताल मैनेजर डा. भूलनराम, मृणालिनी उपाध्याय, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक् विनय पांडे मौजूद रहे।

# होटल और घरों में चल रहा था देहव्यापार का धंधा, पकड़े गए दो दर्जन युवक-युवतियां

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** बुद्ध नगरी में बेखौफ चल रहे देह व्यापार कारोबार को मीडिया द्वारा लगातार प्रमुखता से उठाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई है। बताया जाता है कि उच्च अधिकारियों द्वारा कुशीनगर में बेखौफ संचालित हो रहे जिस्मफरोशी के

- **कसया के तीन होटल व तीन घरों में पुलिस ने की छापेमारी**
- **बुद्ध नगरी स्थित होटल रिद्धि-सिद्धि, ब्लू हैवन और राजश्री होटल सील**

अनैतिक कारोबार से संबंधित खबरों को गंभीरता से लिए जाने के बाद इन अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन का मुहिम तेज हो गया है।

नतीजतन मंगलवार को एसडीएम व सीओ के अगुवाई में पुलिस ने तीन होटल व तीन निजी मकानों में छापेमारी कर धंधे मे लिप्त तकरीबन एक दर्जन से अधिक युवतियां और नौ युवकों को हिरासत में ले लिया है। प्रशासन ने तीनो होटलों को सील कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद देहव्यापार के कारोबार मे लिप्त धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि बुद्ध नगरी में वर्षो से फलफूल रहे देह व्यापार के अनैतिक कारोबार को मीडिया द्वारा लगातार प्रमुखता उठाया जा रहा था जिसको उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से इन अवैध कारोबारियों के विरुद्ध मुहिम शुरू किया है। इसी कडी में मंगलवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में कसया नगर के जैन बिल्डिंग के समीप व सपहा रोड स्टेट बैक के पास मकानों के अलावा कुशीनगर, नेशनल हाईवे पर स्थित होटल रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवन और राज श्री होटल में छापामारी की गई, जहां तकरीबन दो दर्जन युवक-युवतियां पकड़े गए। बताया जाता है कि होटलों में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। इस दौरान प्रशासन ने होटलों के कागजात भी जांच किए , इसके बाद रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवन और राज श्री होटलों को सील कर दिया। मौके पर अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ो को थाने लेकर चली गई। छापेमारी के दरम्यान कसया एसएचओ डॉ. आशुतोष कुमार तिवारी सहित भारी पुलिस बल और महिला आरक्षी भी शामिल थीं। इस संबंध मे उपजिलाधिकारी कसया योगेश्वर सिंह ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि नगर में देह व्यापार का कारोबार चल रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई है। छापे में तीन घरों और और तीन होटलों से 24 युवक-युवतियां पकड़े गए हैं। इनमें 15 युवतियां और नौ युवक हैं।

**यहां संचालित होता है देह व्यापार का कारोबार :** बता दे कि राष्ट्रीय राजमार्ग-28 के किनारे बसा कुशीनगर व कसया क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक संख्या में छोटे बड़े होटल, ढाबा, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट संचालित होता है जहां बेखौफ देहव्यापार का अनैतिक कारोबार फलफूल रहा है। जगजाहिर है कि कुशीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग - 28 के किनारे हिरनहापुर से गोपालगढ के बीच संचालित अवैध रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और होटल देह व्यापार कारोबार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा कुशीनगर मंदिर एरिया के समीप कुछ होटल एवं कसया नगर के जैन बिल्डिंग व सपहा रोड के स्टेट बैंक के समीप यह अवैध धंधा बेरोक-टोक इस कदर फल फूल रहा है कि स्थानीय लोग भी आजिज आ गए है। मजे की बात यह है कि लगातार मीडिया द्वारा इस अनैतिक व अवैध कारोबार का मामला उठाने व पुलिसिया छापेमारी के बाद भी यह धंधा बंद होने का नाम नही ले रहा है। इसके पीछे वजह यह है कि स्थानीय स्तर पर कुछ खाकी के जिम्मेदार व कुछ तथाकथित पत्रकार इस धंधे से जुड़े कारोबारियों को संरक्षण देकर देह व्यापार के जरिए अपनी काली कमाई की गठरी भरने में लगे है। कहना मुनासिब होगा कि होटल, ढाबा व रेस्टोरेंटो में चल रहे।

इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की गरज से पूर्व में भी यहां के पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी कर देह व्यापार के अनैतिक कारोबारियों पर नकेल कसने का प्रयास किया जाता रहा है। बावजूद इसके बुद्ध नगरी मे देह व्यापार बदस्तूर जारी है।



देहव्यापार का खुलासा करते एसडीएम कसया व सीओ

### धूमिल हो रही है बुद्ध नगरी की छवि

काबिले गौर है कि बुद्ध नगरी कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है। पर्यटन व्यवसाय को ध्यान मे रखते हुए बांए गए तमाम होटल व गेस्ट हाउस लोगो के ठहरने के लिए कम, देहव्यापार के अवैध धंधे के लिए काफी चर्चित हैं। इनकी वजह से अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थली छवि धूमिल हो रही है। मजे की बात तो यह है कि छापेमारी होती, होटल व गेस्ट हाउस सील भी होते है लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर खुल जाते हैं और फिर यह अवैध धंधा ऐसे चलता जैसे इन कारोबारियों को किसी का खौफ नही।

### अनैतिक कारोबार का होता रहा है भंडाफोड़

कहना न होगा कि कुशीनगर के विभिन्न होटलों मे चल रहे जिस्मफरोशी के अनैतिक कारोबार का कई बार भंडाफोड़ हो चुका है। बीते वर्ष 2022 मे 4 नवम्बर को कसया नगर के देवरिया रोड स्थित शुभ शगुन मैरेज हॉल एंड गेस्ट हाउस में चल रहे देह व्यापार कारोबार का पुलिस ने पर्दाफाश किया। छापामारी के दौरान आपत्तिजनक स्थिति मे चार युवतियों के साथ आठ युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 17 आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। गिरफ्तार युवक-युवतियों के खिलाफ एएचटीयू अनैतिक व्यापार निषेध अधिनियम की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मैरेज हाल को सील कर दिया गया है। 23 जून को तहसीलदार द्वारा कुशीनगर स्थित राज गेस्ट हाउस मे छापा मारकर गेस्ट हाउस को सील किया गया था। इसी तरह बीते माह तत्कालीन उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव व सीओ कुन्दन सिंह के अगुवाई में बुद्ध नगरी एनएच - 28 एनके गेस्ट हाउस मे पुलिस ने छापा मारकर एक दर्जन से अधिक युवक-युवतियों को पकड़ा था। इस दौरान गेस्ट हाउस का मालिक मौके से भागने मे सफल रहा। अश्लील गतिविधियों के संचालन के आरोप मे पुलिस ने एनके गेस्ट हाउस को सील कर दिया। 10 सितंबर को कसया तहसीलदार के नेतृत्व में कसया कुशीनगर से संचालित तमाम होटल व गेस्ट हाउस पर छापे मारे गए थे। इनसे से अवैध रूप से संचालित मनोकामना, सूर्या, जीरो रेस्टोरेंट सहित चार को सील किया गया था। इसके बावजूद इन कारोबारियों मे कोई खौफ नही है।

## थाने के कंप्यूटर ऑपरेटर के बैग में निकला सर्प

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाने के कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल के बैग में काला जहरीला सर्प निकलने से थाना परिसर में हा हाकार मच गया। किसी भी पुलिस कर्मी की हिम्मत नहीं पड़ी की बैग में बैठा जहरीला सर्प कैसे निकाला जा सके। सभी की जुबान पर यही बात थी कि यह सर्प बैग से कैसे निकाला जाए। कोई तो यह कह रहा था कि बैग में रस्सी बांधकर बैग को थाने से बाहर फेक दो तो कोई बैग के पास जाने से मना कर रहा था। इतने में दीवान जी जितेंद्र सिंह को गांव खजुरिया निवासी शेर सिंह का ध्यान आया तो उन्होंने फोन कर शेर सिंह को बुलाया और सर्प पकड़ने के लिए कहा।

शेर सिंह ने कड़ी में सकट के बाद काला जहरीला सर्प बैग में से पकड़ लिया। जब इसकी जानकारी थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल को हुई तो उन्होंने थाने के पास खड़ी झाड़ियां को तत्काल कटवाने के निर्देश दिए और दवाई छिड़कवाने के लिए कहा। सभी थाना परिसर में पुलिसकर्मियों को प्रति रविवार को अपने-अपने कमरों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले 24 घंटे में गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** 24 घंटे के अंदर पास्को एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त को बाल अपचारी में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह और क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है। अभियान के तहत एसओजी सर्विस लांस एवं थाना कपिल पुलिस फोर्स द्वारा पास्को से संबंधित एक अभियुक्त व एक बाल अपचारी को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। सूचना मिली कि एक बच्ची का शव ग्राम कटिया से हरकानपुर जाने वाला रास्ता के बराबर में खेत में पड़ा है जिसकी सूचना पर थाना कपिल पुलिस द्वारा तुरंत मौके पर जाकर सब को कब्जे में लेते हुए फील्ड यूनिट ब स्पेशल फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना से संबंधित साक्ष्य संकलन किए गए। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए टीमों का गठन किया गया। दोनों टीमों द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त व साथी बाल अपचारी को घटना के 24 घंटे के अंदर हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है और न्यायालय भेजा जा रहा है। घटना का खुलासा के दौरान पुलिस टीम थाना कंपिल अशोक कुमार थानाध्यक्ष कंपिल पुलिस, बलराज भाटी थानाध्यक्ष, पुलिस बल शमशाबाद, जयप्रकाश शर्मा थाना अध्यक्ष थाना नवाबगंज एसओजी, अमित गंगवार प्रभारी एसओजी, प्रवीन कुमार, अजीत गौतम, रामू यादव, अमरनाथ शर्मा, सर्विस लांस टीम हे का अनुराग, करन कुमार, अन्य सभी पुलिस बल मौजूद रहा।

## जिला बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर हापुड़ जिले में निहत्ते अधिवक्ताओं एवं महिलाओं और अधिकताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया है। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम सदर गजराज सिंह को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है कि पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया था जबकि शासन प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ को अभिलंब स्थानांतरण किया जाने और दोषी पुलिस कर्मियों जिन्होंने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया है। महिलाओं और अधिवक्ताओं को भी पीटने का कार्य किया है उनके ऊपर मुकदमा दर्ज हो, प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़ंत झूठी कहानी बनकर जो मुकदमे दर्ज किए हैं उन्हें वापस और स्पंज किया जाए। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरंत प्रदेश में लागू किया जाए, हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर राजेंद्र यादव एडवोकेट, मनोज कुमार सक्सेना एडवोकेट, मंजू देवी भास्कर, राजीव कुमार, अरविंद कुमार, शिखर सक्सेना, राजेश कुमार अग्निहोत्री, पीयूष दुबे सत्यपाल सिंह, देवेंद्र सिंह यादव अन्य सभी अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## अवैध कब्जा खाली करनें को कहा तो मिली धमकी

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा में जमीनों में अवैध कब्जे की शिकायतें आए दिन आती रहती है जिन का सयम रहते निस्तारण न होने कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न होजाती है शिकायतों पर राजस्व विभाग की हीलाहवाली विवाद उत्पन्न करनें में सहायक होती है ऐसा ही एक मामला 13 सितम्बर को क्षेत्राधिकारी मौदहा के पास आया शिकायत कर्ता दोनों आंख से अन्धा व्यक्ति है तथा उस के साथ उस की बेवा भाभी रेश्मा परवीन नें शिकायती पत्र में लिखा है कि मो मुजीब पुत्र मो0 हसीब निवासी मांदा गदाई नें उन के खेत पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा गुंडागर्दी के बल पर बोरिंग भी करवा ली है कब्जा छोडनें को तैयार नही है पीड़ितों नें आरोप लगाया कि कब्जा खाली करनें को कहते है तो उक्त मुजीब उन के साथ बदतमीजी, गाली गुलोज के साथ साथ गोली मारने की धमकी भी दे रहा है इस बात की शिकायत पीड़ितों नें क्षेत्राधिकारी विवेक यादव से की फरियादियों की बात ध्यान पूर्वक सुन कर न्याय करने की बात कही है।

# डॉ. हरी मोहन पुरवार सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई।** राजस्थान की लब्धप्रतिष्ठित कोटा नगर स्थित हिन्दी को समर्पित संगम अकादमी के द्वारा उरई के इतिहासवेत्ता, पुरातत्व अनुरागी डा0 हरी मोहन पुरवार को राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संगम अकादमी के निदेशक श्री ओम प्रकाश लववंशी ने अपने हस्ताक्षरों से से युक्त सम्मान पत्र संख्या एस ए/2023/1949 डा0 हरी मोहन पुरवार को प्रेषित किया। डा0 हरी मोहन पुरवार को यह राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान, उनके द्वारा हिन्दी में लिखी गई अठारह पुस्तकों के लिये प्रदान किया गया। डा0 पुरवार की सभी पुस्तकें इतिहास तथा बुन्देलखण्ड की मन भावन संस्कृति पर आधारित हैं। ज्ञातव्य हो कि डा0 हरी मोहन पुरवार एक राष्ट्रीय स्तर के मुद्रा संग्राहक हैं। उनके विलक्षण मुद्रा संग्रह हेतु उनके नाम को राष्ट्रीय स्तर की एक मात्र मान्यता प्राप्त लिम्का बुक आफ रिकार्ड्स 2022 में सम्मिलित किया गया है। डा0 हरी मोहन पुरवार के अपने निजी संग्रह में विरासत की दृष्टि से महत्वपूर्ण कई वस्तुओं का अद्भुत संकलन हैं जिनमें से शंख, सीप, कौडी, सरौते, हाथ पंखे, भारतीय सिक्के भारतीय नोट,पीतल तथा मिट्टी के दीपक, प्राचीन लेखन सामग्री, प्राचीन घरेलू उपयोग की वस्तुयें,श्रीगणेश की क्राफ्ट पेन्टिंग्स, श्रीगणेश की विभिन्न प्रकार की मूर्तियां, उनके व्यू कार्ड्स, डाक टिकट, पोस्ट कार्ड्स, व्यू कार्ड्स आदि है।

## कारीगरों द्वारा 55 ट्रेडों में आवेदन कर पंजीकरण कराया गया: सहायक श्रमायुक्त

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के श्रम विभाग द्वारा संचालित किये जाने वाली योजनाओं में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा अनेक ट्रेडों में जनपद के कामगारों को प्रशिक्षण आदि देने को लेकर विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त, 2023 का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पी0एम0 विश्वकर्मा योजना की घोषणा कर देश के परम्परागत 18 ट्रेडो से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों (जैसे-बढ़ई, नाव बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले ताला बनाने वाले, मूर्तिकार / स्टोन कारवर / स्टोन ब्रेकर, स्वर्णकार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी / चटाई / क्वायर बुनने वाले, झाडू बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौना बनाने वाले, नाई, माला बनाने वाले, धोबी, मछली एवं जाल बनाने वाले इत्यादि को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, टूलकिट इंसेंटिव, कोलेट्रेल फ्री ऋण, डिजिटेल भुगतान हेतु प्रोत्साहन एवं विपणन सहायता प्रदान करने का प्राविधान हैं।

## नर्सिंग छात्राओं ने गांव में किया कुकिंग डिमांस्ट्रेशन

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की तरफ से बुधवार को खत्रीपुरा गांव में कुकिंग डिमांस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें जीएनएम और बीएससी की छात्राओं ने ग्रामीणों के समक्ष पोषणयुक्त भोजन बनाने और तैयार भोजन के पोषक तत्वों की जानकारी दी। नर्सिंग छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के संतुलित आहार बनाए और उसमें मिलने वाले आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर आदि के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। तैयार पोषणयुक्त भोजन सभी उम्र के लोगों को परोसा गया। साथ ही उन्हें यह समझाया गया कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन करना बहुत जरूरी है। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा के निर्देशन में आयोजित कुकिंग डिमांस्ट्रेशन में पीआर लीगो, शिंसी, संगीता, सोनी आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# अपनी ही सरकार में भाजपा मंडल अध्यक्ष को नहीं मिल रहा न्याय

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भी भाजपा कार्यकर्ता खुद को सुरक्षित नहीं मान रहा। कार्यकर्ताओं के साथ होने वाली घटनाओं में माननीयों द्वारा संज्ञान न लेने से पुलिस भी ऐसी घटनाओं को हल्के में लेकर उसे निपटा रही है। जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता जा रहा है।

भिटौरा विकास खंड के भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भोला सिंह पर दबंगों द्वारा जान से मारने की नियत से सात अगस्त को हमला किया गया था जिसकी एफआईआर दर्ज होने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। खुलेआम घूम रहे अभियुक्त पर मंडल अध्यक्ष ने सुलह का दबाव बनाने व जान से मारने की नियत से प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित की शिकायत पुलिस ने कोई एक्शन नही लिया। पीड़ित भाजपा मंडल अध्यक्ष की माने तो उसने केंद्रीय राज्यमंत्री व जिलाध्यक्ष को घटना से अवगत कराते हुए पुलिस पर शिथिलता बरतने को बताया था लेकिन उनकी घटना पर कोई सुनवाई नहीं की गई। युवा भाजपा नेता एवं जमरावा वार्ड से जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी से उसने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान व्यथा बताई जिस पर जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पीड़ित भाजपा मंडल अध्यक्ष को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहाँ एसपी से मिलकर पूरी बात बताई। एसपी ने पीड़ित भाजपा नेता को न्याय का मिलने का आश्वासन देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। वही सवाल उठता है कि चुनाव में जी जान से जुटने वाले कार्यकर्ता के साथ घटना होने के बाद माननीयों द्वारा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने वाले अफसरों की शिकायत के बाद भी उनकी सुधि न लेना कहीं न कहीं कार्यकर्ताओं के मनोबल पर बुरा असर डाल रहा है। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के भिटौरा मंडल अध्यक्ष भोला सिंह के साथ सात अगस्त को दबंगो ने मारपीट की थी। जिससे उनके हाथ की हड्डियां टूट गई थी।

## आयुष्मान-भव का हुआ शुभारंभ



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रपति महोदया द्वारा भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना ''आयुष्मान-भव'' के शुभारंभ के सजीव प्रसारण के उपरांत महाराजा तेज सिंह जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में अंगदान करने की शपथ, लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, पोषण किट उपलब्ध करते हुए पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, कुछ समय पूर्व गरीब परिवार का व्यक्ति गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने के परिणाम स्वरूप असमय कल के गाल में समा जाते थे, धनाभाव के कारण उन्हें सही ढंग से इलाज नहीं मिल पाता था, बीमार व्यक्ति के परिजन इलाज कराने के लिए अपनी जमीन बेचते थे, मोटी ब्याज दर पर पैसा उधार लेकर इलाज कराते थे, उधार की रकम चुकाने में पूरी जिंदगी कष्टदायी हो जाती थी लेकिन इस योजना के लागू होने से पूरे देश में कहीं भी गोल्डन कार्ड धारक व्यक्ति को असाध्य बीमारियों में रू. 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र, प्रदेश की सरकार गरीबों की चिंता कर रही है, अधिकांश योजनाओं में समाज के निर्धन, गरीब तबके को ध्यान में रखा गया है, मिशन अंत्योदय के तहत समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाकर उसे भी विकास की मुख्य धारा में शामिल कर सम्मान के साथ जीवन यापन करने का मौका मिला है। विधायक भोगांव ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही समाज, परिवार, प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकता है, समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी देश का सर्वांगीण विकास होगा।

## आयुष्मान भव कार्यक्रम का समारोहपूर्वक लाइव प्रसारण गांवों में देखा गया



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद मुख्यालय का सुदूर अंचलो में आयुष्मान भव कार्यक्रम को लाइव प्रसारण को गांव की आम जनता ने सुना और देखा इस मौके पर ग्राम पंचायत मोहकमपुर जरवा के प्रधान प्रतिनिधि शकील खा द्वारा इस मौके पर ग्राम वासियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रीय ग्रामीण कार्यकर्ताओं सरकारी एवं गैर सरकारी सेवकों द्वारा गांव के पंचायत भवन पर समारोह पूर्वक कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि शकील खा के साथ ही सी0एच0 ओ0 प्रवीण कुमार शिवांगी मिश्रा पंचायत सहायक शेर सिंह राणा केयरटेकर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने राजू साहू



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा युवा मोर्चा का राजू साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर नगरीय विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू जी ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होने संगठन मजबूती का पाठ भी पढ़ाया। उन्होने नवमनोनीत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष को जन जागृति अधिकार यात्रा का सह संयोजक प्रयागराज मंडल का दायित्व भी सौंपा। जन जागृति अधिकार यात्रा लेकर आये प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री राकेश राठौर ने समारोह के बीच शहर के पक्का तालाब निवासी राजू साहू को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए स्वागत किया। नवमनोनीत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें संगठन में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे। इस मौके पर रमाशंकर साहू, विजय लक्ष्मी साहू, राधा साहू, अनीता साहू, बब्ली साहू, दिनेश चंद्र साहू, राजकुमार साहू, जगदीश साहू, रामा साहू भी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने 24 बच्चियों को भेंट की बेबी किट

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला चिकित्सालय में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटकर मां के माध्यम से बेबी किट भेंट कर अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिला अस्पताल में जन्मी 24 बच्चियों को उपहार स्वरूप एक बेबी किट, एक सेट वस्त्र, एक बेबी बेड, एक बेबी बैग, एक सेट खिलौना, एक बेबी कंबल और बच्चियों के माताओं को एक-एक साड़ी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ, सीएमएस पुरुष/महिला, डीपीएम, जिला मलेरिया अधिकारी सहित अन्य चिकित्साकगण सहित बच्चियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# दक्षिण कोरिया के-पॉप कलाकार ओरा और फ्रैंडी ने श्रोताओं का स्वस्थ मनोरंजन कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की पहल, निर्देशन में अमन इंटरनेशनल स्कूल में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच 50 वर्षो के सौहार्दपूर्ण राजनयिक संबंधों के पूरा होने पर भारत-दक्षिण कोरिया की सांस्कृतिक विरासत को साझा करने के उद्देश्य से दक्षिण कोरिया के-पॉप कलाकार ओरा और फ्रैंडी ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ मोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं का स्वस्थ मनोरंजन कराया, कोरियाई कलाकारों ने ''यूपी वाला ठुमका लगाऊं के हीरो जैसे नाच के दिखाऊं'', ''जिम्मी-जिम्मी.., आजा-आजा..'' पर छात्र-छात्राओं के साथ स्टेप साझा कर सभी का मनोरंजन कराया। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि दो देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत से जनपद की छात्र-छात्राओं को देखने, सुनने का अवसर मिला, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विदेशी कलाकारों के साथ अपनी कौशल-क्षमता का प्रदर्शन किया, ऐसे आयोजनों से इन बच्चों के अंदर की झिझक खत्म होगी, आगे चलकर यही बच्चे किसी न किसी क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से जहां एक ओर स्वस्थ मनोरंजन होता है वहीं देश-विदेश के नामचीन कलाकारों को देखने-सुनने के अवसर मिलते है। कार्यक्रम में राजकीय इ.कॉ., राजकीय कन्या इ.कॉ., कु. आर.सी इ.कॉ., गंगा सहाय कन्या इ.कॉ., सुदिति ग्लोबल एकेडेमी, डा. किरण सौजिया सी.सै. स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई इ.कॉ., आकांक्षा ग्लोबल एकेडेमी आदि विद्यायलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर राम नारायण, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, उपयुक्त मनरेगा पी.सी. राम, जिला विद्यालय निरीक्षक सुधीर कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका गुप्ता, जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टम्टा के अलावा पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, रचना पुरी, उदय चौहान, अमित गुप्ता, विकास चौहान, सुमन चौहान, नितिन चौहान, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# चोरी के दो ट्रैक्टरों के साथ छह गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसवा व रामपुर से चुराये गये ट्रैक्टरों व ट्राली को ललौली व थरियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर वाहिदपुर रोड पर बंद ईंट भट्ठे से बरामद करते हुए मौके से छह चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्त जुआं व शराब के लती हैं। जिसमें तीन लोगों के खिलाफपहले से ही कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। फरार दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है।

बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि दो सितंबर व ग्यारह सितंबर की रात्रि ग्राम हसवा व रामपुर से ट्रैक्टर व ट्राली चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। ट्रैक्टर व ट्राली की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें प्रयासरत थीं। मुखबिर की सूचना पर ललौली व थरियांव थाने की संयुक्त टीम ने वाहिदपुर रोड पर बंद ईंट भट्ठे में छापा मारा। जहां से पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर व ट्रालियों को बरामद कर लिया। मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

पकड़े गये चोरों ने अपने नाम करन पासवान पुत्र मातादीन निवासी कृष्णानगर पश्चिमी थाना ललौली, शिव वर्मा पुत्र शिवराम निवासी गोकुलपुर थाना बिंदकी हाल मुकाम 80/07 राधानगर बक्सपुर थाना राधानगर, अजय पटेल पुत्र गंगा प्रसाद निवासी रेल बाजार थाना कोतवाली, राजीव गुप्ता पुत्र स्व. जवाहर लाल गुप्ता निवासी रेल बाजार, अनुज पासवान पुत्र स्व. विकास पासवान निवासी सर्वोदयनगर कस्बा बहुआ थाना ललौली व नितिन सिंह पुत्र नरसिंह निवासी आकिलाबाद थाना ललौली बताया। एसपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर व तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं।

इस मामले में दो अभियुक्त राजेश लोधी पुत्र रामेश्वर निवासी कसरहा का पुरवा मजरे सुलेमाबाद थाना हथगाम व दीपक पुत्र अज्ञात निवासी सुखाई सिमरा थाना थरियांव फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शातिर अपराधी हैं। अभियुक्त राजेश लोधी के विरूद्ध जनपद के अलग-अलग थानों में 19 आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने चोरी का सामान राजेश लोधी को बेंचने की बात स्वीकार की है। थरियांव के हसवा से चोरी ट्रैक्टर ट्राली में से ट्राली गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर अभियुक्त राजेश लोधी के घर से बरामद की गई है।

# सनातन पर गलत बयान बाजी करने वाले नेताओं पर हो एफआईआर

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आज दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश की कई जनपदों में ज्ञापन के साथ आक्रोश व्यक्त किया इस अवसर पर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही दिल्ली प्रदेश प्रभारी बृजभूषण शुक्ला ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को जलाने टिप्पणी करने सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जनमानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अबिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय देवेंद्र कुमार शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत पाठक जिला अध्यक्ष सीतामढ़ी राकेश पांडेय गोपाल मिश्रा घनश्याम तिवारी कमता तिवारी भास्कर दत्त द्विवेदी श्याम जी पांडेय शिव शंकर मिश्रा एडवोकेट रमाशंकर शुक्ल शिवसागर पांडेय प्रमोद कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष कानपुर अशोक कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष कानपुर श्यामसुंदर दुबे नितिन जायसवाल आदर्श कुमार सौरभ मिश्रा शेषमणि दुबे प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश पीआर पांडेय पुजारी शिव शंकर तिवारी राजेश पांडेय राजेश कुमार मिश्रा संजय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर अनीश तिवारी कृष्णमणि दुबे अजय दुबे मनोज दुबे अंबेडकर नगर समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने संध्या सरोवर का किया निरीक्षण



**फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग-अलग व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठ सकेंगे**

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के लोगों को एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों यह सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए शहर के सिविल लाइन स्थित संध्या सरोवर में ही एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के साथ फूड कोर्ट विकसित कराए जाने की योजना पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां बन रहे फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग-अलग व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठ सकेंगे। बुधवार को संध्या सरोवर पहुंचे जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पार्क में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और लैंड स्केपिंग और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट व संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यों को जल्द पूरा करा कर फूड कोर्ट व विभिन्न एडवेंचर्स का शीघ्र संचालन शुरू करा दिया जाए। नितीश कुमार ने पॉर्क में घास की नियमित कटाई करने के साथ नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। एडवेंचर एक्टिविटी जिप लाइन, वर्मा ब्रिज,स्विंग लैडर,वर्मा लूप,कमांडो क्रॉसिंग वाटर एक्टिविटी पैडल बोट कयाकिंग ,जोरबिंग बॉल का लोग आनंद उठा सकेंगें।

# प्रारंभ हुई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नयी योजना एक नया सवेरा

**राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रथम शिविर**

**प्रत्येक विद्यालय में चलाया जाएगा जागरुकता अभियानः श्वेताराज सिंह**



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ किया गया प्रोजेक्ट ÷एक नया सवेरा÷ जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित, न्यायपालिका ने दिया हरी झंडी।राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया प्रथम शिविर शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता की गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। मौके पर डीआइओएस अयोध्या, प्रिन्सिपल जीजीआइसी व सभी अध्यापिकायें और छात्राएं उपस्थित रहीं।प्रोजेक्ट के विषय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि ये पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले स्तर पर प्रारंभ किया गया है, और प्रोजेक्ट के सफल होने के साथ इसको राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रस्तावित किया जाएगा, अभी समय समय पर प्रोजेक्ट में किसी बदलाव की आवश्यकता हुई तो वो भी किया जाएगा।

# डेढ़ हजार कैमरों के साथ शहर को बनाना है सेफसिटी: महापौर

**महापौर व नगरायुक्त ने डाक्टरों, सीए व इंजीनियरों के साथ किया सेफसिटी पर मंथन**

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने आज शहर के चिकित्सकों, सी ए व आर्किटेक्ट के साथ सेफसिटी पर मंथन किया और सेफ सिटी की अवधारणा से अवगत कराते हुए सभी से सहयोग की अपील की। महापौर ने कहा हम शहर में करीब डेढ़ हजार कैमरों के साथ शहर को हर वर्ग के लिए सुरक्षित करना चाहते हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज इंडियन डेंटल एसोसियेशन (आईडीए), इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन (आईएमए) सीए एसोसियेशन व आर्किटेक्ट एसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में सेफ सिटी को लेकर बैठक की। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज व अपर नगरायुक्त राजेश यादव भी मौजूद रहे। महापौर अजय कुमार ने कहा कि बच्चों, महिलाओं, व्यापारियों, चिकित्सकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री की पहल पर महानगर को सेफसिटी बनाने के लिए आईसीसीसी से हम डेढ़ हजार कैमरों को जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शहर की विभिन्न संस्थाओं से इस सम्बंध में लगातार संपर्क किया जा रहा है और सबका सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नर्सिंग होम, कार्यालयों या संस्थाओं के भीतर के कैमरों को हमें नहीं जोड़ना है केवल जो बाहर कैमरे लगे हैं, उन्हीं को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। नगरायुक्त ने उक्त एसोसियेशन के प्रतिनिधियों को बताया कि महानगर में प्रमुख चौराहों, मार्गो व संवेदनशील स्थानों पर स्मार्ट सिटी द्वारा लगभग 900 कैमरे लगाये जा रहे है। लेकिन उसके बावजूद कुछ स्थान ऐसे छूट सकते है जो उन कैमरों की रेंज में नहीं आयेंगे। हमारा लक्ष्य ऐसे डार्क स्पॉट को भी कैमरों के जरिये आईसीसीसी की निगरानी में रखने का है, और यह कार्य तभी संभव है जब शहर के सभी प्रबुद्ध वर्ग तथा विभिन्न एसोसियेशन के सदस्य अपने संस्थानों व प्रतिष्ठानों के बाहर लगे कैमरों को आईसीसीसी से जोड़ने में सहयोग करें। इससे कोई भी अवांछित व्यक्ति किसी भी गली या मार्ग में प्रवेश से लेकर वापिस जाने तक कैमरे की आंख से बच नहीं सकेगा। इससे पूर्व एनईसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक जोशी व आई टी अधिकारी मोहित तलवार ने चिकित्सकों, सी ए व आर्किटेक्ट द्वारा कैमरों व नेट आदि के सम्बंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उक्त एसोसियेशन के सभी प्रतिनिधियों को इससे पूर्व आईसीसीसी सेंटर का भ्रमण कराया गया जहां विवेक जोशी ने आईसीसीसी की कार्यप्रणाली और उसके माध्यम से शहर में कैमरों की निगरानी के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी।

# पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को दिया

अवधनामा संवाददाता

**हापुड़ प्रकरण के विरोध में वकीलों ने भरी हुंकार**

**अयोध्या।** हापुड़ लाठी चार्ज के विरोध फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को दिया इसमें प्रमुख रूप से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने ,दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई है ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र, महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ,उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे ,राजीव कुमार शुक्ला विजय कुमार द्विवेदी ,कृष्ण मोहन सिंह ,सोमनाथ तिवारी ,रघुवंश वर्मा लाल जी गुप्ता ,अखंड यादव ,सुरेंद्र सिंह ,प्रदीप गुप्ता ,उपेंद्र कुमार मिश्रा अनिल अवस्थी सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

इसी तरह हापुड़ प्रकरण के विरोध में बीकापुर में वकीलों ने भरी हुंकार।तहसील परिसर के शाहिद स्मारक पर बैठे धरने पर बीकापुर के वकीलों की चेतावनी देते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष आबाद अहमद खान का बयान कल तक अगर उनकी मांगे न मानी गई तो राज्य सरकार का पुतला फूंक कर अपना बिरोध प्रर्दशन करेंगे तथा वकीलों का बयान रहा कि जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर उग्र अंदोलन करेंगे। सभी पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए मेहनत करता है इसलिए सड़क पर आने पर क्षेत्रिय जन-मानस के साथ होने का विस्वास वकीलों ने व्यक्त किया है। धरने में मुख्य रूप से बार अध्यक्ष आबाद अहमद मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा उमेश पांडे बृजेश यादव बृजेश तिवारी मनोज यादव आलोक सिंह राकेश तिवारी प्रमोद शर्मा अवधराम यादव अरुण मिश्रा पुष्पेन्द्र मिश्रा समेत सैकड़ो अधिवक्ता शाहिद रहे। अक्ष्यक्ष एवं मंत्री के साथ तहसील के अधिवक्ताओं ने मुख्य मंत्री को पांच सूत्रीय माँग पत्र सौप कर चौबीस घंटे में कार्यवाही न होने पर आन्दोलन उग्र करने और गुरुवार को राज्य सरकार का पुतला दहन करने की चेतावनी देते हुए अक्ष्यक्ष आबाद अहमद द्वारा आज के धरने का समापन किया है।

## हिन्दी से हिन्दुस्तान विषय पर विचार गोष्ठी संपन्न

**सहारनपुर।** अमर शहीद मैमोरियल कन्या इंटर कॉलेज में सारंग सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 'हिंदी से हिंदुस्तान है विषय पर' विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मानकमऊ स्थित कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत इलमा पायल ने दोहे सुनाकर करते हुए सभी का मनमोह लिया। राघव की शायरी सुनकर सभी ने जमकर तालियां बजाई। रश्मि व अंशु प्रिया की अंताक्षरी ने सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अफ़ज़ल मलिक, अर्शी, निशांत ने हिंदी दिवस पर कविता पाठ किया। विशिष्ट अतिथि रवि बख्शी ने कहा कि जनता तथा सत्ता दोनों मिलकर जब हिंदी को सच्चे हृदय से अपनाएंगे, तो निश्चित ही हिंदी का विकास तेजी से होगा। वरिष्ठ साहित्यकार रमेश चंद्र छबीला ने कहा कि हिंदी की प्रगति तभी होगी, जब हिंदी भाषी तथा हिंदी के विद्वान हिंदी के प्रति सेवा भाव से काम करेंगे।

## लम्पी वायरस संक्रमण को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**फरेन्दा (महराजगंज)।** स्थानीय पशु चिकित्सालय फरेन्दा में बुधवार को पशुओं में लम्पी वायरस संक्रमण के दृष्टिगत एसडीएम रमेश कुमार वर्तमान स्थिति तथा टीकाकरण कार्यक्रम क़ी विकासखंड वार समीक्षा क़ी गयी। एसडीएम ने बताया कि लम्पी एक वायरस जनित रोग हैं। अत~ कोई पशु संक्रमित पाया जाए तो उसे स्वस्थ पशुओं से तत्काल अलग कर देना चाहिए तथा अपने नज़दीकी पशु सेवा केंद्र पर सूचित कर टीका व अन्य इलाज़ शुरू कर देना चाहिए। समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि विकास खंड फरेंदा में 30 संक्रमित पशुओं में से 23 पशु रिकवर हो चुके हैं जबकि 6 एक्टिव केस अभी भी हैं। अभी तक 1600 गोवंश का टीकाकरण हुआ हैं। वहीं धानी विकास खंड में 14 संक्रमित पशुओं में से 4 एक्टिव केस हैं। वहाँ अभी कुल 350 पशुओं को टीकाकरण किया गया है। बृजमनगंज विकास खंड में 23 में से 7 एक्टिव केस हैं और 1750 टीकाकरण किया जा सका है। सभी उप पशु चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम को संक्रमित पशुओं का डाटाबेस तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया।

# जलस्तर ने बख्शा तब सामने आया तबाही का मंजर

**72 घण्टे बाद बिजली गुल पेयजल के लिये हाहाकार**

अवधनामा संवाददाता





**बाराबंकी।** राहत सिर्फ इतनी कि शहर के मार्ग साफ हुए और जलमग्न मौहल्लों में जलस्तर थोड़ा कम हुआ पर आफत ऐसी की भुलाए न भूले। बेसमेंट की दुकानों में पानी भरने से हुई तबाही के बाद दुकान स्वामी पानी व बर्बाद सामग्री बाहर निकालते दिखे। वहीं पूरी तरह जलमग्न इलाके की दुर्दशा बराबर बनी हुई है। पानी को मचे हाहाकार के साथ ही 72 घण्टे बाद भी पल्हरी पॉवर हाउस से जुड़े उपभोक्ता बिना बिजली के हताश निराश दिखे। दावों के बावजूद बिजली विभाग आमजन को सुचारू बिजली उपलब्ध नही करवा सका। जमुरिया का पानी उफनाने से आई तबाही के असर से शहर व पीड़ित लोग उबर नही सके हैं। मार्गो का पानी तो उतर गया पर अभी भी कुछ स्थानों पर मार्ग पानी से घिरे हैं। बाढ़ के पानी मे पूरी तरह डूबी आबादी आज भी इधर उधर गुजर बसर करने को मजबूर है। उनके घर पूरी तरह पानी मे डूबे हुए हैं। इसी प्रकार गली मार्गो के लबालब होने से अभयनगर, दुर्गापुरी, घोसियाना, नेहरूनग आदि इलाको के वासी जलस्तर कम होने से राहत तो लेते दिखे पर उनकी दुश्वारियों ने पीछा नही छोड़ा है। पेयजल, खाने पीने से लेकर तमाम परेशानियों ने उन्हें घेर रखा है। जलमग्न कोई भी इलाका हो, वहां पानी उतरने के बाद गन्दगी बीमारी व साफ सफाई जैसी समस्याओं का खतरा बन गया है।

**बेसमेंट में बनी दुकानों ने झेला करोड़ो का नुकसान**

गौर करने वाली बात है कि चाहे छाया चौराहा से राजकमल रोड हो या फिर लखन मार्केट या फिर नगर पालिका की बाजार, यहां बनी दुकाने बेसमेंट में होने की वजह से बारिश का पानी भर गया और वही पानी शटर से होकर भीतर पहुंच गया। आलम यह हुआ कि बारिश थमने के बाद जब दुकान स्वामी वहां गए तो भीषण जलभराव और तबाही देखने को मिली। पम्प लगाकर पानी बाहर निकलवाया तब पानी से तबाह करोडों का सामान सड़क पर रखवाया। भारी मन से दुकान संचालक बर्बादी का नजारा देखते रहे।

## दुखी जनमानस का हाल लेने पहुंचे सांसद

दशहराबाग स्थित खलारिया, हजाराबाग व अन्य मोहल्लों में विगत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण अत्याधिक जल भराव हो गया था जिसमे कुछ घरों के लोग बाहर निकलने में कामयाब हो गए थे तथा जो लोग घरों से बाहर नही निकल पाए उन परिवारों से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत नाव से पहुँच कर लोगों का हाल चाल लिया तथा लंच पैकेट, पानी व बच्चों के लिए बिस्किट आदि को वितरित किया। जलमग्न मोहल्ले के लोगों को जब लंच पैकेट मिला तो लोगों ने राहत की सांस ली तथा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत का आभार जताया। इस अवसर पर राजस्व टीम, आलोक वर्मा सभासद सूरज सिंह, बबलू वर्मा, आशुतोष अवस्थी चन्द्रहास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने आज कांग्रेसजनों के साथ नगर के मोहल्ला रफीनगर, घोसियाना, अस्करीनगर, गांधीनगर, सत्यप्रेमी नगर, सिविल लाइन, में कांग्रेसजनों के साथ जाकर भारी जलभराव में फंसी नगर क्षेत्र की आवाम से मिलकर उनकी परेशानी को जाना।

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा योजना का लाभ

**महाराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने नौतनवा विधान सभा मे आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मे शिरकत किया। मंत्री ने सर्वप्रथम लक्ष्मीपुर विकास खंड मे विभिन्न परियोजनाओ का लोकार्पण किया। पैसिया ललाइन, और नौतनवा मे उद्घाटन कार्यक्रम किया। बेलहिया और डगरुपुर गांव मे आयोजित मेरी माटी मेरा देश और जनसंवाद कार्यक्रम मे शिरकत की। केंद्रीय मंत्री ने सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ घर घर जनसंपर्क करके एक मुठ्ठी चावल और एक चुटकी मिट्टी का संयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारत छोड़ो आंदोलन के वर्षगांठ के दिन से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरुआत की। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत काम कर रही है।

# दीपावली तक शत-प्रतिशत सड़कें करें गड्ढामुक्तः बृजेश



अवधनामा संवाददाता

**नव निर्माण एवं सडक गडढामुक्ति अभियान की कराई जाए जिओ टैगिंग**

**सहारनपुर।** लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने अधिकारियों को दीपावली से पहले जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इस वर्ष मानसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना है, इसका ध्यान रखते हुए दीपावली से पूर्व जनपद में अभियान चलाकर सडकों को गड्ढामुक्त करना सुनिश्चित किया जाए।

राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह सर्किट हाउस सभागार में जनपद की सडकों को गडढामुक्त करने एवं अन्य निर्माण कार्यों में तेजी लाने के संबंध में बैठक ले रहे थे। उन्होने कहा कि कार्यो का स्टीमेट 20 सितम्बर तक हर हाल में शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दीपावली से पहले लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की सडकें भी गडढामुक्त की जाएंगी। उन्होने कहा कि इस कार्य हेतु सरकार के पास बजट का कोई अभाव नहीं है। कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसी भी लापरवाही पर जिम्मेदार की जवाबदेही तय करते हुए ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। उन्होने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय समय का 90 प्रतिशत समय फील्ड में देकर सभी कार्यों को अपनी निगरानी में कराना सुनिश्चित करें जिससे समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। गड्ढा मुक्त और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। उन्होने कहा कि उनके द्वारा भी रैंडम दौरा किया जाएगा एवं 15 दिन बाद प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# फर्जी दस्तावेज से मान्यता लेने का आरोप, नोटिस जारी

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** गलत दस्तावेजों के आधार पर करीब चार तीन दशक पहले बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता लेकर विद्यालय संचालित करने वाले विद्यालय को बीएसए ने बंद कराने का आदेश दे दिया है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को नजदीक के परिषदीय या मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रवेश कराते हुए प्रबंधन से स्पष्टीकरण तलब किया है। इससे हड़कंप मचा है।

मामला परतावल ब्लाक के ग्राम परतावल टोला धर्मान्ता का है। यहां पानमती देवी इंटर कालेज के पास पिपराइच मार्ग पर जीजस एंड मैरी नाम से स्कूल संचालित है। विद्यालय को बीएसए कार्यालय से मान्यता मिली है। एक शिकायत के क्रम में तहसीलदार, एसडीएम सदर ने मामले की जांच की। जिसमें विद्यालय का अधिकांश भाग आबादी की जमीन में बना मिला है। इसका परीक्षण जिला शासकीय अधिवक्ता से कराया गया। शासकीय अधिवक्ता ने पाया कि भूखंड गाटा संख्या-660 के भूस्वामी शकील अहमद का स्वामित्व प्रथम दृष्टया देखने से ही भ्रामक व संदेहस्वद व छल पर आधारित प्रतीत होता है। जिससे उनके द्वारा किया गया विक्रयनामा व किराएदारी उचित नहीं है।

उपजिलाधिकारी सदर की आख्या व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) द्वारा उपलब्ध करायी गयी विधिक राय के बाद यह तथ्य प्रकाश में आया कि कूटरचित व फर्जी तरीके से कागजात तैयार कराकर विद्यालय की मान्यता प्राप्त की गयी है। जिसपर बीएसए ने प्रबंधतंत्र को नोटिस जारी कर विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया है। इस विद्यालय में पढ़ रहे बच्चो को नजदीक के परिषदीय विद्यालय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश कराने का निर्देश दिया है। साथ ही आरोपों के संबंध में तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण भी तलब किया है।

## चौकी इंचार्ज पर मारने पीटने का आरोप

**सिंदुरिया(महरजगंज)।** सिंदुरिया थाना अन्तर्गत मिठौरा चौकी प्रभारी पर एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर पैसा लेने और मारने पीटने का आरोप लगाया है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भागाटार निवासी अकबर अली पुत्र समीउल्लाह ने पुलिस अधीक्षक को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत किया कि बीते 11 सितंबर को दिन में हमारे सगे भाई तफज्जुल और उसका बेटा सलाउद्दीन के बीच जमीन को लेकर गाली गलौज व मारपीट हुआ। जिसमें सलाउद्दीन ने तलवार लेकर हमारे घर के सदस्यों को मारने के लिए दौड़ा लिया। उल्लेख किया है कि हमने पुलिस चौकी मिठौरा पर शिकायत पत्र दिया लेकिन चौकी प्रभारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि हमारे भाई की तहरीर पर चौकी प्रभारी ब्रह्मा कुमार उपाध्याय ने दस हजार रूपये घूस लेकर हमको और हमारे पुत्र अरमान को मारा पीटा गया और एक पक्षी कार्यवाही की गयी।

# गमगीन महौल में निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

**मसौली बाराबंकी।** सफर के आखिरी बुधवार को कस्बा रामपुर मे होने वाले चेहल्लुम का जुलुस अक़ीदत एव गमगीन महौल मे निकाला गया या हुसैन या हुसैन की सदाओ से इलाका गमगीन हो गया भारी जलभराव के बावजूद भी हुसैन के अक़ीदतमंदो का भारी हुजूम रहा। पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा के नवासे हज़रत इमाम हुसैन एव उनके 72 साथियों की शहादत की याद मे मनाया जाने वाला चेहल्लुम अक़ीदत के साथ मनाया गया ताजियो के जुलुस को गमगीन महौल मे निकाल कर देर शाम क़र्बला मे दफन किया गया। बताते चले कि कस्बा रामपुर मे सफर के आखिर मंगलवार को हजरत इमाम हुसैन एवं उनके 72 साथियो की शाहदत की याद मे जगह जगह ताजिये रखे गये बुधवार को ताजिया का निकाला गया जुलुस देर रात्रि खत्म हुआ तथा सुबह निकाला गया जुलुस गाव के निर्धारित मार्गो से घूमता हुआ देर शाम खत्म हुआ इस



दौरान स्थानीय एव दूर दराज से आयी अंजुमनो द्वारा नौहेखवानी की गयी तथा या हुसैन या हुसैन की सदाओ से महौल गमगीन हो गया। जुलुस के दौरान जगह जगह खाद्य सामग्री का वितरण अक़ीदतमंद द्वारा किया गया। कस्बा रामपुर की विभिन्न चौक सहित चौकों जुलुस गांव के निर्धारित मार्गो से निकाला गया। इस दौरान हाजी मतलूब अंसारी, मोहम्मद आदिल, आसिफ, उसमान, मोहम्मद अहमद बदरु नूर आलम सहित लोग मौजूद थे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी नितीक्षक सफदरगंज ब्रजेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ डटे रहे।

## वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में हुआ प्रदर्शन, कांग्रेस ने दिया समर्थन

**बाराबंकी।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में आज वकीलों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद दिए गए ज्ञापन में सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विगत दिनो उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड में अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओ पर हुये बर्बर लाठीचार्ज की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी दोषी पुलिसकर्मियो की गिरफ्तारी न होने के कारण न्याय के लिये अधिवक्ताओ को स्वयं संघर्ष करना पड रहा है ओर प्रदेशभर के अधिवक्ता हडताल पर है। अधिवक्ताओं का उक्त आन्दोलन पूर्णतया सही है दोषीजनो को तत्काल गिरफ्तारी हो बाराबंकी कांग्रेस कमेटी (विधि विभाग) अधिवक्ताओ की हडताल का पूर्ण समर्थन करता है। उक्त आशय का समर्थन पत्र आज जिला कांग्रेस कमेटी (विधि विभाग) के अध्यक्ष कमलेश चन्द्र शर्मा ने अधिवक्ताओ के साथ जिला बार एशोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह को सौपकर इस संघर्ष में हरकदम साथ देने का विश्वास दिलाया।

**उत्तर रेलवे**

G20

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 10.10.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 010902023 दिनांक 12.09.2023 |
| **कार्य का नाम :** 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–द्वित्य और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर रायबरैली और सहायक मंडल इंजीनियर प्रथम लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में गति को 110 किमी प्रति घंटे से 130 से 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम या समान और अद्यतन स्केल मैप का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण का कार्य। | |
| 2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ अधिकार क्षेत्र में गति को 110 किमी प्रति घंटे से 130 से 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम या समान और अपडेट स्केल मैप का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण का कार्य। | |
| 3. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य के अधीन टीआरटी मशीन द्वारा सीटीआर(पी)= 5.548 किलोमीटर, मैन्युअल रूप से टीआरआर(पी) = 7.786 किलोमीटर और टीएफआर=60.50 किलोमीटर का कार्य | |
| अनुमानित लागत रू. | 1. 1,51,66,901.25 2. 1,37,51,323.80 3. 2,55,50403.42 |
| धरोहर राशि | 1. 2,25,800.00 2. 2,18,800.00 3. 2,77,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह 2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह 3. स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह |
| निविदा डालने का प्रांरभ : 26.09.2023, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 10.10.2023 15.00 बजे, **बेवसाईट : www.ireps.gov.in** | |
| निविदा : संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। | |

2817/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आयुष्मान भवः कार्यक्रम का राष्ट्रपति द्वारा वर्चुअल शुभारंभ




- सांसद, विधायक एवं अधिकारियों की मौजूदगी में देखा गया लाइव प्रसारण
- कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाना, हम सबका दायित्व- सांस

**अवधनामा संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा वर्चुअल किया गया। जिसका लाइव प्रसारण सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीके0 अग्रवाल, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ एके0 झा की उपस्थिति में मेडिकल कालेज हाल में वर्चुअल दिखाया गया। आयुष्मान भवः कार्यक्रम शुभारम्भ के अवसर पर सीएमओ द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेट किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। यह कार्यक्रम आज सभी सी.एच.सी. एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरो पर लाइव दिखाया जा रहा है। हम लोगो को दायित्व है कि इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करे। कल तक आप लोगो को मुख्यालय पर इलाज के लिए आना पड़ता था लेकिन आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत मेडिकल कालेज के डाक्टर इस मेले में सभी सी.सच.सी. एवं हेल्थ एण्ड बेलनेस सेन्टरो पर आकर इलाज करेगे। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारम्भ होने से स्वास्थ्य सुविधाओ में सुधार होगा। लोगो को स्थानीय स्तर पर अच्छी सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि हम लोगो ने अभी तक अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा। जिसके अन्तर्गत आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। आयुष्मान भवः मेले का आयोजन प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओ और सेवाओ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम/वार्ड स्तर पर बीएचएसएससी/नगरीय स्थानीय निकास के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा। टी.वी. से ग्रसित रोगियो को गोद लेने वाले संस्था (नि0 क्षय मित्र) को साफमोमेन्टो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत घर घर जाकर भाजपाईयों ने ली मिट्टी



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज क्षेत्र अंतर्गत बहेरिया में बुधवार को मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत घर घर जाकर भाजपाईयों ने मिट्टी संकलित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष व डुमरियागंज? मंडल प्रभारी राम कुमार कुंवर, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी समेत अन्य भाजपाईयों ने भ्रमण कर लोगों को अभियान का महत्व बताया। साथ ही इस वीर सपूतों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि %मेरा माटी मेरा देश% एक विशेष अभियान है, जो पूरे देश को देशभक्ति के भावों से भर देगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक धार्मिक संगठनों के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाए। मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी व प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया है। यह हम सब का सौभाग्य है कि आजादी के अमृत कल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। इस दौरान अमरनाथ पाण्डेय, अजय अग्रहरी, शिव पूजन, विजयपाल मौर्य, प्रभू नाथ, विरेन्द्र दूबे, शिव कुमार पाण्डेय, रामानंद वर्मा, झिनकू वर्मा, महेश, जुग्गीलाल, कैलाश, रक्षाराम, प्रदीप पाण्डेय, मनोज, उर्मिला, मधू गौड़, पृथ्वीपाल आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बन रहे कोविड भवन का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने खेसरहा सीएचसी परिसर में में बन रहे 50 बेड के कोविड वार्ड भवन का निरीक्षण बुधवार को किया। निरीक्षण में काफी खामी पाए जाने पर जिलाधिकारी को आख्या भेज दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसराहा में बन रहे 50 बेड के कोविद वार्ड का निर्माणाधीन भवन का जांच एस डी एम ने किया।भवन निर्माण में दोयम दर्जे का इट का प्रयोग करते पाया गया। उन्होंने गुणवत्ता में सुधार का निर्देश देते हुए गुणवत्ता में खामी पाए जाने की आख्या जिलाधिकारी को सौंप दिया है। गौरतलब बात यह है कि इस बिल्डिंग के बगल में 20 बेड के बने कोविद वार्ड को 3 महीने पूर्व ही हैण्ड ओवर किया गया है।इस भवन कीछत हल्के बरसात में टपकने लगी है।इसकी आख्या एस डी एम प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी को भेज दिया है।

## श्रीविंध्याचल ठाकुराई वर्ल्ड स्कूल में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता** पकड़ी सिद्धार्थनगर। श्री विंध्याचल ठाकुराई वर्ल्ड स्कूल पकड़ी में बुधवार को विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप ठकुराई के निर्देशन में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। चिकित्सा शिविर में उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर मानवेंद्र पाल, डॉक्टर अब्दुल वहाब, दीप नारायण पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, मोश जैकी व सतीष मिश्रा ने छात्र/ छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की तथा बच्चों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ओम पांडेय ने बच्चों को जागरूक किया तथा हमेशा स्वास्थ को लेकर सचेत रहने की बात कही। इस दौरान कल्याणी, अंजली, स्तुति, ममता, इरशाद, स्नेहा संस्कृति, रोशनी, सत्येंद्र मानी आदि सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

## बीएसए बदायूं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्राशिसं ने सौंपा ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जुटकर बदायूं की बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी ज्ञापन में बताया गया है कि बदायूं की बीएसए ने शिक्षक दिवस को द्वेषपूर्ण भावना से वहां के जिलाध्यक्ष को निलंबित कर दिया। इससे पूरे प्रदेश के शिक्षक उद्वेलित हैं। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि एक सप्ताह में जिलाध्यक्ष बदायूं के निलंबन को समाप्त करके बीएसए बदायूं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो 20 सितंबर को प्रदेश भर से शिक्षक बदायूं में जुटकर आंदोलन करेंगे। बर्डपुर ब्लाक अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र ने कहा कि बीएसए बदायूं ने द्वेषपूर्ण रवैया दिखाया है। शिक्षक दिवस के दिन जहां सरकार शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे वहीं बदायूं बीएसए ने शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाया। अंत में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका चौधरी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान रूपेश सिंह, लालजी यादव, इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्र, अरुण सिंह, सत्येंद्र मिश्र ,हरिशंकर सिंह, राम प्रताप शर्मा, करुणेश मौर्य, सुधेन्दुधर, राकेश सिंह, रामशंकर पांडेय, सुशील सिंह आदि मौजूद रहे।

## बहत्तर ऐ खुदा वालो सलाम ऐ कर्बला वालो

- अंजुमन गुलदस्तए हैदरी व मोमनीन हल्लौर की जानिब से निकला 72 ताबूत का जुलूस





**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर में बुधवार को हज़रत इमाम हुसैन अस व कर्बला के बहत्तर शहीदों की याद में हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन गुलदस्तए हैदरी बैगनवाणी मुंबई व मोमनीन हल्लौर के तत्वावधान में मर्सिया मजलिस के बाद बहत्तर शहीदों के शबीहे ताबूत का जुलूस बरामद हुआ। जिसकी ज़ियारत के लिए अक़ीदतमंदो का सैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर करीब तीन बजे उपनगर के मध्य स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी से अंजुमन गुलदस्तए हैदरी बैगनवाणी मुंबई व मोमनीन हल्लौर की जानिब से बहत्तर शहीदों का शबीहे ताबूत एक एक करके निकाला गया। जिसे 288 बच्चों व नवयुवकों ने अपने कंधे पर उठा रखा था। ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने इमामबारगाह से निकल रहे ताबूत किसके है और उनकी शहादत कैसे हुई पूरी मंज़र कसी कर लोगों को बता रहे थे। 72 ताबूत के जुलूस मे इमाम हुसैन अस के घोड़े की शबीह के तौर पर जुलजनाह को शामिल किया गया। इसके अलावा जुलूस मे मौला अब्बास अस का अलम, जनाबे अली अकबर का ताबूत और जनाबे अली असग़र अ स के झूले के शबीहे ताबूत निकाला गया जिसका लोगो ने भरपूर बोसा लिया और ज़ियारत की। मजलिस सुन और ताबूत देख रही हर आंखों से आंसू छलक पड़े। मजलिस से पूर्व माहताब हैदर ने तिलावते कलाम पाक व खुर्शीद आरके व हमनवां ने मर्सियख्वानी की। अंत में नौहा मातम के साथ 72 ताबूत का जुलूस मोमनीन हल्लौर के ज़ेरे निगरानी में कर्बला पहुँचकर समाप्त हुआ। जुलुस के बाद मकतब इमामिया में बहत्तर ताबूतों को ख्वातीनों की ज़ियारत के लिए रख दिया गया। जहाँ ख्वातीन देर रात तक कसीर तादाद में इन ताबूतों की ज़ियारत कर फूलमाला चढ़ाते हुए बोसा लिया। हर साल 26 सफर को बड़े इमाम बाड़े से निकाले जाने वाले 72 शोहदाये कर्बला के ताबूत के जुलुस में उपनगर के अलावा तिलगड़िया, टड़वा, हटवा, पिपरा, जमौतिया, वासा, नव्वागांव, रामभारी, बस्ती, उतरौला आदि स्थानों से भी बड़ी तादाद में हुसैनी अकीदतमंदों ने शिरकत कर कर्बला में शहीद की याद में नौहा मातम कर उन्हे खिराजे अकीदत पेश की। बाहर से आने वालों के लिए अहलिया डॉ0 नायाब हैदर की जानिब से भोजन की व्यवस्था की गई थी जहाँ लोगों ने भरपूर प्रसाद ग्रहण किया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता बस्ती।** गांधी जयन्ती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि देने के लिए जिलाधिकारी अंद्रे वामसी ने जनपदवासियों से अपील किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गांधी जयंती तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने कार्य एवं आचरण से जनपद की छवि बनाने में सहयोग करें तथा ऐसा कोई कार्य या आपत्तिजनक टिप्पणी न करें जो सोशल मीडिया में वायरल हो और जनपद की छवि को प्रभावित करे। उन्होंने कहा कि गांधी जयन्ती के दिन जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उसमें पूर्ण सहभागिता करें, अपने परिसर को साफ-सुथरा रखें तथा गांधी जी के विचारों एवं सिद्धान्तों को पूरी सत्यनिष्ठा से अपनायें। बैठक का संचालन करते हुए एडीएम कमलेश चन्द्र ने बताया कि 2 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से प्रभातफेरी, फिट इंडिया रन तथा 8 बजे सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा, गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा सत्यनिष्ठा का संकल्प लिया जायेगा। प्रातः 9 बजे से शहर के विभिन्न चौराहों पर स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जायेगा। विभिन्न संस्थाओं में वृक्षारोपण किया जायेगा। प्रातः 9 बजे पैदल चाल का आयोजन, मलिन बस्तियों में सफाई कार्यक्रम, जिला कारागार में खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, 11 बजे टीबी अस्पताल में रोगियों में फल वितरण, अपरान्ह 1 बजे कुष्ठ आश्रम हथियागढ़ में फल वितरण तथा 4 बजे वृद्धाश्रम बनकटा में फल वितरण किया जायेगा। बैठक में विधायक दूधराम, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीएमओ डा0 आर0पी0 मिश्रा, डीडीओ निर्मल द्विवेदी, उप निदेशक कृषि अनिल कुमार, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भव कार्यक्रम के द्वारा फिता काटकर किया गया सुभारम्भ




**अवधनामा संवाददाता**

लोटन सिद्धार्थनगर। भारत सरकार द्वारा निर्धारित युनिवर्सल हेल्थ कबरेज लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय मे विभिन्न स्वास्थ्य सेवा के बारे मे जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन अधीक्षक डा0संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष दृगनरायन सिंह के द्वारा उद्घाटन किया गया। सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आप के द्वारा, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, स्वच्छ भारत, अंगदान शपथ के बारे मे विस्तार से बताया गया,जिसमे लोटन खण्ड विकास अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। और इस दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन सम्बोधन में सरकार द्वारा सारी स्वास्थ्य सुविधाओ को हर घर तक पहुचाने को कहा गया।राष्ट्रपति महोदया का संबोधन भी सुना गया। इस दौरान बी सी पी एम रमाकांत चतुर्वेदी, डा0अमित कुमार चौधरी,डा0मनीष जयसवाल,डा0डी के राय,फार्माशिष्ठ महेंद्र मिश्रा, फार्माशिष्ठ सत्य प्रकाश चौधरी, डा0शंकर वर्मा, सुधीर कुमार, अजीज अहमद, रमा सिंह, भाजपा नेता उमेश सिंह आदि मौजूद रहे। आयुष्मान भव के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के बारे मे ग्राम पंचायत करुआवल मे भी ग्रामीणों को किया गया जागरुक। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि निसार अहमद, सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्य संध्या आज

**अवधनामा संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। हिंदी दिवस के अवसर पर जनपद में नवस्थापित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम के तत्वावधान में 14 सितंबर को शाम छह बजे से साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा ने दी। बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार होंगे। जबकि परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी मनरेगा रविशंकर पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव करेंगे। कार्यक्रम में संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी होगा।

## टांडा विधानसभा पहुँची साइकिल यात्रा का हुआ लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**टाण्डा (अम्बेडकरनगर)।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्टीय अध्यक्ष माननीय अभिषेक यादव जी 35 दिनों से लगातार साइकिल यात्रा कर जब मुबारकपुर कस्बे में पहुंचे तो उनका स्वागत फूल मालाओं से लाद कर गर्म जोशी के साथ किया गया। नगर क्षेत्र टाण्डा के मोहल्ला मुबारकपुर में चुंगी घर तिराहे के पास मंगलवार को शाम 7 बजे समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्टीय अध्यक्ष माननीय अभिषेक यादव जी का स्वागत क्षेत्रीय नेता अब्दुल माबूद एडवोकेट जिलासचिव व जोनल प्रभारी के नेतृत्व में फूल मालाओं से लाद कर किया गया ।इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में श्री अभिषेक यादव जी ने ÷देश बचाओ- देश बनाओ÷अभियान के तहत पूरी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में त्राहि त्राहि मची हुई है बेरोजगारी, व अन्य समस्याओं की बाढ़ आ गयी है अब जनता आगामी सत्र 2024 में लोक सभा के चुनाव में सत्ता परिवर्तन करने जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों से समाजवादी पार्टी को वोट करने की अपील करते हुए श्री अभिषेक यादव जी अपने साइकिल यात्रा को लेकर जनता के बीच मे अलख जगाने के लिए आगे निकल पड़े।

## आज शाम मौलाना कल्बे जव्वाद करेगे मजलिस को खिताब

**अवधनामा संवाददाता डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 के सालाना अशरे की सातवीं मजलिस को लखनऊ के मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी संबोधित करेंगे। यह जानकारी अंजुमन के सदर डॉ वज़ाहत हुसैन रिज़वी व सिकरेट्री काज़िम रज़ा ने देते हुए तमाम अहलेवतन के साथ साथ अक़ीदत मंदो से गुरुवार 14 सितंबर शाम 8 बजे अधिक से अधिक संख्या में हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में पहुँचने की गुजारिश की है।

## 14 सितम्बर को होगा वार्षिक जुलूस

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** आगामी 14 सितंबर की रात्रि में अंजुमन हुसैनिया रजिस्टर के बैनर तले जाफराबाद स्थित इमाम बारगाह हाजी शहादत हुसैन मरहूम में इमाम -ए-मसमूम का वार्षिक जुलूस मौलाना मेहदी हसन वाइज की मजलिस के बाद निकलेगा। मजलिस के बाद ताबूत हज़रत रसूले खुदा, इमाम-ए-हसन,अलम,जुलजनाह की जियारत कराई जाएगी।पूरी रात्रि चलने वाले कार्यक्रम में मौलाना मीसम रज़ा जाहिदी व मौलाना अली अब्बास तकरीर करेंगे। जुलूस में अंजुमन गुलशन-ए-इस्लाम मित्तूपुर, अंजुमन जाफरिया मित्तूपुर, अब्बासिया मकसूदनचक, अंजुमन सिपाह-ए-हुसैनी समेत तहसील क्षेत्र की दर्जनों अंजुमने नौहा ख्वानी व सीनाजनी करेंगी। जुलूस का समापन दोपहर में मौलाना जाफर रज़ा जौहरी की तकरीर के साथ बड़ा इमामबाड़ा में होगा। उक्त जानकारी अंजुमन के मोहम्मद जाफर व अहसन रज़ा मीसम ने दी है।

## राष्ट्रपति की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान योजना की हुई शुरुआत




**जलालपुर।** अम्बेडकरनगर।आम जन तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भव योजना की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालपुर में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की वीडियो कांफ्रेंसिंग का सजीव प्रसारण देखकर की गई। नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ जयप्रकाश ने बताया कि यह एक राष्ट्रयापी पहल है जिसका मकसद हर गांव और कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर आयुष्मान मेले लगेंगे और हेल्थ चेकअप किए जाएंगे इसके अलावा कई प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य अभियान के माध्यम से भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं।इस मौके पर डॉ.अमित कुमार यादव,डॉ संजीव कुमार,राजन माथुर, आशुतोष मिश्र,कमलेश यादव,अनुरोध मिश्रा एवम् मनोज यादव के साथ साथ पूरा स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत रोशन सोनकर,विकास निषाद समेत भाजपाइयों की मौजूदगी में चिकित्सक द्वारा टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत क्षय रोगियों को फल मेवा दाल इत्यादि का वितरण किया किया गया।

## डीएम ने की टीकाकरण अभियान की शुरुआत

**अम्बेडकरनगर।** सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 टीकाकरण के द्वितीय चरण का शुभारम्भ 11 सितम्बर को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रा0स्वा0के0 शहजादपुर अम्बेडकर नगर में बच्चों को पोलियो एवं विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 12 जानलेवा बीमारियों यथा-(टीवी, पोलियो, डायरिया, निमोनिया, काली खांसी, गला घोटू, हेपेटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, व दिमागी बुखार, टिटनेस और हीमोफिलिस इन्फल्यूंजा ) से बचाव हेतु सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0, टीकाकरण का द्वितीय चरण दिनाक 11 सितंबर 2023 से 16 सितंबर 2023 तक संचालित किया जा रहा है।सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण के दौरान जनपद के शून्य से 05 वर्ष तक के कुल 328898 बच्चों को सभी टीकाओं से आच्छादित किया जाना है। इस अवसर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेन्द्र झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 रामानन्द सिद्धार्थ, डा0 पी0के0 बादल नोडल अधिकारी रा0 शहरी मिशन, आरती यादव डी0एम0सी0, डा0 आशू सिंह एस0एम0ओ0, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

## बसों को विधायक ने दिखायी हरी झंडी

- बढ़नी से गोरखपुर व प्रयागराज आने जाने में क्षेत्रवासियों सहित नेपाली नागरिकों को भी होगी सुविधा




**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद के विधानसभा 302 शोहरत गढ़ के विधायक विनय वर्मा के अथक प्रयास से उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने दो बसों को संचालित करने की योजना बनाई है।जिसका शुभारंभ बुद्धवार की सुबह नगर पंचायत बढ़नी मालगोदाम तिराहा से मुख्यातिथि विनय वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें एक रोडवेज साधारण बस जो रोजाना सुबह 6बजे बढ़नी से चलकर ढेबरुआ, शोहरतगढ़, सिद्धार्थ नगर होते हुए दोपहर तक गोरखपुर पहुंचने के बाद शाम तक वापस बढ़नी आयेगी। वहीं दूसरी,ष्ट जनरथ बस जो सुबह 6 बजे बढ़नी से चलकर ढेबरुआ, इटवा, डुमरियागंज, बस्ती होते हुए प्रयागराज शाम तक पहुंचने के बाद सुबह तक बढ़नी वापस आयेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराने पर जल्द ही नगर पंचायत बढ़नी में रोडवेज बस स्टेशन बनाने का कार्य शुरू हो जायेगा।हमारे विधानसभा क्षेत्र के जनता-जनार्दन के हित में हमारे पहल के बाद माननीय मंत्री श्री दयाशंकर सिंह द्वारा विभाग को निर्देशित करने के पश्चात आज प्रयागराज के लिए जनरथ बस सेवा व गोरखपुर के लिए साधारण बस सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। विधिवत पूजा-पाठ के साथ ही चालक-सहचालक का उत्साहवर्धन करते हुए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है ,जो जनहित में लाभकारी है ।इस सुविधा हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय परिवहन मंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समस्त लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूं। हमें उम्मीद है कि जनता-जनार्दन की अपेक्षा व आकांक्षा के अनुरुप यह सेवा क्षेत्र में आवागमन व परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं उपयोगी सिद्ध होगी। **कार्यक्रम का संचालन विनीत कमलापुरी ने किया** इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कैलाश राम , वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी अशरफ, वरिष्ठ लिपिक दिनेश चन्द्र मिश्र , सहायक कोषाध्यक्ष अष्टभुजा पाण्डेय, कार्यालय सहायक द्वितीय रामकुमार यादव, बुकिंग लिपिक राकेश कुमार, सहायक विद्युतकर आरजू हैदर, परिचालक ओम प्रकाश यादव, परिचालक विनोद मिश्रा, परिचालक अभिनव सिंह, परिचालक अजय यादव, चालक राघवेंद्र यादव, चालक रामकेश, चालक राजदेव वर्मा, चालक जाकिर हुसैन, सुरक्षा गार्ड अंगद, चालक चन्दन कुमार जी, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, मंडल महामंत्री राधेश्याम तिवारी, रामदास मौर्या, प्रदीप कमलापुरी, विवेक गुप्ता, संजय मित्तल, मनोज सोनी, दुर्गेश पांडे, संजय केडिया, आकाश गुप्ता, धनंजय श्रीवास्तव, दिलीप वरुण शोहरतगढ़ न.प. अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पूर्व सप्लाई इंस्पेक्टर विजय जायसवाल, अमरनाथ सोनी, पवन जायसवाल, पवन यादव, अर्जुन यादव,शंभू नाथ त्रिपाठी, राजन श्रीवास्तव, मनोहर प्रसाद , प्रदीप कुमार उपाध्याय, रवि शुक्ल, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की उपस्थित रही।

## पांच की ही सुरक्षा परिषद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आकार और 'वीटो' एकाधिकार आज भी वही है, जो करीब आठ दशक पहले था। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 के मंच से एक बार फिर इसके सुधारों और विस्तार का मुद्दा उठाया था। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सरीखे विश्व-नेताओं ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। पैरवी और आग्रह भी किए गए हैं। यह समर्थन बीते कुछ वर्षों के दौरान निरंतर रहा है, लेकिन चीन भारत की सदस्यता के खिलाफ आक्रामक रहा है। चीन भूलता रहा है कि वह सुरक्षा परिषद में 'वीटो' अधिकार वाला स्थायी सदस्य है, तो भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 'कृपा' अथवा ऐतिहासिक गलती के कारण है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतेरेस भी जी-20 सम्मेलन के दौरान उपस्थित थे, लेकिन उन्होंने बदलती विश्व-व्यवस्था के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में सुधारों और विस्तार की बात नहीं की। 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया गया था, ताकि देशों के बीच आपसी शांति, स्थिरता और सह-अस्तित्व का स्थायी भाव बरकरार रहे और युद्ध को नेपथ्य में धकेला जा सके। तब से लेकर आज तक कमोबेश सुरक्षा परिषद के पांच वीटोधारी देशों-अमरीका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन-में न तो कोई सुधार किया गया है और न ही यह संख्या बढ़ाई जा सकी है। अलबत्ता 1965 में इतना विस्तार जरूर किया गया कि गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या 10 कर दी गई। वे बारी-बारी से सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य बनाए जा सकते हैं।

भारत भी इन देशों में शामिल है। रूस को सोवियत संघ के विघटन के बाद उसकी जगह स्थायी सदस्यता, वीटो समेत, दी गई। बहरहाल स्थायी सदस्य अपने 'वीटो' का दुरुपयोग भी करते रहे हैं। भारत के संदर्भ में चीन 'अड़ंगेबाज' बना रहा है, क्योंकि वह अमरीका और भारत के आतंकवाद-विरोधी प्रस्तावों पर 'वीटो' कर मसूद अजहर सरीखे खूंखार आतंकियों और इनसानियत के कातिलों को बचाता रहा है। इस तरह चीन अपने 'कर्जदार दोस्त' पाकिस्तान की किरकिरी से उसे बचाता रहा है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में सुधारों को पारित करना ही टेढ़ी खीर है। सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन के लिए दो-तिहाई सदस्य-देश संशोधन के पक्ष में वोट करें। अनिवार्य यह है कि इस प्रक्रिया में सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी, वीटोधारी सदस्यों की उपस्थिति भी जरूरी है। उनके बिना कोई भी संशोधन और प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में पारित नहीं किया जा सकता। बीते कुछ सालों में सुधारों के पैरोकार देशों की मांग बुलंद हुई है। इस समूह में भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान शामिल हैं। समूह को 'जी-4' का नाम दिया गया है।

जापान, जर्मनी, भारत तो विश्व की सबसे बड़ी तीसरी, चौथी और 5वीं अर्थव्यवस्थाएं हैं। उनकी स्थायी भागीदारी को सुरक्षा परिषद में कैसे रोका जाता रहा है? आम सहमति के लिए इन देशों के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी देशों-पाकिस्तान, इटली, अर्जेन्टीना और दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी संघ-की आवाज भी मिलाई गई है। हालांकि जी-4 के देश सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के पक्षधर हैं, जबकि आम सहमति के लिए जुड़े देश चाहते हैं कि गैर-स्थायी सदस्यों की सीटें बढ़ाई जाएं। अफ्रीकी संघ चाहता है कि दो अफ्रीकी सीटें स्थायी रखी जाएं और उन्हें 'वीटो' अधिकार भी दिया जाए। चीन समूचा खेल बिगाड़ता रहा है, क्योंकि वह पाकिस्तान, इटली वाले 'आम सहमति के लिए जुड़े' देशों के साथ है। चीन भारत और जापान को स्थायी सदस्य बनाए जाने के खिलाफ है। बहरहाल सुरक्षा परिषद को मौजूदा हालात और विश्व-व्यवस्था में प्रासंगिक बने रहना है, तो सुधारों और विस्तार की पहल करनी ही पड़ेगी। इस मसले पर गुटबाजी नहीं होनी चाहिए।

## विदेशों में बसे भारतीय परिवार घरों में तो हिंदी में ही बोलते हैं

आज हिंदी दिवस है। हिंदी भाषी अपने-अपने स्तर से हिंदी को बढ़ाने और बचाए रखने में लगे हैं। विदेशों में काम करने वाले भारतीय परिवार अपने घर में हिंदी को जिंदा रखे हैं। भले ही उनकी कामकाज और घर से बाहर की बोलचाल की भाषा अंग्रेजी हो किंतु घर में तो हिंदी में ही बातचीत होती है।


अशोक मधुप

तीन बार छह- छह माह के लिए मैं अमेरिका में बड़े बेटे अंशुल के पास रहा। अंशुल यहां पिछले लगभग 15 साल से रह रहा है।यहां अमेरिका में पैदा हुई अंशु और उसकी पत्नी शिल्पी के पास तीन बेटियां हैं। ऐसे ही लाखों भारतीय परिवार अमेरिका बसे हैं। यहां बसे इन भारतीय परिवार की कामकाज की भाषा अंग्रेजी है। घर से बाहर की भाषा अंग्रेजी है। बाजार की भाषा अंग्रेजी है। बच्चों के स्कूल की भाषा अंग्रेजी है, इसके बावजूद इनके घर की भाषा हिंदी है।ये खुद घर में हिंदी बोलते हैं,बच्चों को हिंदी बुलवाते भी हैं। उन्हें हिंदी सिखाते हैं।इनमें से अधिकतर बच्चे हिंदी पढ़ नही पाते। कुछ परिवार जरूर बच्चों को घर पर हिंदी पढ़ा रहे हैं।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों की दोस्ती प्रायः अपने ही भारतीयों से हैं। यहां बसे अंग्रेज और अफ्रिकी लोगों से इनके आफिशियल या व्यवयायिक रिश्ते हैं। जन्मदिन की पार्टी या शादी की वर्षगांठ के अवसर पर ये आपस के सर्किल के भारतीय परिवार ही मिलते हैं। मिलते हैं तो आपस में हिंदी में ही बात करते हैं।

पंजाबी, बंगाली या मराठी मूल के परिवार तो घर में पंजाबी, बंगाली या मराठी में आपस में बात करते हैं किंतु ये भारतीय परिवार जब आपस में मिलते हैं तो हिंदी में ही ज्यादा बोलते और बात करते हैं। अमेरिका ही नही,दुनिया में जहां-जहां भारतीय हैं, उनके परिवार की घर की बोलचाल की भाषा हिंदी ही है। त्यौहार पर भारतीय परिधान शान से पहले जाते हैं। युवक कुर्ता -पायजामा और युवतियां साड़ी पहनती हैं। यहां मंदिर हैं। भारतीय हिंदू परिवार मंदिर जाते हैं। मंदिर ये लोग ज्यादातर भारतीय परिधान कुर्ता -पायजामा महिलाएं साड़ी या भारतीय सूट पहनकर जाना पसंद करती हैं।

मंदिर की बोलचाल की भाषा भी प्रायः हिंदी ही है। मंदिर के पुजारी विद्वान हैं। उनका संस्कृत का तो उच्चारण तो बढ़िया है ही, हिंदी भी बढ़िया बोलते हैं। तबियत खराब होने पर पिछली बार अंशुल ने मुझे अमेरिका में डाक्टर का दिखाया। अंशुल ने मेरी परेशानी अंग्रेजी में डाक्टर को बता रहा था। इसके बावजूद डाक्टर से अपनी कंपनी के हिंदी अंग्रेजी ट्रांसलेटर को स्पीकर आन कर फोन पर लिया। ट्रंसलेटर उनकी बात सुन मुझे हिंदी में बताता। मेरे उत्तर को अंग्रेजी में अनुवाद कर डाक्टर को। पूरी तरह से मेरी जानकारी से संतुष्ठ होने पर ही डाक्टर ने मुझे दवा दी।

दुबई तो लगता ही हिंदीभाषियों का देश है। वहां चाहे भारतीय हो, बंगलादेशी हो या पाकिस्तानी सब हिंदी बोलते मिलेंगे। उनकी बोलचाल से नही लगता कि वे भारतीय नही हैं। उनके बताने से पता चलता है कि वे पाकिस्तानी हैं या बंगला देशी। भारत में दक्षिण में हिंदी भाषियों के साथ समस्या आ सकती है। यहां के लोग जानकर हिंदी नही बोलते, किंतु दुबई में ऐसा नही है। यहीं हालत नेपाल में भी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय शासन के एजेंडे को अपहृत कर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अब तक के गंभीरतम संकटों से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं।

# भारत ने जी-20 को आर्थिक सहयोग का 'प्रमुख मंच' स्थापित किया

**लक्ष्मी पुरी**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत की अध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जाएगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई।

भारत की कूटनीतिक व सर्वसम्मति निर्माण कौशल और सबसे अधिक आबादी वाले एवं युवाओं की संख्या के मामले में सबसे समृद्ध तथा सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे अधिक विविधतापूर्ण लोकतांत्रिक देश की हैसियत ने इस 'जनता के जी20' में इसकी अध्यक्षता को एक विशेष गरिमा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी।

यह परिधि से निकलकर वैश्विक आर्थिक निर्णय-प्रक्रिया के केन्द्र में पहुंचने की भारत की यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी सामाजिक न्याय की विशाल परियोजनाएं ग्लोबल साउथ के देशों में प्रतिकृति और विस्तार की दृष्टि से मानक बनती हैं। तीव्र आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और सभी के लिए मानवीय प्रतिक्रिया से लैस वैश्विक सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने के विकसित एवं विकासशील देशों के इस सबसे शक्तिशाली समूह को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारियों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का समावेशी एवं मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण जी20 की भारत की सफल अध्यक्षता की पहचान बन गया।

एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय शासन के एजेंडे को अपहृत कर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अब तक के गंभीरतम संकटों से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं। इन संकटों में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण से लेकर कोविड-19 से उपजे व्यापक सामाजिक-आर्थिक विनाश, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, भोजन, उर्वरक, ईंधन एवं वित्तीय संकट और आपूर्ति श्रृंखला की असुरक्षा शामिल है, जो ग्लोबल साउथ के देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह सब एक ऐसे समय में हो रहा है जब संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संस्थान संयुक्त राष्ट्र महासचिव



गुटिरेज के शब्दों में भारी शिथिलता के शिकार हो गए हैं।

18वें जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षिणी दुनिया के देशों से किए गए प्रधानमंत्री मोदी के वादे आपकी आवाज भारत की आवाज है, आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं - को प्रभावशाली और ठोस तरीके से निभाया गया है। भारत ने 54 देशों वाले अफ्रीकी संघ - दूसरे सबसे बड़े संसाधन संपन्न महाद्वीप, जहां 1.466 बिलियन लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए जूझ रहे हैं - को जी20 में शामिल करके वैश्विक शासन की समावेशिता एवं लोकतंत्रीकरण की राह में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जी-20 की अध्यक्षता के लिए भारत की सभी सात विषयगत प्राथमिकताओं का जहां तक प्रश्न है, इसने वास्तव में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख और निर्णायक परिणाम दिए हैं। इन परिणामों में एसडीजी को हासिल करने की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाना तथा जी20 कार्ययोजना एवं उच्चस्तरीय सिद्धांतों को लागू करना; वित्तपोषण के मामले में व्याप्त अंतर को पाटने तथा यूएनएसजी के एसडीजी संबंधी प्रोत्साहन का समर्थन करने हेतु सभी स्रोतों से किफायती, पर्याप्त एवं सुलभ वित्तपोषण जुटाना, जी20 रोडमैप के अनुरूप स्थायी वित्त को बढ़ाना, खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित दक्कन उच्चस्तरीय सिद्धांतों के अनुरूप वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, खाद्यान्नों एवं उर्वरकों की कीमतों में व्याप्त अस्थिरता से निपटना और आईएफएडी संसाधनों को बढ़ाना शामिल है। 'एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जी20 ने सहयोग का एक व्यापक पैकेज अपनाया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी से जुड़ी तैयारियों एवं निगरानी प्रणालियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सहयोग को वित्तपोषित करना शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पेरिस प्रतिबद्धताओं को लागू करने के मजबूत संकल्प के साथ ठोस हरित विकास समझौता थी। प्रधानमंत्री मोदी के लाइफ मिशन को सतत विकास के लिए जीवनशैली से संबंधित जी20 के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में रूपांतरित कर दिया गया।

इसने हरित जलवायु कोष (ग्रीन क्लाइमेट फंड) की महत्वाकांक्षी दूसरी पुनःपूर्ति और निजी वित्त और जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास, साझाकरण, तैनाती और वित्तपोषण और बहुवर्षीय तकनीकी सहायता योजना (टीएएपी) कार्यान्वयन पर मजबूत प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इसने अपने एनडीसी को लागू करने के लिए 2030 से पहले ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत और अकेले स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत को रेखांकित किया। इसने विभिन्न पक्षों से 100 बिलियन की पेरिस प्रतिबद्धता को लागू करने और एक महत्वाकांक्षी, पता लगाने योग्य एवं पारदर्शी नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) को निर्धारित करने का आह्वान किया। न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में, ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के उच्चस्तरीय सिद्धांतों द्वारा संचालित ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर शुभारंभ किया गया। जी20 ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के शुभारंभ के लिए भी संदर्भ प्रदान किया। प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में, इसने जी20 2023 वित्तीय समावेशन कार्य योजना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रणालियों के लिए जी20 फ्रेमवर्क और एक वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित रिपॉजिटरी के निर्माण व रखरखाव की भारत की योजना का समर्थन किया। कम आय वाले देशों में डीपीआई के लिए क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और वित्त पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया गया। क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए एक साझा एफएसबी एवं एसएसबी कार्ययोजना तथा एक व्यापक एवं समन्वित नीतियों एवं नियामक ढांचे के लिए एक रोडमैप निर्धारित किया गया।

# हिन्दी है भारत के मस्तिष्क का तिलक

हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी लगातार होती रही है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है।

राजभाषा कही जाने वाली हिंदी भाषा अपने ही देश में घोर उपेक्षा की शिकार है, बावजूद आज दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई है। विश्व भाषा बनने की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। यूएई के 'हम एफ-एम' सहित अनेक देश हिंदी कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें बीबीसी, जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एनएचके वर्ल्ड और चीन के चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अमेरिका में 32 विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी पढ़ाई जाती है। ब्रिटेन की लंदन यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज और यॉर्क यूनिवर्सिटी में हिंदी पढ़ाई जाती है। जर्मनी के 15 शिक्षण संस्थानों ने हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन को अपनाया है। इस तरह हिन्दी में विश्व भाषा बनने की समस्त अर्हताएं एवं विशेषताएं समायी हुई है। हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्ट्रीय जगत छिपाये हुए हैं। आर्य, द्रविड, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी विश्वमैत्री एवं वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करोड़ लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस समृद्ध एवं वैश्विक गरिमा वाली भाषा का हिन्दी दिवस प्रत्येक 14 सितबंर को मनाया जाता है।


ललित गर्ग

विश्व में प्रतिष्ठा पा रही हिन्दी की हमारे देश में दिन-प्रतिदिन उपेक्षा होती जा रही है, हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब हिन्दी हमारे अपने ही देश में विलुप्तता के कगार पर पहुंच जायेगी। जबकि हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के साथ-साथ इसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिये ठोस कदम उठाये जाने की अपेक्षा है। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिये एक ऐसी महत्वपूर्ण भाषा बन जाये, जिसकी उपेक्षा न देश में और न दुनिया में हो सके। यह तभी संभव है जब हमारी मानसिकता बदले, हम हिन्दी को बोलते हुए गर्व का अनुभव करें एवं स्वयं के देश में हिन्दी को प्रतिष्ठापित करें, सम्मान करें। आचार्य विनोबा भावे ने सही कहा कि हिंदी को गंगा नहीं बल्कि समुद्र बनना होगा। भारत अपनी विविध आबादी को एकजुट करने और विभिन्न क्षेत्रों में संचार के साधन प्रदान करने में हिंदी की भूमिका को स्वीकार करता है। यह भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इसके अलावा, हिंदी दिवस लोगों को हिंदी भाषा सीखने और उसकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उनकी भाषाई विरासत पर गर्व की भावना पैदा होती है। यह हिंदी साहित्य, कला और संस्कृति




को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का सबसे पहले विचार महात्मा गांधी ने वर्ष 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में किया था। इसके अलावा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे पहले नेता थे जिन्होंने 1977 में इंटरनेशनल ऑडियंस को हिंदी में संबोधित किया था। वह आज तक मिसाल के तौर पर याद किया जाता है।

हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी लगातार होती रही है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलना चाहिए।

देश-विदेश में हिन्दी को जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया किया है। अब विश्व भर की वेबसाइट हिंदी को भी तवज्जो दे रही हैं। ईमेल, ईकॉमर्स, ईबुक, इंटरनेट, एसएमएस एवं वेब जगत में हिंदी को बड़ी सहजता से पाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आइबीएम तथा ओरेकल जैसी कंपनियां अत्यंत व्यापक बाजार और भारी मुनाफे को देखते हुए हिंदी प्रयोग को बढावा दे रही हैं। एक अध्ययन के मुताबिक हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 फीसद तक बढ़ी है। हर पांच में एक व्यक्ति हिंदी में इंटरनेट प्रयोग करता है। फेसबुक, ट्विटर और वाट्स एप में हिंदी में लिख सकते हैं। इसके लिए गूगल हिंदी इनपुट, लिपिक डॉट इन, जैसे अनेक सॉफ्टवेयर और स्मार्टफोन एप्लीकेशन मौजूद हैं। हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद भी संभव है। हिन्दी की उपेक्षा पर महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' आजादी के अमृतकाल में हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान दिलाना ही होगा। गतदिनों पूर्व उपराष्टपति वैंकय्या नायडू ने हिन्दी के बारे में ऐसी ही बात कही थी, जिसे कहने की हिम्मत महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया में ही थी। उन्होंने कहा कि 'अंग्रेजी एक भयंकर बीमारी है, जिसे अंग्रेज छोड़ गए हैं।'' आजादी के 76 साल बाद भी सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं, यह देश के लिये दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है। वैंकय्या नायडू का हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुड़े हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है।

राष्ट्रभाषा को प्रतिष्ठापित करने एवं सांस्कृतिक सुरक्षा के लिये अनेक विशिष्ट व्यक्तियों ने व्यापक प्रयत्न किये। सुमित्रानन्दन पंत, महादेवी वर्मा और आगरा के सांसद सेठ गोविन्ददासजी ने अंग्रेजी के विरोध में अपनी पद्मभूषण की उपाधि केन्द्र सरकार को वापिस लौटा दी। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा?

# भारत शब्द प्रयोग करने में कैसा विरोध

इंडिया शब्द की उत्पत्ति कब, कहां और कैसे हुई इसका भी इतिहास खंगाला जा रहा है। लेकिन संविधान सभा में जिन लोगों ने भारत के साथ इंडिया नाम रखे जाने का विरोध किया था उनमें स्व.हरि विष्णु कामथ और स्व. सेठ गोविंद दास जैसे लोग थे जिनकी प्रतिभा और देशभक्ति पर शंका नहीं की जा सकती। बहस और विवाद तो हिन्दू शब्द पर भी होते हैं। जिसके बारे में दावा है विदेशी चूंकि स को ह उच्चारित करते थे इसलिए सिंधु नदी के इस पार वाले क्षेत्र को हिंदुस्तान नाम दे दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से राष्ट्रप्रमुखों को जी-20 समिट का आमंत्रण भेजा गया है। इसमें 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल किया गया है। निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट आफ भारत लिखे जाने पर वे विपक्षी दल काफी नाराज हैं जिन्होंने हाल ही में भाजपा विरोधी एक गठबंधन बनाया है जिसका अंग्रेजी नाम संक्षिप्त में इंडिया है। वहीं इस निमंत्रण के सार्वजनिक होने के बाद से राजनीतिक दलों ही नहीं देशभर में बहस छिड़ गई है कि क्या केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार इंडिया हटाकर देश का नाम सिर्फ 'भारत' कर सकती है। कुछ समय पहले ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि लोगों को 'इंडिया' के बजाय 'भारत' ही कहना चाहिए। वहीं, कयास लगाए जा रहे हैं कि देश का नाम बदलने के लिए संसद के विषेष सत्र में विधेयक लाया जा सकता है। इतिहास की किताबों में खोजें तो भारत का सबसे पुराना नाम आर्यवर्त माना जाता है। इसके अलावा भारतवर्ष, जम्बूद्वीप, भारतखंड, हिंदुस्तान, हिंद, अल-हिंद, ग्यागर, फग्युल, तियानझू, होडू, इंडिया जैसे नाम भी रहे हैं। भारतीय संविधान में भी 'इंडिया दैट इज भारत' लिखा है। प्रश्न ये उठता है कि देश का सबसे प्रचलित नाम भारत कैसे पड़ा? आमतौर पर देश का नाम भारत पड़ने के पीछे महाभारत के आदिपर्व में आई एक कथा को माना जाता है। कथा के मुताबिक, महर्षि विश्वामित्र और अप्सरा मेनका की बेटी शकुन्तला तथा पुरुवंशी राजा दुष्यन्त का गांधर्व विवाह हुआ था। इन दोनों के बेटे का नाम भरत था। ऋषि कण्व ने आशीर्वाद दिया कि भरत भविष्य में चक्रवर्ती सम्राट बनेंगे. फिर उनके नाम पर ही इस भूभाग का नाम भारत होगा।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

विपक्षी गठबंधन इंडिया के अनुसार सरकार चूंकि इस नाम से डर गई है लिहाजा संविधान में प्रयुक्त देश के अंग्रेजी नाम इंडिया की जगह उक्त निमंत्रण पत्र में भारत शब्द का इस्तेमाल किया गया जबकि अभी तक अंग्रेजी के किसी भी सरकारी दस्तावेज में इंडिया ही लिखा जाता रहा। ये प्रचार भी शुरू कर दिया गया कि 18 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में संविधान के प्रारंभ में देश का नाम इंडिया जो कि भारत है ,को बदल दिया जाएगा। और ये तिथि इसलिए चुनी गई क्योंकि संविधान सभा में भी इसी तारीख को इंडिया और भारत नाम रखे जाने पर बहस हुई थी। वास्तव में, विशेष सत्र की घोषणा ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। स्वाभाविक तौर पर ये जानने की उत्सुकता हुई कि उसके पीछे का उद्देश्य क्या है? उम्मीद है जी-20 समाप्त होने के बाद सरकार इस बारे में स्थिति स्पष्ट करेगी। विपक्ष इसलिए भी परेशान क्योंकि लोकसभा चुनाव के कुछ महीने पहले विशेष सत्र बुलाने के पीछे प्रधानमंत्री का चुनावी पैंतरा हो सकता है। इंडिया शब्द की उत्पत्ति कब, कहां और कैसे हुई इसका भी इतिहास खंगाला जा रहा



है। लेकिन संविधान सभा में जिन लोगों ने भारत के साथ इंडिया नाम रखे जाने का विरोध किया था उनमें स्व.हरि विष्णु कामथ और स्व. सेठ गोविंद दास जैसे लोग थे जिनकी प्रतिभा और देशभक्ति पर शंका नहीं की जा सकती। बहस और विवाद तो हिन्दू शब्द पर भी होते हैं। जिसके बारे में दावा है विदेशी चूंकि स को ह उच्चारित करते थे इसलिए सिंधु नदी के इस पार वाले क्षेत्र को हिंदुस्तान नाम दे दिया। कुछ लोग वेदों में हिमालय से समुद्र के बीच के क्षेत्र को भारत कहे जाने वाले श्लोक को बतौर प्रमाण पेश करते हैं। जैन दर्शन के साथ ही दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर देश का नाम भारत रखे जाने की बात भी उठ रही है। और भी अनेक संदर्भ सामने लाए जा रहे हैं। इन सबको विमर्श में शामिल किए जाने में कुछ भी बुराई नहीं है क्योंकि नई पीढ़ी इसके माध्यम से बहुत सारी वे बातें जान सकेगी जिनसे अन्यथा वह अनजान रहती। सातवीं शताब्दी में प्राचीन यूनान के लोगों को फारसियों के जरिए हिंद की जानकारी मिली. बाद में यूनानियों ने भारत को 'इंडस' और 'इंडिका' कहना शुरू कर दिया. यूनानी शासक सिकंदर ने जब भारत पर आक्रमण किया, तब इसकी पहचान 'इंडिया' के तौर पर हो चुकी थी. इतिहासकारों का कहना है कि 16वीं शताब्दी तक हिंदुस्तान और भारत नाम सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाते थे. जब अंग्रेज भारत आए तो उन्होंने सरकारी दस्तावेजों से लेकर पत्राचार में हिंदुस्तान या भारत के बजाय इंडिया का इस्तेमाल शुरू कर दिया. ब्रिटिश शासकों की गुलामी और फिर दासता से आजादी के बाद आज तक भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया ही इस्तेमाल किया जाता है।

वैसे, जो लोग राष्ट्रपति द्वारा अंग्रेजी में छपे निमंत्रण पर प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर छाती पीट रहे हैं उसकी असली वजह रास्वसंघ प्रमुख डा. मोहन भागवत द्वारा दो-तीन दिन पहले इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किए जाने की अपील थी। संघ के घोषित उद्देश्यों में भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना भी है। ये महज संयोग है या सुनियोजित, ये कहना तो कठिन है लेकिन भारत शब्द के उपयोग पर आसमान सिर पर उठा लेने का औचित्य समझ से परे है। यदि मान लें कि मोदी सरकार संविधान में इंडिया हटाकर केवल भारत रखने की सोच रही है तो इसमें बुराई क्या है? सही बात तो ये है कि संविधान में भारत के साथ इंडिया नाम रखा जाना किसी भी दृष्टि से उचित अथवा आवश्यक नहीं था। आजादी के आंदोलन में भी हिंदुस्तान और भारत जैसे शब्द ही उपयोग होते थे। ऐसे में संविधान में इंडिया को भारत पर प्रमुखता देना अंग्रजों को खुश करने के लिए किया गया लगता है। रही बात संविधान में बदलाव की तो उसमें न जाने कितने संशोधन किए जा चुके हैं। यहां तक कि उसकी प्रस्तावना में भी आपातकाल लगाए जाने के बाद 1976 में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ा गया। सवाल उठता है कि जवाहर लाल नेहरू जैसे धर्म निरपेक्षता के पैरोकार ने उस समय उसकी जरूरत नहीं समझी जबकि देश को आजादी सांप्रदायिक हिंसा के बीच प्राप्त हुई थी। और भी सवाल हैं जिन पर आजादी के 75 वर्षों बाद भी चर्चा नहीं हुई तो इतिहास के अनेक अध्याय बिना खुले ही रह जायेंगे।

जिन लोगों को इंडिया की जगह भारत के उपयोग पर ऐतराज हो रहा है उनको ये नहीं भूलना चाहिए कि जिस तरह हिंदुस्तान नाम को विदेशियों द्वारा दिए जाने से किनारे कर दिया गया उसी तरह इंडिया से भी मुक्ति पा लेनी चाहिए। 15 अगस्त पर लाल किले से पंडित नेहरू द्वारा जय भारत की जगह जय हिंद का नारा लगवाया गया जिसे बतौर परंपरा हर प्रधानमंत्री निभाता आया है। ऐसे में यदि राष्ट्रपति ने इंडिया की जगह भारत का उपयोग किया तो उसे सहज भाव से लेना चाहिए। ध्यान रहे जिस प्रकार राष्ट्रगान में लिखे भारत भाग्य विधाता का अनुवाद नहीं किया जा सकता, वैसे ही देश का नाम केवल भारत होना चाहिए। और बिना संशोधन किए भी इंडिया की जगह भारत का प्रयोग किया जावे तो इसमें बुरा क्या होगा?

# विकास की गति में पिछड़े प्रदेश के 100 विकासखंडों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे

**लखनऊ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिलो के सीडीओ के साथ विकास कार्यों को लेकर लखनऊ के योजना भवन में की समीक्षा बैठक। इस दौरान राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और ग्राम विकास विभाग के सभी उच्चाधिकारी रहे मौजूद। प्रदेश के अंदर जो विकास कर चल रहे है उसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

डिप्टी सीएम ने अपने समीक्षा बैठक के दौरान कहा, सरकार की योजनाएं गरीबों तक और गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया जाए। वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने बताया, प्रदेश में 826 विकासखंड हैं द्व प्रदेश के 100 विकासखंड है जो विकास की गति से पीछे छूट गए थे। उनको सरकार के मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया गया हैं। इसको लेकर 4 सितंबर को यूपी के सभी



■ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सीडीओ संग की समीक्षा

बीडीओ के साथ सम्मेलन किया था और अब स्मार्ट सिटी के साथ स्मार्ट विलेज के लिए पर हम लोग काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि हर शुक्रवार को एक विकास खंड में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता हैं। मैं अधिकारी को बधाई देता हूं जिन्होंने चौपाल को आगे बढ़ने का काम किया और ढाई लाख समस्याओं का निस्तारण करने का काम किया है। हमने सभी से कहां है कि लगभग यूपी की 25 लाख समस्याओं को समाधान करने का काम करें। बैठक में कहां है कि श्रम शक्ति का सदुपयोग करना चाहिए क्योंकि श्रम शक्ति हमारे पास बढ़ी हैं। इनको और भी अधिक बढ़ावा दिया जाए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की सभी 59000 ग्राम सभाओ में सोलर लाइट लगाने का निदेश दिया गया हैं।

### प्रदेश की 75 नदियों को करें पुनर्जीवित

जिलों में मुख्य विकास अधिकारी 60 विभागों का मुखिया होता है द्व सीडीओ कार्यालय में दो व्यक्ति लगाए जाएंगे जो लोगों की समस्याओं लिखकर देने का काम करेंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की 75 नदियों को पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा हैं। जिस तरह से वरुण नदी विलुप्त होती जा रही है उसको पुनर्जीवित करने का काम भी किया जा रहा हैं। देश के पैरामीटर में 45 ऐसे काम है जिसमें उत्तर प्रदेश अव्वल नंबर पर हैं। इसके साथ ही जो माफिया सरकारी जमीन पर कब्जा किए बैठे हैं उन पर शक्ति से कार्रवाई की जाए। अगर किसी गरीब ने सरकारी जमीन पर कोई निर्माण कराया है तो सबसे पहले वैकल्पिक व्यवस्था कराकर उन्हें शिफ्ट किया जाए।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने शरीर के अंगों का किया दान



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने आयुष्मान भवः कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रेरणा से अपने शरीर के सभी आवश्यक अंगों के दान देने की शपथ ली। उन्होंने बुधवार को मुजफ्फरनगर के जिला चिकित्सालय में अपने शरीर के अंगों को दान करने की सहमति देते हुए प्रमाण पत्र हासिल किया।

# कृषि क्षेत्र में व्यापक प्रसार हुआ : शाही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पीएम कुसुम योजना को लेकर आज लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस की। बताया कि प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था के लिए पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत कुल 22514 सोलर पम्प की स्थापना कराया गया। इस वर्ष 30000 सोलर पम्प स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 46.20 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रबी की फसल में चना, मटर, मसूर की खेती को भी सरकार बढ़ावा देगी।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लेकर कृषि मंत्री ने बताया की इस योजना के लिए 114.23 करोड़ रुपए की धनराशि की उपलब्धता प्रथम किस्त के रूप में कराई गई है। कृषि क्षेत्र में धनराशि 63.87 करोड़ करना था जिसके सापेक्ष 14.88 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त दी गई है। वही उद्यान क्षेत्र के लिए प्रस्तावित धनराशि 309.23 करोड़ रूपये दी जिसके सापेक्ष 28.01 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। और



वही गन्ना क्षेत्र में प्रस्तावित धनराशि 1000 करोड़ रुपए के सापेक्ष 05.00 करोड़ रुपए की धनराशि दी गई है।

सहकारिता विभाग की 110.18 के सापेक्ष 28.37 करोड़ रुपए की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में स्वीकृति की गई है। कुल 103 पैक्स में 100 मी0टन क्षमता के गोदाम हेतु 48.65 करोड़ रुपए के सापेक्ष प्रथम किस्त 10.46 करोड़ रुपए अवमुक्त किया गया और 250 मील्टन की क्षमता के लिए 23.04 करोड़ रुपये के सापेक्ष 10,00 करोड़ रुपए की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त कर दी गई। पीसीएफ गोदाम

■ बोले- रबी की फसल में चना-मटर और मसूर को बढ़ावा देंगे

के लिए 18:30 करोड़ रूपये के सापेक्ष 04.00 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई। इसके साथ ही एटीएम की स्थापना तथा पावर डस्टर के लिए प्रथम किस्त के रूप में 4.90 करोड़ रुपए की गई है। इसके साथ ही राज्य कृषि विश्वविद्यालय के विकास के लिए 03.53 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 1.45 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की गई।

खरीफ-2023 में श्रीअन्न को बढ़ावा देने हेतु मिलेट्स पुनराद्वार के कार्यक्रम के अन्तर्गत 43.975 मिनी किट वितरित कराये गये जिसमें कुल बीज की मात्रा 1170 कुंतल रहा जिसके बाबत 56 करोड़ की धनराशि स्वीकृति की गई है।वही खरीफ दलहन के कुल मिनी किट 365475 तथा 8000 तिलहन के मिनी किट जिसमें मुख्य रूप से मूंगफली बीज का भी वितरण किया गया।

# नोएडा की तर्ज पर झांसी में नया औद्योगिक नगर होगा विकसित

**लखनऊ।** योगी सरकार नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड के झांसी जिले में नया औद्योगिक नगर विकसित करेगी। इसके लिए परियोजना के पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व गांवों की 35,000 एकड़ (14,000 हेक्टेयर) जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में झांसी के इन 33 गांवों को शामिल करते हुए बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन की अधिसूचना के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई।

बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का मुख्यालय झांसी में होगा। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ यहां बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र

■ 35,000 एकड़ जमीन होगी अर्जित

विस्तारीकरण/नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नया औद्योगिक नगर विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1976 में नोएडा प्राधिकरण के गठन के 47 वर्षों बाद राज्य सरकार ने एक नए औद्योगिक नगर की स्थापना का निर्णय लिया है।

खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में पहले चरण में झांसी-ग्वालियर रोड और झांसी-बबीना-ललितपुर रोड के बीच पडने वाले 33 राजस्व ग्रामों की 35,000 एकड़ भूमि अर्जित कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इसमें से लगभग 8,000 एकड़ भूमि ग्राम समाज की है।

# लम्पी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण बढ़ाए

## पूर्वांचल क्षेत्र में वैक्सीनेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने लम्पी रोग प्रभावित जनपदों में पशुओं के बचाव हेतु संचालित टीकाकरण अभियान की गहन समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीकाकरण और उपचार के अभाव में गोवंश हानि न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिये कि वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाते हुए प्रतिदिन 03 लाख टीकाकरण का कार्य किया जाए। पूर्वांचल क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रभावित मण्डलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियॉ निरस्त की जाए और स्थिति सामान्य होने तक पशु मेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए और पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए।

पशुधन मंत्री द्वारा आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश में गोवंशीय पशुओं में फैली लम्पी



स्किन डिजीज (एलएसडी) के प्रभावित नियंत्रण हेतु गठित की गयी टीम-09 की बैठक में रोग प्रकोप के नियंत्रण एवं बचाव हेतु कृत कार्यवाही की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के साथ ही पश्चिमांचल क्षेत्रों में लम्पी रोग के नियंत्रण एवं बचाव हेतु व्यापक व्यवस्थायें की जाए और किसी भी दशा में लम्पी रोग का प्रसार अन्य क्षेत्रों में न होने पाए। जनपदों में वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 36 जनपद लम्पी रोग से प्रभावित हैं, जिसमें प्रभावित गोवंश 5532 है तथा 49 गोवंश की मृत्यु हुई है। अब तक 3391 गोवंश उपचार पश्चात स्वस्थ हुए है। प्रभावित क्षेत्रों में 22,77,500 टीकाकरण किया गया है। अब तक 88,46,000 वैक्सीन प्राप्त की जा चुकी है। लम्पी प्रभावित जनपदों में वैक्सीनेशन के लिए 988 टीमें कार्य कर रही हैं। जिनके द्वारा लगभग 2.11 लाख टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। 02 हजार टीमें गठित कर अगले दो दिन में टीकाकरण की गति बढ़ाई जायेगी। पूर्वी उ0प्र0 से पश्चिमी उ0प्र0 की तरफ बीमारी के प्रसार को रोकने के

■ लम्पी रोग से गोवंश के बचाव के लिए व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए : धर्मपाल सिंह

उद्देश्य से नेपाल सीमा से म0प्र0 की सीमा (जनपद पीलीभीत, शाहजहॉपुर, फर्रूखाबाद, मैनपुरी, इटावा) तक 10 किमी0 की परिधि में बेल्ट वैक्सीनेशन 14 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2023 तक कुल 23 विकास खण्डों में टीकाकरण एक सप्ताह में पूर्ण कराया जायेगा। पशुधन मंत्री ने वैक्सीनेशन कार्य, गोआश्रय स्थलों एवं गोसंरक्षण केन्द्रों के सैनीटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, पशुपालकों, कृषकों तथा आमजनता को जागरूक करने के लिए लम्पी रोग के बचाव हेतु सार्वजनिक स्थलों पर क्या करें, क्या न करें'' के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग एवं वालराइटिंग करवाकर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों को पूर्ण करने और तेजी लाने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी की 20वीं बोर्ड बैठक लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यालय के द्वितीय तल पर स्थित मन्त्रणा कक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें बोर्ड बैठक के सदस्य, लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के समस्त अधिकारी उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी के तहत लखनऊ में विभिन्न कार्यों में तेजी लाये जाने के उद्देश्य से आज मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय द्वारा बोर्ड बैठक में परियोजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया गया है कि जनेश्वर मिश्रा पार्क में विकसित मल्टीमीडिया लेजर शो, हेल्थ एटीएम, हैपिनेस पार्क, वेस्ट टू वन्डर पार्क एवं सीनियर केयर सेन्टर जैसे विभिन्न परियोजनाओं को माह दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आगामी परियोजनाओं और नागरिकों को सुलभ सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। स्मार्ट सिटी के कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# सीएमएस के 23 छात्रों को भारत सरकार ने दिए 92 लाख की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के 23 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 92 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रू. 80,000/- अर्थात कुल चार लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, सभी 23 छात्रों को कुल 92 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए



पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम की बदौलत इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। श्री शर्मा ने बताया कि स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले सी.एम.एस. गोमती नगर के इन 23 छात्रों में विदेह झा, सुजल बिष्ट, शिवांस सारंग, सार्थक जैन, रिया वर्मा, रिशी शेखर, मदीहा रहमान खान, लक्ष्य सिंह, जूही सक्सेना, आर्यशी त्रिपाठी, आर्ची, अनुमय राय, अनिष्का गुप्ता, अलख, अक्षत स्वरूप, आदित्य जायसवाल, अदिति, अर्णव कुमार, अभिदीप शिखर, अश्विना शामिल हैं।

# वाटर लॉगिंग के बाद जो ड्रैनेज ब्लॉक है उनकी तत्काल साफ-सफाई कराये

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त कैंप कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू,मलेरिया, टाईफाइड आदि जनहित रोगों के रोकथाम हेतु नगर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहे। फ्रिज,कूलर,टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और मलेरिया की संयुक्त टीम बनाकर गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाया

■ मंडलायुक्तकी अध्यक्षता में संक्रामक बीमारियों के सम्बंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक

जाना सुनिश्चित किया जाए। नाले नालो की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव अवश्य करें। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाटर लॉगिग के बाद जो ड्रैनेज ब्लॉक है उनको चिन्हित करके तत्काल साफ-सफाई कराये। उन्होंने कहा कि जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नालियों की साफ-सफाई करते हुए फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। घर-घर जाकर पम्पलेट बाटने के साथ ही लाउडस्पीकर से अलॉसमेन्ट करते हुए लोगो को जागरूक कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। मंडलायुक्त ने कहा कि ड्रेनेज की समस्या से निजात पाने के लिए सिटी ड्रेनेज मास्टर प्लान 10 दिवस के अंदर जलनिगम के सहयोग से बनाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए।

# 100 प्रतिशत से ज्यादा कॉस्ट डाटा बुक वृद्धि प्रस्तावित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** काफी लंबे समय से विचाराधीन प्रदेश के छोटे से लेकर आवश्यकता अनुसार चाहे जितने किलोवाट व केवीए हेतु नया विद्युत कनेक्शन संबंधी कास्ट डाटा बुक जिसमें सभी उपभोक्ता सामग्रियों की दरें मीटर की कास्ट खंबे ट्रांसफार्मर की कास्ट सिक्योरिटी राशि प्रोसेसिंग फीस वह एस्टीमेट के निर्धारण संबंधी समस्त शुक्ल का निर्धारण किया जाता है का एक संशोधित प्रस्ताव प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से पावर कारपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग में दाखिल कर दिया है सबसे बडा चैंकाने वाला मामला यह है कि पावर कॉरपोरेशन की तरफ से 24 में को दाखिल कास्ट डाटा बुक जिसमें कर्मियों को संशोधित करने के लिए आयोग ने पावर कारपोरेशन को निर्देश दिया था उसके बाद अब जो संशोधित कॉस्ट डाटा बुक पावर

■ स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर जारी करने के बाद भी उनकी दरे कॉस्ट डाटा बुक में नहीं

कारपोरेशन ने दो दिन पहले विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया है उसमें बड़े पैमाने पर उपभोक्ता सामग्री की दरों में बढोतरी व उद्योगों व बडे उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि में 100 प्रतिसत से ज्यादा तक कि वृद्धि प्रस्तावित कर दी है। इससे पहले का डाटा बुक 2019 में जारी की गई थी जो लगातार लागू है वैसे कास्ट डाटा बुक दो से तीन साल के लिए बनाई जाती है लेकिन पावर कॉरपोरेशन द्वारा कास्ट डाटा बुक समय से न दाखिल करने की वजह से इसमें विलंब हुआ।

इस बार पावर कारपोरेशन ने बड़ी चालाकी से विलंब पर कोई बात ना करते हुए लिख दिया कि अगले 2 वर्ष बाद यदि कॉस्ट डाटा बुक समय से न बन पाए तो प्रत्येक वर्ष उसमें 7 प्रतिसत बढोतरी मान ली जाए जो पूरी तरह गलत है। जब विद्युत नियामक आयोग की इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक नई कॉस्ट डाटा बुक के संबंध में होगी तो उसमें प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से उपभोक्ता परिषद सदस्य के रूप में भाग लेकर अपने विधिक तथ्य रखेगा और इस बढोतरी को नहीं लागू होने देगा।

सबसे बडा चैंकाने वाला मामला यह है कि कॉस्ट डाटा बुक में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दरें नहीं दी गई है जबकि टेंडर खुलने के बाद ज्यादातर कंपनियों में ऑर्डर भी जारी कर दिया गया और दो दिन पहले प्रस्तावित कॉस्ट डाटा बुक में दरों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा संशोधित कॉस्ट डाटा बुक में जिस प्रकार से उपभोक्ता सामग्रियों की दरों में आसंतुलन दिख रहा है ।

# शूटिंग चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र को गोल्ड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्र सुन्दरम सिंह ने मसूरी में आयोजित रीजनल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही, सी.एम.एस. राजाजीपुरम ने इस प्रतियोगिता की चैम्पियनशिप भी अपने नाम की। प्रतियोगिता का आयोजन काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सी.एम.एस. के इस होनहार शूटर ने शूटिंग के तकनीकी ज्ञान के अलावा लक्ष्य साधने की



क्षमता, ब्रेथ कन्ट्रोल, मूवमेन्ट कन्ट्रोल एवं ट्रिगर कन्ट्रोल क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया, साथ ही अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सुन्दरम के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं ।

# टीएमयू में ओणम पर बिखरे केरल की संस्कृति के रंग

## स्टुडेंट्स अनर्घ और अजमी के ग्रुप ने कोइकोट्टकली पर नृत्य करके खूब तालिया बटोरीं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज़ की ओर से ओणम फेस्टिवल पर केरल के स्टुडेंट्स की प्रस्तुतियों से ऑडिटोरियम केरल की संस्कृति में रंगा नज़र आया। केरल दर्जन भीर कार्यक्रमों में स्टुडेंट्स के समूह ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर वहां की संस्कृति की खुशबू बिखेरी। रैंप वॉक प्रतियोगिता के सोलो रैंप में बीएससी सेकेंड ईयर के अमृत अरोरा अव्वल रहा, जबकि बीएससी एग्रीकल्चर थर्ड ईयर के निशांत शेखर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। युगल रैंप में बीएससी एग्रीकल्चर थर्ड ईयर के देव कृष्णा और नागेश विजेता रहे। इससे पूर्व कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन जैन, डॉ. बलराज सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्ज्वलित करके ओणम पर्व का शुभारम्भ किया। कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह ने अति संक्षिप्त संबोधन में केरल के संस्मरण सुनाए। साथ ही उन्होंने गाय को उद्धरण करते हुए कहा, स्टुडेंट्स को टीएमयू में शिक्षा को स्वयं प्राप्त करनी होगी, तो वहीं डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने एग्रीकल्चरल कॉलेज की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। संचालन आस्था कुशवाह ने किया।

ओणम पर्व के दौरान बलून ब्रस्टिंग खेल में बीएससी एग्रीकल्चर थर्ड ईयर के नागेश ने जीत हासिल की। स्टुडेंट्स अनर्घ और अजमी के ग्रुप ने कोइकोट्टकली पर नृत्य करके खूब तालिया बटोरीं। छात्र अभिनंद वी. ने मधुर बांसुरी बजाई तो विष्णु प्रा तेज अश्वनी ने नृत्य करके खूब वाहवाही लूटी। बीएससी फर्स्ट ईयर एग्रीकल्चर के छात्र विश्वजीत एंड ग्रुप ने सामूहिक नृत्य किया। छात्रा अश्वनी शर्मा ने बालीवुड मैशअप पर प्रस्तुति दी। छात्र निशांत शेखन ने सुंदर गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। छात्र अल्बर्ट सेब्सटिन ने माउथ ओरगन पर मैं तेरे वास्ते फलक से चांद लाऊंगा... बजाकर खूब तालिया बटोरीं। छात्र

■ डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने एग्रीकल्चरल कॉलेज की विकास यात्रा सुनाई

एमवी रेड्डी ने मलयालम मैशअप गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के संग हुआ। कार्यक्रम में प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. कुसुम फरसवान, डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. देवेन्द्र पाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, डॉ. आशुतोष अवस्थी, डॉ. गणेश, डॉ. बलराज सिंह, डॉ. ब्रजवाल सिंह, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. आनन्द, डॉ. सच्चिदानंद सिंह, डॉ. उपासना, डॉ. हिमाद्री राय, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनु, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. गजराज आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, ओणम मलयाली लोगो के प्रमुख पर्वो में से एक है। इस पर्व को देश-विदेश में रहने वाले लगभग सभी मलयाली लोगो द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है।

# आतंकियों से निपटने के लिए एनएसजी व पुलिस टीमों ने किया संयुक्त अभ्यास



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस और एनएसजी संयुक्त रूप से बुधवार को मॉक ड्रिल किया और बृहस्पतिवार को भी करेंगी। जिसे 'गांडीव-वी' नाम दिया गया है। मॉक ड्रिल शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर की जा रही है।

इसे लेकर विशेष पुलिस महानिदेशक ने जनता से अपील की

■ आम जनता के लिए निर्देश जारी

है कि वह संयम बनाए रखें एवं विचलित न हों। साथ ही किसी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें। पुलिस-प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल्स को सुचारु रूप से संचालित किए जाने हेतु, जो भी दिशा-निर्देश दिए जाएं, उनका अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

# भाजपा युवा मोर्चा मनाएगा प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने बुधवार को सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में अगामी 18 सितंबर को विश्व में भारत को अग्रिम श्रेणि में लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय मंत्री मनीष बाजपेई जी उपस्थित रहे। मनीष बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा 18 सितंबर को रक्तदान शिविर एवं 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का अयोजन होगा। मनीष बाजपेई ने कहां कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का जीवन भारत के जनमानस के लिए समर्पित है हम युवाओं का भी कर्तव्य बनता है कि उनके जन्मदिवस पर रक्तदान करके किसी जरुरतमंद को रक्त उपलब्ध करा कर उसका जीवन बचाया जा सके। बैठक की अध?यक्षता जिला महामन्त्री मोनू चौहान ने की और संचालन मंडल अध्यक्ष सार्थक सक्सैना ने किया। जिला मीडिया प्रभारी अनुरुद्ध गुप्ता ने बताया कि युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी संजू के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगा कर रक्त दान की योजना मंडल से लेकर के जिला स्तर पर बनाई गई है। यह कार्यक्रम मंडल से लेकर जिला स्तर पर किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष आकाश अवस्थी डंपी चौहान, मृत्युंजय चौधरी, कुशल चौधरी, सौरभ भदौरिया, आकाश तिवारी, जिला महामंत्री रजत शाक्य जिला मंत्री श्रेयश मिश्रा, प्रीति दुबे, अंकित सैनी, अभिषेक तोमर, नीरज राजपूत, बंटू यादव जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी गिर्राज चौधरी मण्डल अध्यक्ष पुराना शहर अर्पित तिवारी, दीपक राजपूत, उदय भान राजपूत, सुमेध अवस्थी, जिला एवं मंडल के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे।

## इकदिल में आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ

**इटावा, इकदिल।** भारत सरकार के द्वारा आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे भारत में लॉन्च किया गया इसी के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इकदिल पर मुख्य अतिथि शिव प्रताप राजपूत पूर्व ब्लाक प्रमुख बडपुरा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा के द्वारा फीता काटकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया साथ में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिवेंद्र यादव उपस्थित रहे।इस मौके पर ऑनलाइन चल रहे प्रोग्राम को उपस्थित सभी लोगों ने गंभीरता से सुना और फिर डॉक्टर शिवेन्द्र यादव के द्वारा अपने स्टाफ के साथ शपथ ली गई कि मरीज के प्रति अपनी सहानुभूति, सद्भावना सेवा भाव को दर्शाते हुए शपथ ली कि हम चिकित्सा क्षेत्र में सदैव आए हुए आगंतुकों परेशान व्यक्तियों पीड़ितों रोगियों का उपचार पूरे मनोयोग से कर्मस्ता के साथ करेंगे।

## बड़े इमामबाड़े में तसलीम रज़ा, साजिद रज़ा अलीका की ओर मजलिस का आयोजन किया गया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** स्थानीय पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में बीती रात सोजख़्वान तसलीम रज़ा, साजिद रज़ा अलीका की ओर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।मजलिस में तकरीर करते हुए इंटरनेशनल स्तर के मौलाना कल्बे रुशैद ने कहा कि आदमी वो है जिसमे अच्छाई और बुराई दोनों पाई जाती हैं, लेकिन इंसान वो है जिसमे सिर्फ अच्छाई ही पाई जाती हैं।आदमी की यह जिम्मेदारी है कि वह इंसान बनने की कोशिश करे।इंसानियत का स्टेज यकीन है शक नहीं। इंसानियत का यही पैगाम इमाम हुसैन ने कर्बला में दिया।यकीन अगर एक मकान है तो हुसैन उसके सुल्तान हैं।उन्होंने कहा कि रसूल अल्लाह को मौला अली के चश्मे से देखोगे तभी रसूल समझ मे आएंगे। हैदरी नारा बहादुरी का नारा है। हैदरी नारा लगाने से रूह क्लीन और जिस्म ठीक रहता है। अल्लाह का बड़ा एहसान है कि उसने हमें इंसान बनाया जानवर नहीं बनाया।मौलाना कल्बे रुशैद ने कहा कर्बला हमारी यूनिवर्सिटी है। कर्बला एहसास को जगाती है।कर्बला में इमाम हुसैन ने एक लकीर खींची थी लकीर के दोनों तरफ मुसलमान थे।हमे हुसैनी मुसलमान बनना होगा जो हक पर थे।ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती ने फरमाया है हुसैन ही दीन हैं और दीन पनाह हैं। मजलिस में तसलीम रज़ा, सलीम रज़ा, ज़हूर नक़वी ने सोजख़्वानी की, तनवीर हसन, सफीर हैदर, सलमान रिज़्वी, अख़्तर अब्बास, अशहर कादरी, तालिब रज़ा ने कलाम पेश किये और तनवीर हसन व कल्बे रुशैद के बेटे ने नोहा ख्वानी की।संचालन का दायित्व मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा ने निभाया। मजलिस में हाजी कमर अब्बास, हाजी अरशद मरगूब, हाजी अली सज्जाद, बाबा कम्बर अली शाह वारसी मिर्जापुर, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, मो. मियां, मो.अब्बास, राहत हुसैन रिज़्वी, बिट्टू, इबाद रज़ा, खुशनसीब, सुहेल, मो. जुनैद, शारिक सग़ीर शानू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## विनय कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष व राजेंद्र सिंह जिलामहासचिव मनोनीत

**मथुरा।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसियन मंडल स्तर पर सेमिनार संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के अलीगढ़ मंडल का मंडलीय सेमिनार का आयोजन अलीगढ़ जिले में हुआ जिसमें संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्रद्धेय बुद्धमित्र मुसाफिर साहब (आई आर एस) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रद्धेय कवीन्द्र जी(डी जी एम)ओ एन जी सी के निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार प्रबुद्ध जी ने मथुरा से डॉक्टर विनय कुमार जी(प्रधानाचार्य) को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया जिले की टीम में फेरबदल करते हुए जिला अध्यक्ष उमेश पाल सिंह के माध्यम से श्रद्धेय राजेंद्र सिंह जी(प्रवक्ता) को जिला महामंत्री तथा अजय कुमार बौद्ध को जिला उपाध्यक्ष साथ ही रमाकांत राजदान (प्रधानाध्यापक) बेसिक शिक्षा को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

## जिलाधिकारी ने गंगा पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा तथा पर्यावरण समिति की बैठक ली। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। श्री सिंह नेअधिशाषी अधिकारी नगर निगम, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सभी वार्डो में स्वच्छता का विशेष ध्यान दे और कूड़ा का उठान समय से कराते हुए निगरानी भी करे। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाय। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, का समय समय पर निरीक्षण करते रहे। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए गए है।

# दिनेश कुमार बसपा विधानसभा प्रभारी नियुक्त

**अवधनामा ब्यूरो**

**मथुरा।** बसपा ने संगठन की मजबूती और जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। पार्टी कार्यकर्ता गांव में लगातार नुक्कड़ सभा लगाकर बसपा की रीति नीति व शासनकाल के कार्यों के बीच में गिना रहे हैं। बसपा में युवाओं को जोडने की मुहिम तेज़ी से बढ़ रही है जिससे अन्य दलों में बसपा के दांव से हलचल मची हुई है इसी बीच में जनपद मथुरा में बसपा द्वारा दिनेश कुमार को मथुरा विधानसभा प्रभारी बनाया गया है जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई धरातल से लेकर सोशल मीडिया पर भी बधाई देने वालों का दौर चल पड़ा। इस दौरान डॉ आरपी सिंह राठौर ने भी मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधानसभा प्रभारी बनाए जाने के बाद मीडिया से बातचीत में बताया की पार्टी संगठन को निष्ठावान होकर ईमानदारी से मजबूत बनाने में अथक प्रयास किया जाएगा। आगामी चुनावों को मद्देनजर अब संगठन में ज़मीनी स्तर पर कार्य तेजी से चल रहा है। चुनावों से पहले बसपा इस बार चुनावों में पूरी ताकत से जुटी है। पार्टी ने चुनाव से सबसे पहले धरातल पर युवाओं को जोड़कर सभी दलों को चौंकाया है। अब प्रभारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया है। चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन, मत प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति, लोगों को जोड़ने के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी प्रभारी निभा रहे हैं।

## नरी गांव में नि:शुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन

**मथुरा।** जनपद के गांव नरी में जगदीश क्लीनिक चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क कैम्प लगाया गया इस कैंप का आयोजन अजय सिंह प्रधान जी ने रिबिन काट कर शुरुवात की ओर पूरा सहयोग किया और जनपद के गांव नरी में कैम्प कुमर सिंह जी के घर पर रहा और लोगों ने भी कैम्प में ली दवाईयों और डॉक्टर टीम को कार्य की सराहना की वहीं डॉ के मुताबिक जनता यदि साथ देती रही तो ये फ्री मेडिकल कैम्प चलता रहेगा इसमें सभी को मुफ्त दवा दी जायेगी हेल्थ चेकअप भी किया जाएगा। इस कैंप आयोजन में डॉ0 मनोज कुमार वीर, डॉ0 रीनू कुमारी, कृष्ण कुमार मौर्य, मौजूद रहे एवं इस कैंप में साथ देने में डॉ0 आरपी सिंह राठौर की सहभागिता बेहद खास रही। नरी गांव के अजय सिंह प्रधान ने कहा कि भविष्य कैम्प की टीम को कोई भी मदद चाहिए तो वो हर समय टीम के साथ है जगदीश क्लीनिक चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम आगे भी ऐसे ही कैम्प करती रहेगी और लोगो की ऐसे ही मदद करते रहेंगे।

# अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर ज़िलाधिकारी को दिया माँग पत्र



■ आज भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहेगें विरत

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** हापुड़ प्रकरण में बार कौंसिल ऑफ उ0प्र0 के निर्देशानुसार डी0बी0ए0 के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एवं महामंत्री राजेश कुमार यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महामंत्री राजपूत के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बुधवार को धरना प्रदर्शन किया।सभी अधिक जुट होकर दोपहर 12 बजे से धरने पर बैठे और 03 बजे प्रदर्शन किया।दोनों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों के नेतृत्व में राज्य सरकार को सम्बोधित एक माँग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा मांगपत्र के माध्यम से, ÷अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम उत्तर प्रदेश में लागू कराने के लिये अधिवक्ता आन्दोलन कर रहे है।हापुड के दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही एवं पीडित एवं घायल अधिवक्ता साथियों को आर्थिक मुआवजा दिलाये जाने की मांग की।जनपद के अधिवक्ता बुधवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे किसी भी अधिवक्ता ने कोई न्यायिक कार्य नही किया। 14 सितम्बर गुरूवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेगे।उक्त जानकारी डी0बी0ए0 के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी ने दी। धरना प्रदर्शन करने वालों में अरविन्द्र प्रताप सिंह, सत्येन्द्र पाल सिंह, गुरू प्रसाद द्विवेदी, अनिल कुमार वर्मा, मैराज अली खान, रीना यादव, अभय भदौरिया, राजू यादव, प्रदीप कुशवाहा, विवेक द्विवेदी, संजय राजपूत वीर प्रकाश, अनिल कश्यप, बृजेन्द्र चतुर्वेदी, प्रमोद शाक्य, मनोज शाक्य, राघवेंद्र शर्मा, देवेंद्र पाल सिंह, पदमा मिश्रा, पुष्पा कुशवाहा, सुषमा गुप्ता, बिन्दु सिंह, साधना सिंह, बी0पी0सिंह यादव, सुबोध यादव, मोहित दुबे, राजीव चौधरी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दरोगा की दबंगई से पीड़ित आहत, अधिकारियों के आदेश ठेंगे पर

**अवधनामा संवाद**

**मथुरा।** जनपद मथुरा की गोवर्धन तहसील अंतर्गत थाना गोवर्धन में तैनात दरोगा यशपाल सिंह यादव अपने आगे न्यायिक अधिकारियों से लेकर आईएएस पीसीएस आदि अधिकारियों को बेवकूफ समझते हैं वश उचित मोटी रकम मिलनी चाहिए और उनकी ऐसी सोच के तहत कुछ ऐसे रोचक तथ्य सामने आए हैं कि जो कोई भी व्यक्ति उन कृत्यों को सुन रहा है वो दांतो तले उंगली दबाते हुए बस यही कहता है कि दरोगा दबंग है। विस्तृत जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव गृह गोपन विभाग द्वारा एक जमीनी विवाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा से जांच आख्या प्राप्त कर थाना गोवर्धन में एक एफआईआर दर्ज करने हेतू आदेश जारी किए गए थे और उसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से दिनांक को वादी मनमोहन शर्मा निवासी दिल्ली के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक मथुरा के नाम से संबोधित इंग्लिश भाषा में दी गई तहरीर पर एक मुकद्मा संख्या 306 सन 2023 थाना गोवर्धन में दर्ज कराया गया जिसकी जांच दरोगा यशपाल सिंह यादव के सुपुर्द की गई थी। गौर तलब हो कि उक्त अपराध संख्या 306 में नामजद आरोपियों द्वारा अपने बचाव के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर एफ आई आर निरस्त करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए चुनौती दी गई थी जिस पर सुनवाई से पूर्व ही सब इंस्पेक्टर गोवर्धन यशपाल सिंह यादव द्वारा न्यायालय में दी गई आख्या ने सबको चौका दिया कि मामले में दीवानी वाद विचाराधीन है इसलिए पुलिस कार्यवाही की कोई आवश्यकता नहीं है इसलिए उक्त मामले में अंतरिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। विदित हो कि उक्त प्रकरण में लखनऊ शासन द्वारा जांच कर मुकद्मा संख्या 306 सब 2023 दर्ज करने हेतू आदेश जारी किए गए और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा एफ आई आर दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने के आदेश जारी किए गए और उक्त प्रकरण में विवेचक सब इंस्पेक्टर द्वारा मात्र चंद दिनों में अपराधिक प्रकरण न मानते हुए अन्तरिम आख्या प्रेषित कर अपने आप को एफ आई आर दर्ज करने के आदेश जारी करने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा और उक्त प्रकरण में जांच कराने वाले पी सी एस और वरिष्ठ आईएएस आदि अधिकारीयों को बौना साबित कर दिया गया उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाईकोर्ट को भी शून्य साबित करने का प्रयास किया गया। उक्त प्रकरण में वादी मनमोहन शर्मा ने बताया कि जब न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में यथास्थिति के आदेश जारी किए हुए हो तो उक्त दशा में उक्त मामले में विचाराधीन बंटवारे वाली जमीन का पंजीकृत इकरारनामा करना अपराधिक श्रेणी में आता है लेकिन विवेचक सब इंस्पेक्टर यशपाल सिंह यादव द्वारा अपने फर्ज से लापरवाही बरतने और एक सेवानिवृत्त होने वाले पीसीएस अधिकारी द्वारा मिलकर अवैध आपूर्ति कर अंतरिम आख्या प्रेषित की गई है सीघ्र ही सम्पूर्ण पत्रावली को लेकर आलाकमान से न्याय की गुहार लगाई जायेगी। दरोगा यशपाल सिंह यादव द्वारा वर्दी की गर्दी और दुरुपयोग करने का यह पहला मौका नहीं है इससे पूर्व भी मुकद्मा अपराध संख्या 166 सन 2023 धारा 498 ए, 307, 323, 506, आइपीसी 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 में पीड़िता को खुद गंभीर अवस्था में दारोगा यशपाल सिंह यादव मय पुलिस पार्टी के द्वारा घटना स्थल से बचाकर थाने लाए और पीड़िता के परिजनों को थाने बुलाकर मुकद्मा उपरोक्त दर्ज कराया गया था।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ कचहरी में किया पैदल गस्त

**अवधनामा ब्यूरो**

इटावा। जनपदीय कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने के लिए बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कचहरी परिसर में पैदल गस्त करते हुए अधिवक्ताओं से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया और अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को नियमित/सुव्यवस्थित ढंग से पार्किंग में खड़ा करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया।

# विश्वकर्मा वंशजों को एकजुट करने का काम किया स्व. मोहन प्रसाद वर्मा ने

**अवधनामा संवाद**

**मथुरा।** जिलाधिकारी नोयडा मनीष कुमार वर्मा के पिताजी स्व. मोहन प्रसाद वर्मा बाबूजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर योगीराज भगवान श्री कृष्ण की पवित्र भूमि मथुरा में सोनार नरहरि सेना के पदाधिकारियों ने उनका भावपूर्ण स्मरण कर श्रदांजलि दी। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने कहा कि स्व. मोहन प्रसाद वर्मा बाबूजी हम सब के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उन्होंने विभिन्न वर्गो में बटे सभी विश्वकर्मा वंशजों को एकजुट करने का पुरजोर प्रयास किया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। पुण्यतिथि के अवसर पर मुरली वाला रोटी बैंक के तत्वाधान में जरूरतमंद लोगों को भोजन भी वितरित कराया गया। कार्यक्रम में सुजीत वर्मा, मुरली वाला रोटी बैंक के संस्थापक शिवकुमार सौनी, भगवती वर्मा, मुकेश वर्मा, महेश वर्मा, महावीर वर्मा, मन्नू पुजारी, घनश्याम वर्मा, आशीष वर्मा, अजित वर्मा, मनीष वर्मा, ऋषभ वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन भी संपन्न हुआ।

# 'वर्ल्ड सोसाइड प्रिवेंशन डे' के अवसर पर संगोष्ठी

**अवधनामा संवाद**

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ साइकोलाजी द्वारा 'वर्ल्ड सोसाइड प्रिवेंशन डे' के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित 'क्रिएट थ्रू' थीम पर हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने आत्महत्या के विचार को कैसे हतोत्साहित किया जाय, इसपर अपने व्याख्यान दिए। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डा. मोनिका अबरोल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आत्महत्या एक बहुत ही गंभीर विषय है। इधर देखने में आया है कि विद्यार्थियों में आत्महत्या के मामले अधिक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे तुरंत सचेत हों और युवाओं को इस तरह से प्रोत्साहित करें कि उनमें सकारात्मकता बढ़े। उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। शिक्षक, अभिभावक युवाओं से निरंतर संपर्क बनाएं और उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। बच्चों से जब हम लगातार संवाद करते रहते हैं तो उनके अंदर छिपी असफलता से उत्पन्न निराशा, अकारण दुखी रहने और बेवजह स्वयं को कोसने की आदतों का खुलासा होता है। इसको हम शिक्षक, अभिभावक आसानी से दूर कर सकते हैं और बच्चों को सकारात्मक सोचने की आदत डलवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या का विचार कुछ क्षणों के लिए आता है और ऐसे समय यदि सकारात्मक विचारों का संप्रेषण हो जाय तो नकारात्मकता समाप्त हो जाती है और एक अमूल्य जान बच जाती है। प्रो. उर्वशी शर्मा और रिचा चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को इस दिशा में जागरूक करने की जरूरत है। उनको यह बताना हमारा कर्तव्य है कि जीवन को सकारत्मक तरीके से कैसे जिया जा सकता है। आज समस्याएं सबके सामने हैं लेकिन यह बताना जरूरी है कि समस्या का समाधान आत्महत्या नहीं बल्कि उस समस्या का सामना कर उसपर विजय प्राप्त करना है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने भी बड़े सुंदर तरीके से उदाहरण देते हुए समझाया कि आखिर इस दिवस को मनाने की हमें जरूरत क्यों पड़ी।

## कप्तानगंज व अहरौला जर्जर सड़क को लेकर विरोध प्रदर्शन

**बूढ़नपुर, आजमगढ़।** तहसील क्षेत्र के गोपालगंज बाजार में जर्जर सड़क को लेकर के कवि एवं साहित्य लाल बहादुर लाल के नेतृत्व में अहरौला से कप्तानगंज जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर किया विरोध प्रदर्शन ग्रामीणों का आरोप है कि यह सड़क पिछले 15 वर्षो से पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है इस सड़क की सुध लेने वाला कोई भी राजनेता से लेकर ना तो प्रशासनिक अधिकारी इस सड़क पर तनिक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं उपेक्षा का दंश झेल रहा है पूरा क्षेत्र जर्जर सड़क पर चलने को लोग विवश है। उनके दर्द को सुनने वाला कोई नहीं है केवल आश्वासन की ही घुट्टी पिला करके समस्या को टाल दिया जाता है।

# मथुरा पुलिस ने विभिन्न आरोपों में महिला सहित 10 लोगों को जेल भेजा

**अवधनामा संवाद**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस में लाखों रुपए की अवैध तस्करी की शराब और अवैध गांजे के साथ महिला सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना कोसी पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरियाणा की तरफ से आ रहे कंटेनर ट्रक को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया जिसमें चालक और परिचालक पंकज कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी कालाकोट थाना छप्पर जिला यमुनानगर हरियाणा और मिथुन पुत्र रामजीलाल निवास ए रेडियो का माजरा थाना छप्पर जिला जमुनापार हरियाणा से पूछताछ की गई कंटेनर ट्रक में मौसमी की ट्रे भरी हुई थी ट्रक को खाली कर देखा गया तो उसमें पंजाब प्रांत में बिकने वाली अंग्रेजी शराब की 204 पेटी अवैध शराब मिली जैसे तस्करी कर उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाकों में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था पकड़ी गई शराब की कीमत 15 लख रुपए बताई जा रही है पुलिस पार्टी में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा उप निरीक्षक जतिन पाल, अरुण कुमार, अवधेश कुमार के अलावा पुलिसकर्मी शामिल थे पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा है। थाना छाता पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव गोहरी में छापा मार कर 44 पेटी अवैध देशी शराब गैर प्रांत की 6 पेटी अंग्रेजी शराब गैर प्रांत की बरामद कर एक महिला को जो शराब बेचने का अवैध कारोबार करती है को गिरफ्तार कर लिया है उसके कब्जे से मिली शराब की कीमत 3 लख रुपए की बताई जाती है पकड़ी गई महिला के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा गया है पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे एसओजी प्रभारी राकेश कुमार और उपनिरीक्षक सोहनवीर के अलावा पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया साइबर क्राइम यूनिट बस सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में मुखबीर की सूचना पर वृंदावन स्थित पानी घाट से अवैध गांजे का कारोबार करने वाले इरफान पुत्र अहमद हुसैन निवासी रेलवे लाइन जन्मभूमि के पास थाना गोविंद नगर, , धर्मेंद्र शर्मा उर्फ धर्मो पुत्र गोपाल प्रसाद शर्मा निवासी दुर्गापुरम कॉलोनी पानीघाट थाना वृंदावन, अरमान पुत्र अयूब खान निवासी गोरा नगर कॉलोनी नाले के पास थाना वृंदावन, राकेश यादव पुत्र पूरन यादव निवासी अनाज मंडी थाना वृंदावन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 6 लाख रुपए तीन मोबाइल फोन गांजा सप्लाई में प्रयोग की जाने वाली मोटरसाइकिल एक्टिवा गांजा टोल करने में प्रयुक्त दो इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल तोल मशीन तथा 76 हजार रुपए बरामद किए हैं चारों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। थाना जैत पुलिसऔर एसओजी टीम ने मुखबिर सिंह सूचना पर कार्यवाही करते हुए बाबूगढ़ के कच्चे रास्ते से छैल बिहारी पुत्र ग्यासिन निवासी नगला बिहारी थाना जैत और ग्यासी पुत्र चनी निवासी नगला बिहारी दोनों पिता पुत्र हैं जो अवैध गांजे का कारोबार करते हैं इनके कब्जे से 1 किलो 950 ग्राम गांजा बरामद हुआ है दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते

# आयुष्मान भवः अभियान का लाइव प्रसारण ज़िला अस्पताल में देखा गया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए तथा जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से आयुष्मान भव नाम से एक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया।

अभियान का लाइव प्रसारण जिला अस्पताल में सदर विधायक सरिता भदौरिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने देखा। इस मौके पर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम आयुष्मान भारत हमारी सरकार ने



शुरू किया है और आयुष्मान कार्ड योजना भी दुनिया की सबसे बड़ी योजना है।जिले में 326640 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज लोगों को मिल रहा है।

बुधवार को देश की राष्ट्रपति ने जो आयुष्मान भव अनूठा कार्यक्रम शुरू किया है इसके तहत कैंप व मेलों के माध्यम से लोगों को इलाज करके स्वस्थ किया जाएगा देश व प्रदेश की सरकारों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो अनूठे कार्य किए हैं निश्चित ही यह विश्व गुरु बनने का एक बड़ा कदम है। जिले में भी स्वास्थ्य सेवाओं में काफी परिवर्तन आया है जिन जांचों के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था और अधिक दाम खर्च करने पड़ते थे वह सभी जांच निश्शुल्क हो रही हैं।सीएमओ डॉ गीताराम ने बताया कि अभियान के सफल संचालन में अंतर विभागीय समन्वय की अहम भूमिका है।अभियान के पांच प्रमुख घटक हैं जिसमें सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वारा 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड शामिल है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें स्वच्छ भारत अभियान रक्तदान महादान अंगदान की शपथ दिलाई जाएगी।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, श्याम चौधरी, विकास भदौरिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दीपशिखा, एसीएमओ डॉ शिवचरण हेंब्रम, डॉ बीएल संजय, डिप्टी सीएमओ डॉ श्रीनिवास, डॉ बलराज, डीपीएम संदीप दीक्षित, डीसीपीएम प्रभात बाजपेई, सीएमएस डॉ अनिल कुमार, डॉ एमएम आर्या, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ निखिलेश मौजूद रहे।

## पूर्व छात्र रोहित यादव का सिविल जज के लिए हुआ चयन

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज के पूर्व छात्र रोहित यादव के लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा न्यायिक सेवा सिविल जज के पद पर चयन हेतु प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने वंदना सभा में अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया, इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ अपनी सफलता एवं विद्यालय में शिक्षण के दौरान बीते हुए पलों एवं अनुभवों को साझा किया। रोहित यादव ने पहले ही प्रयास में 175वीं रैंक हासिल करके अपने क्षेत्र व जिले के साथ-साथ विद्यालय का भी मान बढ़ाया है।

# अवैध अस्पताल संचालक के विरुद्ध दिया ज्ञापन

**अवधनामा संवाद**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा जिलाधिकारी मथुरा के नाम मंडी समिति चौराहा के निकट अवैध हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा है, चिकित्सा के नाम पर स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य के नाम पर खिलवाड़ करने वाले प्रेमदीप हॉस्पिटल की करतूत के खिलाफ एक सूत्रीय खुला मांग पत्र सौंप, अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा थाना कोतवाली में कथित प्रेमदीप अस्पताल संचालक तरुण गुप्ता एवं शिल्पी पाटिल, विमल उपाध्याय, डॉ अशोक कुमार आदि के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दिनांक 19/0 7/2023 को मुकदमा संख्या 433 भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 337, 326, 338 504, 506, 167, 386, 204, 217, 218 एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। मुकदमा पंजीकरण के बाद भी आरोपी कथित राजनीतिक संरक्षण एवं दबंग रसूखदारों के सहयोग से खुलेआम घूम रहे हैं उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर और उनके द्वारा राजीनामा के लिए दबाव बनाए जाने बाद जान से मारने की धमकी व पीड़ित परिवार को कहीं का ना छोड़ने की धमकी के खिलाफ सैकड़ो की संख्या में समता फाउंडेशन के युवाओं ने ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी। अगर 24 घंटे के अंदर मानवता एवं स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालित करने वाले तरुण गुप्ता एवं उनके साथियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन आंदोलन प्रदर्शन को मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान रमेश सैनी अध्यक्ष महानगर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मथुरा वृंदावन, लुकेश कुमार राही, आकाश बाबू, गौरव कुमार, अनीता देवी, जितेंद्र कुमार, गावस्कर गोलू, सुधांशु, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, कैलाश चंद, विष्णु गुलशन हनी एफ अमित कुमार, अनिल कुमार, आकाश कुमार, राजेश कुमार, विपुल कुमार, विमल कुमार, गजेंद्र कुमार, डीजे बाबू, थान सिंह, मनीष कुमार, शिव कुमार, कैलाश सैनी आदि उपस्थित रहे।

# घंटों लैपटॉप पर करते हैं काम, तो हो सकती है ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या



ड्राई आई सिंड्रोम के हाल ही में काफी केसेस आ रहे हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के आंखों का पानी सूख जाता है। जिस कारण उसे काफी परेशानी होती है। लगातार मोबाइल, लैपटॉप, टीवी पर आंखें गड़ाए रहने से आंखों से जुड़ी कई समस्याएं आजकल बढ़ती जा रही हैं। जिसमें ड्राई आई सिंड्रोम मुख्य है।

## क्या है ड्राई आई सिंड्रोम

ड्राई आई सिंड्रोम में आंखों का पानी बहुत जल्द इवैपोरेट हो जाते हैं या फिर आंखें बहुत कम पानी बना पाती है। यह समस्या दोनों आंखों में हो सकती है। ड्राई आई सिंड्रोम होने पर सिर दर्द, गर्दन दर्द, धुंधला दिखना, जलन, आंखों का लाल होना जैसे संकेत मिलने लगते हैं। ड्राई आई सिंड्रोम से बचने के लिए कुछ फूड्स को आप अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं। जो आपकी आंखों का हाइड्रेट रखेंगे।

## ओमेगा-3 फैटी एसिड

आंखों को ड्राई आई सिंड्रोम से बचाने के लिए आप अपनी डाइट में ओमेगा-3 फैटी एसिड से युक्त फूड्स को शामिल करना चाहिए। यह पोषक तत्व आंखों में ड्राईनेस और जलन को कम करता है। विशेष रूप से ओमेगा-3 फैटी एसिड आपकी पलकों में या आपकी आंखों की सतह पर सूजन को कम करता है। साथ ही यह आंखों में मौजूद पानी को अपना काम बेहतर तरीके से करने में मदद करता है। ओमेगा-3 फैटी टूना फिश, सैल्मन फिश, नट्स और सीड्स, अखरोट, कद्दू के बीच, अलसी, चिया सीड, हरे पत्ते वाली सब्जियां आदि में भरपूर मात्रा में एसिड पाया जाता है।

## एंटीऑक्सीडेंट्स

आंखों की बीमारियों को सही करने में और आंखों के मसल्स को हेल्दी रखने में एंटीऑक्सीडेंट्स अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए ऐसे फूड का सेवन करें, जो एंटीऑक्सिडेंट में हाई हों। जैसे बेरीज, पत्तेदार सब्जियां, ब्रोकली, पालक आदि।

## विटामिन-E

विटामिन-E आंखों के लिए बेहद जरूरी है। ये आंखों के सेल्स को नुकसान होने से बचाता है। इसलिए विटामिन ई रिच फूड का सेवन करने से आंखों की रोशनी बेहतर रह सकती है। साथ ही आई ड्राईनेस से भी बचाव होता है। इसलिए आप अपनी डाइट में बादाम, पीनट बटर, अखरोट आदि शामिल करें।

# एक ही तरह का नहीं होता आई फ्लू, एक्सपर्ट से जानें कौन-सा है सबसे खतरनाक

बीते कुछ दिनों से देशभर में बारिश के कारण बिगड़ते हालातों की तस्वीरें लगातार सामने आ रही है। मानसून का यह सीजन अपने साथ सुहाना मौसम ही नहीं, बल्कि कई सारी समस्याएं भी लेकर आता है। इस मौसम में कई सारी बीमारियों और संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। आई फ्लू इन्हीं समस्याओं में से एक है, जो इन दिनों तेजी से फैल रहा है। देश के कई हिस्सों से लगातार आई फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे जरूरी है कि लोगों को इस बीमारी से जुड़ी सभी जानकारी पता हो। इस संक्रमण और इसके प्रकारों के बारे में विस्तार से जानने के लिए हमने फरीदाबाद के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल के ऑपथैल्मोलॉजी में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निखिल सेठ से बात की। आई फ्लू के बारे में बताते हुए डॉक्टर कहते हैं कि आई फ्लू, जिसे आमतौर पर पिंक आई या कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है, कंजंक्टिवा की सूजन है। कंजंक्टिवा एक पतली पारदर्शी परत है, जो आंख की सामने की सतह और पलकों के अंदर की रेखा को कवर करती है। वहीं, बात करें इसके प्रकारों की, तो आई फ्यू के निम्न प्रकार होते हैं-



## वायरल कंजंक्टिवाइटिस

कंजंक्टिवाइटिस का यह प्रकार सबसे अधिक प्रचलित है और एक वायरल संक्रमण के कारण होता है। यह अक्सर वही वायरस होते हैं, जो सामान्य सर्दी का कारण बनते हैं। यह संक्रमित आंखों के तरल पदार्थ के संपर्क में आने से फैलता है और बहुत संक्रामक होता है। आंखें लाल होना, फ्लूइड डिस्चार्ज, खुजली और प्रकाश संवेदनशीलता इसके लक्षण हैं। यह आमतौर पर एक या दो सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाता है।

## बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस

यह संक्रमण आमतौर पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस और स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया बैक्टीरिया के कारण होता है। इससे आंखों के चारों ओर रेडनेस, सूजन, चिपचिपा या मवाद जैसा डिस्चार्ज और पपड़ी जम जाती है। यह बहुत संक्रामक भी हो सकता है। बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस का इलाज आमतौर पर एंटीबायोटिक आई ड्रॉप या मलहम से किया जाता है।

## एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस

परागकण, पालतू जानवरों की रूसी, धूल के कण या कुछ रसायनों सहित अन्य एलर्जी आइ फ्यू के इस प्रकार का कारण बन सकती है। परिणामस्वरूप दोनों आँखों में गंभीर जलन, रेडनेस और तरल डिस्चार्च हो सकता है। एलर्जी से बचने के अलावा, एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस का इलाज अक्सर एंटीहिस्टामाइन आई ड्रॉप्स या ओरल दवाओं से किया जा सकता है और यह संक्रामक नहीं है।

## केमिकल कंजंक्टिवाइटिस

आई फ्लू का यह प्रकार धुएं, एसिड या अल्कलाइन जैसे पदार्थों के संपर्क में आने के बाद विकसित होता है। इसके परिणामस्वरूप आंखों में गंभीर खुजली, रेडनेस और ब्लर विजन हो सकती है। इसके इलाज का सबसे अच्छा तरीका सबसे पहले आंखों को पानी से अच्छी तरह से धोना और फिर डॉक्टर से संपर्क करना है।

## आई फ्लू से बचाव

इन दिनों तेजी से फैल रहे इस संक्रमण से बचने के लिए जरूरी है कि उचित सावधानी बरती जाए। ऐसे में डॉक्टर निखिल इससे बचाव के कुछ तरीके बता रहे हैं, जो निम्न हैं- हर 2 घंटे में बार-बार हाथ धोएं या सैनिटाइज करें आंखों को न छुएं।

आप इसके लिए चश्मा या गॉगल पहन सकते हैं। अगर आप आई फ्लू से संक्रमित हैं, तो खुद को आइसोलेट कर लें, जब तक आंखों से पानी आना बंद न हो। किसी ऐसे व्यक्ति के साथ तौलिया, रूमाल या बिस्तर साझा करने से बचें, जिसे कंजंक्टिवाइटिस है। कॉन्टेक्ट लेंस से बचें आंखों में परेशानी होने पर खुद इलाज करने से बचें। सार्वजनिक स्थानों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों, विशेषकर सार्वजनिक स्विमिंग पूल से बचें।

# लॉन्ग वीकेंड पर घूमने का बना रहे हैं प्लान तो इन पैकिंग टिप्स से करें आसान बनाएं ट्रिप

घूमना-फिरना कई लोगों को काफी पसंद होता है। रोज की भागदौड़ और काम के प्रेशर से दूर लोग सुकून के कुछ पल बिताने के लिए अक्सर वेकेशन की प्लानिंग करते हैं। कई बार छुट्टी न मिल पाने की वजह से घूमने की प्लानिंग नहीं कर पाते हैं। अगर आप भी छुट्टियां न मिलने की वजह से घूमने जा नहीं पा रहे हैं, तो अगस्त के महीने में वीकेंड ट्रिप प्लान कर सकते हैं। दरअसल, इस महीने एक नहीं, बल्कि दो लॉन्ग वीकेंड पड़ रहे हैं। ऐसे में ट्रिप प्लान करने के लिए अगस्त का महीना काफी परफेक्ट होगा। अगर लॉन्ग वीकेंड की प्लानिंग कर रहे हैं, तो जाहिर है कि आपको इसके लिए पैकिंग भी करनी ही होगी। अक्सर पैकिंग करते समय कई चीजें हमारे दिमाग से निकल जाती है, जिसकी वजह से हमारी ट्रिप प्रभावित होता है। अगर आप भी लॉन्ग वीकेंड के लिए पैकिंग कर रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे पैकिंग टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपने ट्रिप को आसान बना सकते हैं।




## अपने आउटफिट्स चुनें

यात्रा के दौरान ओवरपैकिंग आपके लिए परेशानी की वजह बन सकती है। ऐसे में ओवरपैकिंग से बचने के लिए यात्रा का एक कार्यक्रम बनाएं और उसके अनुसार कपड़े पैक करें। उन जगहों के बारे में जानकारी लें, जहां आप जाएंगे और मौसम के आधार पर अपने कपड़ों का चयन करें।

## सीमित फुटवियर रखें

ट्रिप पर जाते समय ऐसे फुटवियर अपने साथ रखें, जो हर हालात और कपड़े के मुताबिक सूटेबल हो। हर आउटफिट के साथ मैंचिग फुटवियर रखने से बचें, क्योंकि यह बैग में काफी जगह घेरते हैं।

## जरूरी सामान अलग रखें

अपने जरूरी सामान को हमेशा एक अलग थैली में ट्रैवल फ्रेंडली मिनी बोतलों में रखें। अपनी आवश्यक दवाओं के लिए एक छोटे आकार की अलग थैली बनाएं।



## चुनिंदा हेयर टूल्स साथ रखें

यात्रा के दौरान अपने साथ 1 या 2 ऐसे हेयर एक्सेसरीज ले जाएं, जिनका उपयोग आप अक्सर करते हैं। आजकल, होटल्स में आमतौर पर हेयर ड्रायर की सुविधा मौजूद रहती है, इसलिए इसे ले जाने से बचें। आप पहले से ही अपने होटल से इसकी जानकारी ले सकते हैं।

## भारी कपड़े पैक करने से बचें

यदि आप किसी ठंडी जगह पर यात्रा कर रहे हैं, तो कम कोट या जैकेट रखने का प्रयास करें, क्योंकि वे बहुत अधिक जगह घेरते हैं। ऐसे में आप जहां घूमने जा रहे हैं, वहां से भी खरीदारी कर सकते हैं, क्योंकि ठंडे मौसम में आमतौर पर अच्छे विकल्प उपलब्ध होते हैं।

## सही पैकिंग ऑर्डर में पैक करें

पैकिंग करने के सही ऑर्डर फॉलो करना बेहद जरूरी है। सही पैकिंग करने के लिए अपने भारी सामान को नीचे रखें और फिर उन पर हल्के सामान को जमाएं। साथ ही छोटे-मोट सामानों के लिए बैग की सभी जेबों का स्मार्ट तरीके से इस्तेमाल करें।

## जरूरी डॉक्यूमेंट्स को अलग फोल्डर

यात्रा के दौरान अपने जरूरी डॉक्यूमेंट्स को खोने से बचाने के लिए हमेशा उन्हें एक अलग फोल्डर और एक अलग जेब में रखना बेहतर होगा।

# गुलियन बेरी सिंड्रोम मरीज को कर सकती है पैरालाइज, कैसे करें बचाव

पेरू से पैरालिसिस के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसको देखते हुए पेरू की गवर्नमेंट ने स्टेट में नेशनल इमरजेंसी घोषित कर दी है। दरअसल, पेरू में गुलियन बेरी सिंड्रोम नाम की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। गुलियन बेरी सिंड्रोम एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है। इस बीमारी के कारण लोग पैरालाइज हो रहे हैं। पेरू में गुलियन बेरी सिंड्रोम के जून महीने में अब तक 182 मामले सामने आ चुके हैं।



## क्या है गुलियन बेरी सिंड्रोम

गुलियन बेरी सिंड्रोम एक ऐसी बीमारी हैं, जिसमें पीड़ित की इम्यूनिटी अपने शरीर के इम्यूनिटी के खिलाफ काम करने लगती है। इसलिए इसे ऑटो इम्यून डिसऑर्डर कहा जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह बीमारी बैक्टीरीयल या वायरल इंफेक्शन की वजह से होती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को कमजोरी के अलावा हाथ और पैरों में झुनझुनी होती है। इसके अलावा शुरुआत में सांस संबंधी बीमारी भी महसूस होती है, लेकिन लंबे समय के बाद शरीर पैरालाइज हो जाता है।

## कैसे होता है गुलियन बेरी सिंड्रोम

गुलियन बेरी सिंड्रोम की वजहों का कुछ सबूत नहीं मिल सका है। हालांकि इसको लेकर कई शोध किए गए हैं। इससे यह कहा जा सकता है कि यह बीमारी श्वास संबंधी या गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल में संक्रमण की वजह से होती है। ये भी कहना गलत नहीं होगा कि त्रक्रस् वैक्सीन के वजह से भी इसका खतरा बढ़ जाता है। वहीं एक शोध में इस बात का खुलासा भी हुआ कि जीका वायरस के बाद GBS तेजी से बढ़ा।

गुलियन बेरी सिंड्रोम का फिलहाल कोई उपचार नहीं हैं। लेकिन इसके उपचार के लिए प्लाज्मा फोरेसिस और हाई इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी दी जाती है। प्लाज्मा फेरेसिस इस बीमारी का खतरा कम करता है। हालांकि इसके उपचार के लिए शुरुआती दो हफ्ते बहुत मायने रखते हैं। इस दौरान अधिक ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। क्योंकि अगर ऐसा न हो, तो बॉडी पैरालाइज भी हो सकती है।

ऐसे करें बचाव

गुलियन बेरी सिंड्रोम से बचाव के लिए संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही रोजाना वर्कआउट या मेडिटेशन करें।

अपना वजन नियंत्रित रखें और अनहेल्दी लाइफस्टाइल को बाय-बाय कहें।

# सात दिन में सात आसान तरीकों से कम करें पेट की चर्बी, कम होगी कमर और वजन

अनियमित दिनचर्या और खराब खानपान के चलते मोटापा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। हर आयुवर्ग के लोग मोटापे से जूझ रहे हैं और इसकी वजह से कई बीमारियों के होने की संभावना भी बढ़ जाती है। फिट शरीर के साथ नियंत्रित वजन रखना सबसे बड़ा चैलेंज बनता जा रहा है। अगर आप भी अपने बढ़ते वजन और मोटापे से परेशान हैं, तो क्यों ना आप भी केवल सात दिनों का एक आसान सा चैलेंज लें और सात तरीके अपनाकर हैरानी भरे नतीजे देखें। इन सात तरीकों को एक सप्ताह तक अपनाने से ना केवल पेट की चर्बी कम होगी, बल्कि कमर का साइज भी घटेगा और आप भी अपना वजन कम कर सकते हैं, यह यकीन हो जाएगा। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप पर मशहूर योग



गु रु, आध्यात्मिक वक्ता, लेखिका और संस्कृति दार्शनिक आचार्य प्रतिष्ठा ने अपनी वीडियो पोस्ट में इस सात दिनों के चैलेंज की जानकारी दी है। आचार्य प्रतिष्ठा बताती हैं कि वजन कम करने के लिए सबसे पहले तो व्यक्ति को संयमित और प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके बाद नियमित होना होगा। जिससे होने वाले नतीजे देखकर इंसान आश्चर्यचकित हो जाएगा। तो अगर भी कमर का साइज कम करने के साथ फ्लैट ऐब्स पाना चाहते हैं, तो आज से ही इन सात तरीकों को अपनाना शुरू कर दें।

1. सोडा को कहें नहीं: किसी भी फॉर्म में सोडा लेना बंद कर दें। अपने शरीर में जितनी ज्यादा ऑक्सीजन लेंगे, उतना मेटाबॉलिज्म अच्छा होगा, उतना वजन कम करना बेहतर होगा और उतने ज्यादा फैट मॉलीक्यूल्स बर्न होकर बाहर जाएंगे। वहीं, हम जितना ज्यादा कॉर्बनडाईऑक्साइड लेंगे, उतना ज्यादा फैट यानी वसा शरीर में जमा होता जाएगा और वजन बढ़ जाएगा।

2. मैदा को कहें गुडबाय: सात दिनों तक मैदा किसी भी तरह से नहीं लेना है। यानी नान, ब्रेड, समोसा, बिस्कुट, भटूरे, पास्ता, पिज्जा जैसी कोई भी चीज ना लें।

3. मीठा बिल्कुल बंद: किसी भी तरह से यानी किसी भी फॉर्म में मीठा यानी शुगर लेना बंद कर दें। यह शुगर किसी भी फॉर्म में नहीं ली जानी चाहिए। यानी चीनी, मिठाई आदि छोड़ दें।

4. सॉफ्ट और हार्ड ड्रिंक को नो- इन सात दिनों को तपस्या की तरह मानें और किसी भी तरह की सॉफ्ट या हार्ड ड्रिंक मत लें। इस दौरान ध्यान रखें कि जब आपने सात दिनों का चैलेंज लिया है, तो उसे पूरा करें और एक घूंट लेने का भी मन करें, तो ना लें।

5. फ्राइड और जंक फूड नहीं: इस चैलेंज के दौरान किसी भी तरह का तला हुआ और जंक फूड नहीं लेना है। इसमें पूरी, पराठा, बाजार से आने वाली चीजों समेत डिब्बाबंद भोजन भी शामिल है।

6. पैदल चलना: इस दौरान रोजाना कम से कम 2000 कदम जरूर पैदल चलें। इस दौरान एक भी दिन आपकी यह एक्टिविटी छूटनी नहीं चाहिए। हां, आप चाहे तो 2000 से ज्यादा कदम भी चल सकते हैं। रोजाना योगाभ्यास: इन सात दिनों में आपको रोजाना योगाभ्यास जरूर करना होगा। अगर आप योगासन के बारे में नहीं जानते हैं तो इसे आचार्य प्रतिष्ठा के ऑनलाइन वीडियोज में भी देख सकते हैं। वहीं, अगर योग आता है, तो कुछ सुनिश्चित और वजन घटाने वाले योग करें। बस एक सप्ताह यानी सात दिनों तक इन सातों गतिविधियों का पालन करें और हैरान कर देने वाले नतीजे देखें।

# जल्द ही लगने वाली है हाथों में मेहंदी, तो ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए लगाएं यह उबटन



आज भी जब हेल्दी और ग्लोइंग स्किन की बात आती है, तो हमारी मॉम्स, नानी और दादी की त्वचा के आगे हम फीके नजर आते हैं। झुर्रियों ने भले ही उनके चेहरे को घेर लिया हो, लेकिन पिग्मिंटेशन, पिंपल और एक्ने स्कार्स जैसी समस्याएं उनसे अब भी अछूते हैं। वजह है पारंपरिक ब्यूटी ट्रीटमेंट पर उनका विश्वास। चाहे स्क्रब हो या पैक घरेलू सामग्री से बना उबटन आज भी उनकी पहली प्राथमिकता होती है। ऐसे ही एक अलग-अलग तरह की जड़ी-बूटियों, मसालों और नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से मिलकर तैयार होने वाले उबटन के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जो आपके ग्लोइंग स्किन पाने के सपने को पूरा कर सकता है। आइये जानते हैं उबटन के बारे में।

घर पर उबटन कैसे बनाएं

इंग्रीडिएंट्स

2 बड़े चम्मच बेसन

1/2 चम्मच हल्दी पाउडर

एक चुटकी केसर के लच्छे (1 चम्मच गर्म दूध में भिगोए हुए)

1 बड़ा चम्मच कच्चा दूध (तैलीय त्वचा के लिए दही)

1 चम्मच शहद (एक्स्ट्रा मॉइश्चर के लिए, ऑप्शनल)

गुलाब जल (आवश्यकतानुसार)

उबटन बनाने का तरीका

एक मिक्सिंग बाउल में बेसन और हल्दी पाउडर मिलाएं।

इसमें केसर भिगोया हुआ दूध मिलाएं। केसर रंग निखारने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।

अब इसमें कच्चा दूध (या दही) मिलाएं।

इस मिक्सचर में एक अगर चाहें, तो एक चम्मच शहद मिलाएं। यह नमी बनाए रखता है।

मिश्रण में धीरे-धीरे गुलाब जल डालें और हिलाते रहें जब तक एक स्मूद और थिक पेस्ट न तैयार हो जाए।

## चेहरे पर उबटन कैसे लगाएं

उबटन लगाने से पहले चेहरे से मेकअप और गंदगी हटा लें। इसके लिए चेहरे और गर्दन दोनों को अच्छी तरह से साफ करें।

उबटन को चेहरे और गर्दन पर सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे मालिश करें, ध्यान रखें कि, आंखों के नाजुक क्षेत्र को बचाएं।

उबटन को लगभग 15-20 मिनट तक स्किन पर लगा रहने दें, जिससे यह अपना जादू दिखा सके।

जब उबटन आधा सूख जाए, तो हाथों को गीला करें और चेहरे और गर्दन पर फिर से सर्कुलर मोशन में धीरे से मसाज करें। इससे स्किन एक्स्ट्रा एक्सफोलिएट होगी।

अब उबटन को गुनगुने पानी से धोएं, इसके बाद पोर्स को बंद करने के लिए ठंडे पानी की छींटे मारें।

अंत में तौलिए से थपथपाकर चेहरे को सुखा लें और मॉइश्चराइजर लगाएं। चाहें तो आप इस उबटन को हाथों और पैरों पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# कंसीव करना चाह रही हैं, तो डाइट में जरूर करें ऐसे आसान बदलाव



प्रेग्नेंसी कोई मैजिक फूड गर्भवती होने के लिए मदद नहीं करता है, एक साधारण बदलाव जो आप अपनी प्रजनन क्षमता को बढ़ा सकते हैं वह यह सुनिश्चित करना है कि आपके आहार में निम्नलिखित फूड ग्रुप्स से हेल्दी विकल्प शामिल हों। पोषण हमारी डाइट में एक अहम भूमिका निभाता है, इसका मतलब उस भोजन को खाने से है जो आपके शरीर को स्वस्थ रहने और ठीक से काम करने के लिए आवश्यक चीजें देता है। आपके शरीर को जिन मुख्य पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है वे हैं प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, हेल्दी फैट, विटामिन और मिनरल्स।

## पोषण और फर्टिलिटी

आप जो भी खाते हैं यानी जैसी आपकी डाइट है, वह आपके गर्भवती होने की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। हम यह जानते हैं कि गर्भवती होने के लिए हमारी डाइट संतुलित होनी चाहिए, जिसमें साबुत अनाज से लेकर हेल्दी फैट्स, प्रोटीन आदि सब होना चाहिए।

साबुत अनाज को डाइट में शामिल करें। यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करता है। दाल, बीन्स और सेब जैसे फल और सब्जियों को डाइट में ज्यादा से ज्यादा शामिल करें। तले हुए खाद्य पदार्थ, पेस्ट्री, बिस्किट, पाई और केक जैसे बेकरी फूड्स सैचुरेटेड यानी खराब फैट्स से भरे होते हैं, इन्हें खाने से बचें। हेल्दी फैट्स को डाइट में जरूर शामिल करें, जैसे एवोकाडो, नट्स, तैलीय मछली और बीज। मिठाइयां, बिस्किट, केक और फ़िज़ी ड्रिंक्स जैसे मीठे पदार्थों या ड्रिंक्स के सेवन से बचें।

## पुरुष, पोषण और प्रजनन क्षमता

पुरुष भी आहार में बदलाव कर गर्भधारण की संभावना में सुधार कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि डाइट से शुक्राणु की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिन फूड्स का प्रजनन क्षमता पर अच्छा प्रभाव पड़ता है, वे ऐसे हैं जो महिलाओं की प्रजनन क्षमता में मदद करते हैं। पुरुष अपनी डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं: बेकन और सॉसेज, शराब, कैफीन, रेड मीट जैसे प्रोसेस्ड फूड्स में सैचुरेटेड फैट्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो शुक्राणु की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।

# दो लोगों की मौत के बाद केरल प्रशासन अलर्ट

## कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए सात ग्राम पंचायत

**कोझिकोड।** निपाह वायरस को लेकर केरल अलर्ट पर है। मंगलवार को पुष्टि हुई कि इस वायरस की वजह से राज्य में दो लोगों की मौत हो गई। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि इस मामले को हमारी सरकार बड़ी गंभीरता से ले रही है। बता दें दोनों मृतक कोझिकोड के रहने वाले थे। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि वायरस से संक्रमित लोगों में से एक नौ साल का लड़का था। इस संक्रमण पर काबू पाने के लिए कोझिकोड प्रशासन ने सात ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। कंटेनमेंट जोन घोषित करने का मतलब है कि इस ग्राम पंचायतों को लेग एक खास सीमा के बाहर नहीं जा सकते हैं। एक फेसबुक पोस्ट के जरिए कोझिकोड जिला कलेक्टर ए गीता ने जानकारी दी कि जिन पंचायतों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है उनमें अतानचेरी, मारुथोंकारा, तिरुवल्लूर, कुट्टियाडी, कयाक्कोडी, विल्यापल्ली और कविलुम्परा शामिल हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, पुलिस को इन इलाकों की घेराबंदी करने को कहा गया है। आदेश के मुताबिक, केवल आवश्यक वस्तुएं और मेडिकल स्टोर्स को ही खोलने की अनुमति दी गई है। डीएम ने आगे आदेश दिए कि आवश्यक सामान बेचने वाली दुकानों को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। फार्मेसियों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए कोई समय सीमा नहीं दी गई है। आदेश के मुताबिक, स्थानीय स्व-सरकारी संस्थान और ग्राम कार्यालय न्यूनतम कर्मचारियों के साथ कार्य कर सकते हैं। कलेक्टर ने आगे कहा कि बैंक, अन्य सरकारी या अर्ध-सरकारी संस्थान, शैक्षणिक संस्थान और आंगनबाड़ी संचालित नहीं होने चाहिए। डीएम ने आगे बताया,÷जनता को ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करना चाहिए और स्थानीय स्व-सरकारी संस्थानों में जाने से बचना चाहिए। कंटेनमेंट जोन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाली बसें या वाहन प्रभावित क्षेत्रों में नहीं रुकने चाहिए। पोस्ट में कहा गया है कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और जिला परिवहन अधिकारी द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने चाहिए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बुधवार को कहा है, परसों रात को ही स्वास्थ्य विभाग ने एक उच्च स्तरीय बैठक की और सभी उच्च अधिकारी कोझिकोड गए। प्रोटोकॉल के आधार पर 16 समितियां बनाई गई हैं। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में 75 कमरे तैयार किए गए हैं। उन्होंने आगे जानकारी दी कि कोझिकोड जिले के दो केंद्रों और इसके आसपास के पांच किलोमीटर के दायरे को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। मंगलवार को कोझिकोड में पत्रकारों से बात करते हुए राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि इस वायरस की जांच से जुड़े पांच सैंपल्स में से तीन का टेस्ट पॉजिटिव आया है।

**आदेश**

**डीएम ने आगे आदेश दिए कि आवश्यक सामान बेचने वाली दुकानों को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक खोलने की अनुमति होगी।**



# राजस्थान मुख्यमंत्री गहलोत ने कोटा की यात्रा की रद्द, पूर्व भाजपा विधायक ने दिया धन्यवाद

**जयपुर (राजस्थान)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कोटा में एक बहुचर्चित चंबल रिवरफ्रंट का उद्घाटन करना था, लेकिन सीएम गहलोत ने अपनी यात्रा को रद्द कर दिया है।

सीएम गहलोत द्वारा उनकी यात्रा को रद्द करने के बाद भाजपा के पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजल ने उन्हें धन्यवाद दिया है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन मंगलवार को होना था, लेकिन गहलोत ने एक दिन पहले ही अपना दौरा रद्द कर दिया।

मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में गुंजल ने दावा किया कि सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रिवरफ्रंट का निर्माण नियमों के खिलाफ था।

उन्होंने कहा, सोमवार को मैंने मुख्यमंत्री को बताया कि रिवरफ्रंट का निर्माण कानून का उल्लंघन कर किया गया है। इसके निर्माण में पूरे नियमों का उल्लंघन किया गया है। गुंजल ने दावा किया कि जब मुख्यमंत्री ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों को बुलाया और कागजात की जांच की, तो उनकी बात सच निकली, तब मुख्यमंत्री और सरकार ने स्वीकार किया कि कहीं न कहीं गलती हुई है और मुख्यमंत्री ने अपना दौरा रद्द कर दिया।



उन्होंने कहा, इस पूरे प्रकरण में शामिल सभी अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि 1500 करोड़ रुपये का सरकारी पैसा बर्बाद किया गया है और यह सारा खर्च सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, वन्य जीव निकाय आदि के नियमों की अनदेखी करते हुए किया गया है और यह सब सरकारी स्तर पर हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि चंबल रिवरफ्रंट निर्माण के शुरू से लेकर पूरा होने तक के सभी टेंडरों की पूरी फाइल तलब कर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए।

बीजेपी नेता ने कहा कि रिवरफ्रंट डेवलपमेंट के नाम पर करोड़ों रुपये का कमीशन लिया गया है। उन्होंने कहा, अगर अभी जांच नहीं हुई तो हमारी सरकार आने पर इसकी जांच करायी जाएगी और दोषी अधिकारियों को जेल जाना होगा।

# इंफाल वेस्ट जिले के कौट्रक गांव में बंदूकधारियों ने बम से किया हमला, गांववालों के बीच मची अफरा-तफरी

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में फिर एक ताजा घटना देखने को मिली। इस हिंसात्मक हमले में गांववालों पर बम फेकें गए। राज्य के इंफाल वेस्ट जिले के एक गांव में अज्ञात बंदूकधारियों ने लोगों पर हमला किया और बम फेंके। यह वही जगह है जहां मंगलवार को तीन लोगों की जान गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि संदेह है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों के सदस्य थे। इंफाल वेस्ट जिला कांगपोकपी से सटा है, जहां एक दिन पहले तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, कौतरुक गांव में मंगलवार देर रात हथियारबंद लोगों ने कम से कम 10 बम फेंके। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि कौट्रक गांव में हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया इस गांव में हथियारबंद लोगों ने मंगलवार देर रात कम से कम दस बम फेंके। एक अधिकारी ने बताया कि बम हमले से ग्रामीणों के बीच दहशत फैल गई और पूरे इलाके में तैनात भारतीय रिजर्व बटालियन के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं। राज्य में जो ताजा हिंसा हुई वह अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा मंगलवार सुबह कांगपोकपी जिले के खारम वैफेई गांव के पास आदिवासी समुदाय के तीन लोगों की हत्या करने के बाद हुई है। इस हिंसा का गैरकानूनी आतंकवादी समूहों के सदस्यों द्वारा की गई हिंसा का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कई हिस्सों में अभी भी तनाव बना हुआ है क्योंकि तीन लोगों की हत्या के बाद नए हमलों की आशंका है।

**घटना**

**पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि कौट्रक गांव में हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।**



# बीजेपी विधायक बनने का सपना दिखाकर लूटे चार करोड़

**बेंगलुरु।** इसी साल मई महीने में संपन्न हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी का टिकट दिलाने ने नाम पर एक हिंदी महिला कार्यकर्ता द्वारा उद्योगपति से 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उद्योगपति से धोखाधड़ी के आरोप में कार्यकर्ता चैत्र कुंडपुरा को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद स्पेशल विंग सिटी सेंट्रल ब्रांच पुलिस ने मंगलवार देर रात आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चैत्र कुंडपुरा ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बैंदुर विधानसभा से गोविंदा बाबू पुजारी को बीजेपी से टिकट दिलाने का वादा किया था। महिला ने दावा किया था कि वह आरएसएस के नेताओं को जानती है जो उसे टिकट दिला सकते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला ने पीड़ित गोविंदा बाबू को जब भी बुलाया गया, वे बेंगलुरु आए। इस दौरान चैत्र कुंडापुरा ने लोगों के साथ कई बैठकें भी आयोजित कीं, इन बैठकों को महिला ने बीजेपी आलाकमान के स्तर पर निर्णय लेने वालों के तौर पर पेश किया। आरोपी महिला ने कथित तौर पर उद्योगपति गोविंदा बाबू से 4 करोड़ रुपये लिए थे। हालांकि, जब गोविंदा बाबू को कर्नाटक विधानसभा का टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने महिला कुंडापुरा से अपने पैसे वापस करने को कहा। गोविंदा बाबू ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि आरोपी महिला ने उसके पैसे वापस करने से मना कर दिया था और उसे धोखा दिया।



## कर्नाटक में शराबी बेटे ने अपनी मां पर किया कुल्हाड़ी से हमला, अस्पताल में महिला ने तोड़ा दम

**बीदर (कर्नाटक)।** कर्नाटक में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शराबी बेटे ने अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। बेटे ने अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे जिसके बाद मां ने मना कर दिया और बेटे ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यकर्नाटक के बीदर जिले में एक 55 वर्षीय महिला की उसके शराबी बेटे ने हत्या कर दी। इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। यह घटना बीदर शहर के चेट्टी गली में हुई और मृतक की पहचान शकुंतला राजकुमार शिंदे के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी दीपक गायब हो गया और उसे पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच है 2000 साल पुराना नाता, राजदूत ने बताया दोनों देशों के बीच का कनेक्शन

**नई दिल्ली।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज चल रही है। उम्मीद है कि अगले साल से रामभक्त रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसी बीच मंगलवार को दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने अयोध्या भारत और दक्षिण कोरिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए निमंत्रण देती है दक्षिण कोरिया को इस समारोह में शामिल होने पर खुशी होगी। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार या यूपी सरकार को राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देनी चाहिए। अगर भारत सरकार आधिकारिक निमंत्रण देती है तो दक्षिण कोरिया इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोशिश करेगा। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में संबोधित करते हुए चांग जे-बोक ने कहा अयोध्या ऐतिहासिक रूप से हम दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि हमारी इतिहास की किताबों में बताया गया कि 2000 साल पहले एक भारतीय राजकुमारी की कोरियाई राजा से शादी हुई थी। राजकुमारी का संबंध अयुता से था। चांग जे-बोक ने कहा कोरियाई भाषा में अयुता का मतलब अयोध्या है। हालांकि, उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया को उद्घाटन समारोह पर अब तक कोई पत्र या जानकारी नहीं मिली है। बताते चलें कि बुधवार (13 सितंबर) को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने जानकारी दी कि श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई के दौरान प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। जिसमें कई मूर्तियां और स्तंभ शामिल हैं। उन्होंने ये जानकारी अपने एक्स हैंडल के जरिए साझा की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 अगस्त को अयोध्या में चल रहे राम मंदिर निर्माण का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान राम के दर्शन किए। राम मंदिर का निर्माण कार्य जोर शोर से चल रहा है। बता दें कि 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के लिए भूमि

# मेक इन इंडिया का डंका रूस में भी बजा, प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की तारीफ कर पुतिन ने कहा, सही काम कर रहे हैं

**व्लादिवोस्तोक, (रूस),।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। पुतिन ने मंगलवार (12 सितंबर) को पीएम मोदी की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा की मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। पुतिन ने 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में रूसी निर्मित कारों पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की है। पुतिन ने कहा कि घरेलू स्तर पर निर्मित ऑटोमोबाइल का उपयोग किया जाना चाहिए और भारत पहले ही पीएम मोदी के नेतृत्व में अपनी नीतियों के माध्यम से इसका उदाहरण पेश कर चुका है। फोरम में एक संबोधन में पुतिन ने कहा, आप जानते हैं, हमारे पास तब घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं। यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी कारों की तुलना में अधिक मामूली दिखती हैं, जिन्हें हमने भारी मात्रा में 1990 के दशक में खरीदा था। लेकिन, यह कोई मुद्दा नहीं है। मुझे लगता है कि हमें अपने कई साझेदारों का अनुकरण करना चाहिए, उदाहरण के लिए, भारत। वे भारतीय निर्मित वाहनों के निर्माण और उपयोग पर केंद्रित हैं। मुझे लगता है कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी सही काम कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि रूस निर्मित ऑटोमोबाइल का उपयोग करना बिल्कुल ठीक है। पुतिन ने कहा, हमारे पास रूसी निर्मित ऑटोमोबाइल हैं और हमें उनका उपयोग करना चाहिए। इससे हमारे डब्ल्यूटीओ दायित्वों का कोई उल्लंघन नहीं होगा, बिल्कुल नहीं। यह राज्य खरीद से संबंधित होगा। पुतिन ने व्लादिवोस्तोक में कहा, हमें इस बारे में एक चेन बनानी चाहिए कि विभिन्न वर्गों के अधिकारी कौन सी कारें चला सकते हैं, ताकि वे घरेलू स्तर पर निर्मित कारों का उपयोग कर सकें। पुतिन की यह टिप्पणी भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ द्वारा शनिवार को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद आई है।

**निर्मित**

**फोरम में एक संबोधन में पुतिन ने कहा, आप जानते हैं, हमारे पास तब घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं।**




## वियतनाम के हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग, 30 लोगों की मौत की खबर

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में भीषण आग लगने से तीस लोगों की जान गई है। न्यूज एजेंसी रायटर्स ने आधिकारिक समाचार एजेंसी का हवाला देते हुए कहा कि बुधवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में आग लगने से 30 लोगों के मारे जाने और पचास लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं, अबतक अधिकारियों ने मौतों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। 150 निवासियों वाली इमारत में आधी रात को आग लगी। एजेंसी द्वारा दिए गए जानकारी में बताया गया कि आग लगने के बाद देर रात 2 बजे (1900 जीएमटी) तक उसपे काबू पा लिया गया था। अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से लगभग एक दर्जन लोगों के मरने की आशंका बताई जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन बचाव कार्य जारी है।

# दादा-पिता की तरह ट्रेन से सफर करते हैं किम जोंग

**न्यूयॉर्क।** उत्तर कोरिया की हरी ट्रेन की तस्वीर इस समय हर जगह छाई हुई है। अमेरिका से लेकर भारत तक इस ट्रेन की चर्चा हो रही है। 10 सितंबर की दोपहर को तानाशाह नेता किम ने इस हरी ट्रेन से रूस की यात्रा की थी। 12 सितंबर को वह रूस पहुंचे थे और अब किम यहां राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक सीक्रेट मीटिंग करेंगे। किम की इस स्पेशल ट्रेन को खासकर पिता और बेटे के लिए डिजाइन किया गया था। इस स्पेशल ट्रेन से किम के दादा किम इल सुंग और पिता किम जोंग इल ने भी रूस की यात्रा की थी और अब इस सदियों पूरानी परंपरा को बेटा और पोता किम जोंग पूरी तरह से निभाते हुए नजर आ रहे है। जब उत्तर कोरिया के वंशवादी तानाशाहों की बात आती है, तो ट्रेन यात्रा की परंपरा पीढ़ियों तक फैली हुई है। इसका प्रमाण कुमसुसन पैलेस में देखने को मिल जाता है, जहां किम जोंग उन के पिता और दादा की ट्रेन कारों के पुनर्निर्माण और प्रदर्शित अवशेष शामिल हैं। उत्तर कोरियाई के तानाशाह नेता अत्याधिक सुरक्षित ट्रेनों से घरेलू और कभी-कभी विदेश की यात्रा करते थे। उत्तर कोरिया की स्थापना 1950-53 के युद्ध के बाद हुई। देश के संस्थापक किम इल सुंग और उनके बेटे किम जोंग इल ने 1948 से 1994 और 1994 से 2011 तक शासन किया। किम के पिता, उत्तर कोरिया के संस्थापक और महान नेता किम इल सुंग द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली इस ट्रेन में 1960 और 1970 के दशक की कई चीजें भी थी। किम इल सुंग और किम जोंग इल दोनों अक्सर इस हरी ट्रेन से यात्रा करते थे। क्योंकि दोनों ही नेताओं को विमान से डर लगता था। उत्तर कोरिया के दो बड़े तानाशाह नेताओं का इस ट्रेन से काफी गहरा नाता रहा। चाहे सुरक्षा, आराम या व्यक्तिगत पसंद हो, किम जोंग अपने पूर्वजों की परपंरा को पूरी शिद्दत के साथ निभा रहे हैं।



## भारतीय वायु सेना की बढ़ी ताकत, भारत को मिला पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

**सेवील।** भारतीय वायु सेना की ताकत और बढ़ चुकी है। वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी स्पने के सेवील शहर में मौजूद हैं। विमान निर्माता कंपनी एयरबस ने भारत के लिए सी-295 टैक्टिकल मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन तैयार किया, जिसे बुधवार को भारत को सौंपा गया। भारत सरकार ने एयरबस के साथ 56 एयरक्राफ्ट के लिए सौदा किया है।

# जेल से इतनी जल्दी आजाद नहीं होंगे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, 26 सितंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें थमने का नाम ही नहीं ले रही है। राज्य की गुप्त जानकारी लीक करने के मामले में पीटीआई चीफ की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। इमरान खान के वकील नईम पंजुथा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए नईम ने लिखा, इमरान खान की जेल हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि, भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 5 अगस्त को गिरफ्तारी के बाद से इमरान खान अटॉक जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशखाना भ्रष्टाचार में इमरान खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया था, लेकिन पिछले महीने एक विशेष अदालत द्वारा सिफर मामले में इमरान खान की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पहले 11 सितंबर को इमरान खान ने अटॉक जेल अधीक्षक के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही की मांग की थी, क्योंकि उन्हें अपने बेटों कासिम और सुलेमान से बात करने की अनुमति नहीं मिली थी। हालांकि, 12 सितंबर को इमरान खान को स्पेशल कोर्ट से बड़ी राहत मिली। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम विशेष अदालत ने इमरान खान को 15 सितंबर तक अपने बेटों से फोन पर बात करने की अनुमति दे दी है। बता दें कि इमरान खान लंबे समय से अपने वकीलों के साथ-साथ अपने बेटों से भी बात करने की मांग कर रहे हैं।



## किम जोंग के रूस दौरे के बीच उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, जापान ने जारी की इमरजेंसी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन इस समय रूस के दौरे पर हैं। इस बीच जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बड़ी और हैरान करने वाली जानकारी दी है। जापान के पीएमओ ने एक्स पर बताया है कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। इसके साथ ही जापान ने देश में इमरजेंसी अलर्ट जारी कर दिया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ और जापानी तट रक्षक ने बुधवार (13 सितंबर) को कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। हालांकि, बैलिस्टिक मिसाइल के आकार या रेंज के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

# महाभियोग के चक्र में फंसे जो बाइडन

**वाशिंगटन।** नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति भारी मुसीबत में घिर गए है। रिपब्लिकन सांसदों ने मंगलवार को जो बाइडन के खिलाफ महाभियोग की जांच शुरू कर दी है।

रिपब्लिकन हाउस के सदस्यों ने डेमोक्रेट बाइडन पर अपने बेटे हंटर के विदेश में विवादास्पद व्यापारिक सौदों के बारे में अमेरिकी लोगों से झूठ बोलने का आरोप लगाया है। बता दें कि अगले साल 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव होने है और इससे पहले ही जो बाइडन पर मुसीबतों को पहाड़ टूट पड़ा है। क्या और कैसे होगी प्रक्रिया? आइये जान लेते है।

अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि कांग्रेस देशद्रोह, रिश्वतखोरी या अन्य उच्च अपराधों और दुष्कर्मों की स्थिति में राष्ट्रपति पर महाभियोग चला सकती है। इसकी जांच संसदीय समिति द्वारा की जाएगी। महाभियोग की प्रक्रिया दो चरण में चलाई जाती है। सबसे पहले, निचले प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रपति के खिलाफ लगाए गए आरोपों का विवरण और महाभियोग पर साधारण बहुमत से मतदान होता है। इसके बाद सीनेट राष्ट्रपति पर मुकदमा चलाती है। बहस के बाद, 100 सीनेटर हर एक आर्टिकल पर वोट करता है। दोषी ठहराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है, अगर ऐसा नहीं हो पाया तो राष्ट्रपति को बरी कर दिया जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि किसी भी राष्ट्रपति को महाभियोग द्वारा कभी भी पद से हटाया नहीं गया है। जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर थे तब सदन ने 2019 में और फिर 2021 में उन पर महाभियोग आर्टिकल को मंजूरी दी थी। हालांकि, दोनों बार में ही सीनेट ने ट्रंप को बरी कर दिया था। वर्तमान में अमेरिकी सीनेट पर डेमोक्रेट्स का नियंत्रण है, जिससे बाइडन पर महाभियोग की जांच चलाना असंभव माना जा रहा है।

इस साल सदन में बहुमत हासिल करने के बाद, रिपब्लिकन सांसदों ने दावा किया कि उनके पास बाइडन के खिलाफ गंभीर और विश्वसनीय आरोप हैं। स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने इसकी जानकारी दी। वहीं, डेमोक्रेट्स का कहना है कि2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी महाभियोग की जांच से ट्रम्प को प्रतिनिधि सभा को अपने खेमे में करने में आसानी होगी।

महाभियोग की जांच से, 91 आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं ट्रम्प की कानूनी कार्रवाई से जांत समिति का ध्यान भटकेगा। बाइडन की ईमानदारी की छवि उनके बेटे के मामलों के कारण धूमिल हो सकती है।

**विदेश**

**रिपब्लिकन हाउस के सदस्यों ने डेमोक्रेट बाइडन पर अपने बेटे हंटर के विदेश में विवादास्पद व्यापारिक सौदों के बारे में अमेरिकी लोगों से झूठ बोलने का आरोप लगाया है।**



## क्या आप I.N.D.I.A गठबंधन का नेतृत्व करेंगी, जब श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पूछ लिया ममता बनर्जी से सवाल

**दुबई।** दुबई और स्पेन के 11 दिवसीय दौरे पर रवाना हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अचानक श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात हुई। इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A के नेतृत्व को लेकर एक सवाल पूछ लिया, जिस पर ममता बनर्जी मुस्कुरा गईं। दरअसल, दुबई एयरपोर्ट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुलाकात श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। हालांकि, इस बातचीत के दौरान रानिल विक्रमसिंघे ने विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A के नेतृत्व को लेकर उनसे सवाल कर लिया।

# एसिक्स ने भारत के टॉप मैन्स सिंगल्स प्लेयर सुमित नागल के साथ अपने एथलीट्स की टीम को बनाया सशक्त

**लखनऊ।** जाने-माने जापानी स्पोर्ट्स परफोर्मेन्स ब्राण्ड एसिक्स ने भारत के टॉप मैन्स सिंगल्स टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह टेनिस में भारत के रैंक 1 का खिताब है। एसिक्स के साथ उनकी साझेदारी उनकी यात्रा में नया बेंचमार्क होगी, जो उनके परफोर्मेन्स को और भी बेहतर बनाएगी। अबसे प्रतिभा को बढ़ावा देने के प्रयास में सुमित नागल के साथ एसिक्स की साझेदारी ब्राण्ड का एक और उल्लेखनीय कदम है, जब टेनिस के अन्य दिग्गज जैसे रोहण बोपान्ना और करमन कौर थांडी पहले से ब्राण्ड के साथ जुड़े हुए हैं। ये तीनों असाधारण एथलीट्स, ताकत, क्षमता और समर्पण जैसे गुणों का प्रतीक हैं जो एसिक्स का पर्याय हैं।




आधिकारिक घोषणा लखनऊ स्थित ऑफिशियल एसिक्स स्टोर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई, जो भारत की टॉप टेनिस प्रतिभा को बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त बनाने की एसिक्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्तमान में सुमित नागल के पास मैन्स सिंगल्स प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के दौरान नागल एसिक्स के परिधानों और फुटवियर में नज़र आएंगे। उनका असाधारण कौशल, अटूट समर्पण और खेल के लिए गहन प्रतिबद्धता, एसिक्स के कोर मूल्यों के अनुरूप हैं, ऐसे में ब्राण्ड का उनसे जुड़ना स्वाभाविक है। टेनिस

## इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान लांच किया है

**लखनऊ।** इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने एक अनूठी पेशकश - इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान पेश की है। यह अनूठी योजना व्यक्तियों को वित्तीय सुरक्षा और बचत का एक सहज कांबिनेशन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए विरासत और धन योजना में मदद करते हुए उनकी दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करता है। इंडियाफर्स्ट लाइफ गारंटीड सिंगल प्रीमियम प्लान (जीएसपीपी) एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, सिंगल प्रीमियम बचत योजना है, जो लंबी पॉलिसी अवधि में ग्राहक को गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान करती है। पॉलिसी शुरू होने से पहले एकमुश्त प्रीमियम भुगतान के साथ, ग्राहक एक ही पॉलिसी से वित्तीय सुरक्षा और बचत के दोहरे लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



## फिट्जी का बिंग बैंग एज टेस्ट उम्मीदवार छात्रों को शानदार परिणाम पाने का रास्ता दिखाएगा"


**लखनऊ।** बिग बैंग एज टेस्ट छात्रों को उनकी क्षमता गहराई से समझने में सहायक सर्वाधिक वैज्ञानिक साधन है जो उन्हें अधिक सोच-समझ कर और सबसे सही करियर का निर्णय लेने में सहायक होगा। फिट्जी का ऑफलाइन बिग बैंग एज टेस्ट 22 और 29 अक्टूबर, 2023 को होगा। वर्तमान में कक्षा V, VI, VII, VIII, IX, X & XI के छात्र यह परीक्षा दे सकते हैं और इसके लिए अपनी सुविधा से परीक्षा की तिथि चुन सकते हैं। ईस्कूल प्रोग्राम की परीक्षा ऑनलाइन होगी।फिट्जी लखनऊ सेंटर के मैनेजिंग पार्टनर और प्रमुख श्री नितिन कृष्ण दूबे ने कहा, "फिट्जी ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में निस्संदेह गोल्ड स्टैंडर्ड कायम किया है। युवा प्रतिभाओं को सफलता के लिए तैयार करने में संस्थान के समर्पण की लोग सराहना करते हैं।

# टाटा एआईए ने पेश किया प्रो-फिट

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए लाइफ) ने टाटा एआईए प्रो-फिट लॉन्च किया है, जो नवोन्मेषी और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जा सकने वाला स्वास्थ्य समाधान है और यह हर किसी की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करता है। यह असाधारण योजना, पॉलिसी धारक के मेडिकल खर्चों और स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती (वेलनेस) लाभों के लिए व्यापक कवरेज प्रदान करती है और धन सृजन का अवसर देती है, जो स्वास्थ्य आपातकालीन निधि के रूप में दोगुनी हो जाती है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2021 के अनुसार, 65त्न चिकित्सा व्यय का भुगतान आउट-ऑफ-पॉकेट (ओओपी) शुल्क के रूप में किया जाता है। कई मामलों में, लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों में अपनी दीर्घकालिक बचत का उपयोग किया क्योंकि उन्हें अपनी बुनियादी स्वास्थ्य कवर पॉलिसी अपर्याप्त लगी। टाटा एआईए का प्रो-फिट निम्नलिखित लाभों के साथ ऐसी किसी परिस्थिति से सुरक्षा प्रदान करता है: नए समाधान के लॉन्च की घोषणा करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी, समित उपाध्याय ने कहा, गंभीर बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है और अक्सर चिकित्सा लागत बहुत अधिक हो सकती और जीवन पर असर बहुत होता है। यहां तक कि अगर पूरी तरह से इलाज हो भी जाए तब भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जो फिर से हो सकती है। इसके अलावा, निदान के बाद और इलाज पर बहुत पैसा खर्च होता है। दरअसल, भारत में कुल स्वास्थ्य व्यय का 65त्न अपनी जेब से खर्च होता है और इससे देश में स्वास्थ्य कवरेज की प्रकृति और सीमा में महत्वपूर्ण अंतर का संकेत मिलता है। टाटा एआईए प्रो-फिट हेल्थ प्लान एक ऐसी योजना है जो आपकी स्वास्थ्य यात्रा में साथ देने और आपकी चुनी हुई अवधि तक या यहां तक कि आपके पूरे जीवन काल के लिए कवरेज प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह योजना आपको बीमारी की आरंभिक पहचान से लेकर रोकथाम, उपचार और रिकवरी तक सुरक्षा प्रदान करती है। यह सुविधा, मेडिक्स और वाइटैलिटी जैसी मूल्यवर्धित सेवाओं के ज़रिये प्रदान की जाती, जो एक अद्वितीय व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम (बिहेवियरल चेंज प्रोग्राम) है और यह सक्रिय रूप से आपके स्वस्थ विकल्पों में मदद और अधिकतम लाभ लेने में मदद करती है। किसी पंजीकृत चिकित्सक (रजिस्टर्ड प्रैक्टिशनर) के सिफारिश करने पर योजना से स्वास्थ्य संबंधी निकासी कर-मुक्त होगी (प्रचलित आयकर कानूनों के अनुसार आयकर लाभ उपलब्ध होंगे)। इसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी, पंचकर्म, पोषण आदि जैसी पूरक और वैकल्पिक दवाओं से संबंधित खर्च शामिल होंगे। यह समाधान भारत या विदेश में स्वास्थ्य संबंधी खर्च के लिए भी कवरेज प्रदान करता है। इसके अलावा, उपभोक्ता वाइटैलिटी वेलनेस कार्यक्रम से लाभ उठा सकते हैं, जिसमें तंदुरुस्ती की प्रक्रिया का पालन करने के लिए पुरस्कार, मुफ्त स्वास्थ्य जांच सेवाएं आदि शामिल हैं।

# भारत में स्वस्थ आहार के रूप में बादाम को शीर्ष स्नैकिंग विकल्प के रूप में चुना गया

**नई दिल्ली।** हाल ही में 24 जनवरी से 6 फरवरी 2023 के बीच कैलिफोर्निया के बादाम बोर्ड द्वारा किए गए यूगॉव सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत के अधिकांश शहरी क्षेत्रों में



जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग में वृद्धि दर्ज हुई है। सर्वेक्षण ने जहां भारत में बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला, वहीं इन स्वास्थ्य समस्याओं से लड़ने के लिए अपनाई जाने वाली कुछ प्रमुख रणनीतियों का भी खुलासा किया, जैसे संतुलित आहार का सेवन, व्यायाम और हैल्दी नाश्ता। स्वस्थ स्नैकिंग श्रेणी में एक उल्लेखनीय जिक्र बादाम का था। सर्वेक्षण के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख-आहार विज्ञान, मैक्स हेल्थकेयर - दिल्ली ने कहा स्वस्थ आहार बनाए रखना समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है और यह सर्वेक्षण उस तथ्य का एक प्रमाण है। एक भोजन जिसने अपने स्वास्थ्य लाभों के लिए ध्यान आकर्षित किया है वह है बादाम। बादाम पोषक तत्वों से भरपूर एक भोजन है जो विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम सहित आवश्यक विटामिन और खनिजों की प्रचुर मात्रा प्रदान करता है। वे स्वस्थ वसा, फाइबर और प्रोटीन का भी एक स्वस्थ स्रोत हैं। बादाम का नियमित सेवन विभिन्न स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है, जैसे हृदय रोग के जोखिम को कम करना, रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार और वजन प्रबंधन को बढ़ावा देना। सर्वेक्षण के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, पोषण और वैलनेस सलाहकार, शीला कृष्णास्वामी ने कहा, ÷सर्वेक्षण व्यावहारिक है और बादाम को टॉप पसंदीदा नट के रूप में सही पाया गया है। बादाम के पोषक तत्वों को देखते हुए, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इन मेवों को भारतीयों के सबसे पसंदीदा स्वस्थ स्नैक्स में से एक माना गया है। बादाम पोषक तत्वों का एक प्राकृतिक स्रोत हैं और प्रोटीन, विटामिन ई, कैल्शियम, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। इनमें आवश्यक वसा भी होती है जो हृदय के लिए अच्छी साबित होती है। वास्तव में, शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार योजना के एक हिस्से के रूप में दैनिक बादाम का सेवन, स्वस्थ रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। एमबीबीएस और पोषण विशेषज्ञ, डॉ. रोहिणी पाटिल ने कहा यह देखना अच्छा है कि सर्वेक्षण के अनुसार बादाम भारतीय आहार में शीर्ष नट के रूप में उभरा है। बादाम बेहद पौष्टिक होते हैं और प्रोटीन और कैल्शियम का पौधा-आधारित स्रोत हैं।

## गति ने सर्विस डिलीवरी की क्षमताओं को बढ़ाकर कर ली त्योहारी सीजन की बढ़ी मांग पूरी करने की तैयारी

**लखनऊ।** भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन व सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड (जीईएससीपीएल) ने कॉमर्स डोमेन के साथ-साथ व्हाइट गुड्स, कंज्यूमर



ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी सेगमेंट में त्योहारी सीजन के दौरान मांग में आने वाली वृद्धि को पूरा करने के लिए अपनी वेयरहाउसिंग और डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है. जीईएसपीएल ने अपनी क्षमता और दक्षता को लगातार बढ़ाया है, जिसके कारण वह पूरे साल में किसी भी समय 20 फीसदी ज्यादा कार्गो को हैंडल करने में सक्षम है.जीईएससीपीएल मुंबई के बाहरी इलाके भिवंडी में 1.48 लाख वर्ग फुट के अत्याधुनिक व टेक-इनेबल्ड सर्फेस ट्रांसशिपमेंट सेंटर एंड डिस्ट्रीब्यूशन वेयरहाउस (एसटीसीडीडब्ल्यू), फारुख नगर में 1.5 लाख वर्ग फुट के सर्फेस ट्रांसशिपमेंट सेंटर (एसटीसी) और इंदौर, नागपुर, गुवाहाटी और बेंगलुरु (अपकमिंग) में क्रमशः 39,140 वर्ग फुट, 50 हजार वर्ग फुट, 40 हजार वर्ग फुट और 1.46 लाख वर्ग फुट की क्षमता वाले एसटीसी के साथ बेहतर रीच ऑफर करती है, क्योंकि उसकी उपस्थिति पूरे देश के रणनीतिक स्थानों पर है. जीईएससीपीएल त्योहारी सीजन के दौरान उन क्षेत्रों में एसएमई को भौगोलिक दृष्टि से ज्यादा बड़ा बाजार बनाने में मदद करेगी.गति लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स) राजेश गौरीनाथ ने त्योहारी सीजन की तैयारियों के बारे में कहा, ÷हम बढ़ी त्योहारी मांग और ऑर्डर वॉल्यूम में बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए अपनी बढ़ी हुई डिलीवरी क्षमताओं के साथ पूरी तरह से तैयार हैं. हमें उम्मीद है साल वर्ष त्योहारी मांग में 18-20 फीसदी की वृद्धि होगी।

## कानपुर में महिला सशक्तिकरण, जेंडर इक्वलिटी और महिलाओं के लिए उद्यमिता पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुई कोटो कम्युनिटी

**कानपुर।** जेंडर इक्वलिटी और महिला उत्थान को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे सोशल कम्युनिटी ऐप कोटो ने हाल ही में कानपुर की महिलाओं के लिए एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम का आयोजन किया जहाँ उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़कर सामाजिक बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग अलग क्षेत्रों से आने वाली महिलाऐं एक मंच पर आई और मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर इक्वलिटी और महिलाओं के उद्यमशीलता में अनुभवों के बारे में चर्चा की। वेब3 के सिद्धांतों पर आधारित कोटो महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया एक सोशल कम्युनिटी प्लेटफोर्म है जो एक भरोसेमंद, पारदर्शी और विकेंद्रीकृत दुनिया की स्थापना की कल्पना करता है जहां महिलाएं भी बदलाव लाने में सक्षम हैं। कार्यक्रम की शुरुआत कोटो के खुल के बोलो अभियान के साथ हुई जहाँ शहर की महिलाओं के अनुभवों पर एक हृदयस्पर्शी और शानदार चर्चा हुई।

इस शानदार शाम को कोटो की को- फाउंडर अपर्णा आचरेकर, अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी गीता




टंडन कपूर, उद्यमी एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 की असिस्टेंट गवर्नर मनीषा बाजपेयी, हाउस ऑफ आर्टिस्ट्री की संस्थापक नाज़िया मंज़र और यूपीपीएससी (जे) रैंक 1 टॉपर निशी गुप्ता के नेतृत्व में गहन चर्चाएँ हुईं। इस कार्यक्रम का आयोजन कोटो सिटी एंबेसेडर शिखा शुक्ला और हर्षिता शर्मा द्वारा किया गया था, जो कम्युनिटी क्वींस ऑफ कानपुर भी चलाती हैं। अपने विचार साझा करते हुए, कोटो की को- फाउंडर अपर्णा आचरेकर ने कहा, ÷कोटो में हम आत्म-विकास, नेटवर्किंग और मोनिटाईजेशन जैसे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए महिलाओं को एक साथ लाने की कल्पना करते हैं। हम कोटो के माध्यम से महिलाओं को सक्षम बनाना चाहते हैं ताकि महिलाएं अन्य महिलाओं के सहयोग से अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

महिलाओं को सशक्त बनाने के कोटो के इस लक्ष्य के मानसिक स्वास्थ्य, उद्यमिता और महिला उत्थान जैसे विषय केंद्र में हैं, इनके माध्यम से हम उन्हें खुद को बेहतर बनाने के लिए सही टूल्स, नॉलेज और एक प्लेटफोर्म प्रदान करते हैं। हमारे साथ मिलकर, महिलाएं अपनी उपलब्धियों का जश्न मना सकती हैं, ज्ञान साझा कर सकती हैं और एक-दूसरे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

## निसान लगातार 8वें साल आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक भागीदार

**गुरुग्राम।** निसान लगातार 8वें साल इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उसिल (आईसीसी) के साथ अपनी




भागीदारी जारी रखते हुए आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक प्रायोजक बन गई है। यह बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट आगामी 5 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 के दौरान भारत में आयोजित किया जाएगा और बिग, बोल्ड, ब्युटिफुल निसान मैगनाइट वर्ल्ड कप की आधिकारिक कार के तौर पर इससे जुड़ेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उसिल (आईसीसी) के साथ अपनी लंबी पारी और आगामी क्रिकेट सीज़न का उत्साहपूर्वक जश्न मनाते हुए, निसान मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू निसान मैगनाइट चक्र्ह स्पेशल एडिशन लॉन्च करने की भी घोषणा की है। इस बारे में, राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर इंडिया ने कहा, निसान को आईसीसी टूर्नामेंट्स की आधिकारिक भागीदार बनने और आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की आधिकारिक कार के रूप में बिग, बोल्ड, ब्युटिफुल निसान मैगनाइट को पेश करते हुए बेहद खुशी है। साथ ही, आईसीसी के साथ भागीदारी का 8वें वर्ष का जश्न मनाते हुए, हमें निसान मैगनाइट KURO स्पेशल एडिशन लॉन्च करने पर गर्व है। इस टूर्नामेंट के लिए, निसान लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के साथ मिलकर कई गतिविधियों का भी संचालन करेगी ताकि उनके साथ जुड़ाव मजबूत हो सकें, खासतौर से भारत में यह महत्वपूर्ण है जहां क्रिकेट किसी त्योहार से कम नहीं होता।

आधिकारिक पार्टनर के तौर पर, निसान आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का बड़े पैमाने पर प्रचार करेगी और निसान कार को स्टेडियम में प्रदर्शित किया जाएगा तथा देशभर में ज़मीनी स्तर पर अन्य कई रोचक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के लिए महत्वपूर्ण योगदान करते हुए, निसान टूर्नामेंट ट्रॉफी टूर को प्रमोट कर रही है, जो कि फिलहाल देशभर के विभिन्न शहरों में सफर पर है और इसके तहत् विभिन्न मॉल्स में 3डी ट्रॉफी प्रदर्शित की जा रही है। यह इनोवेटिव पहल क्रिकेट के शौकीनों को वर्ल्ड कप ट्रॉफी तक एक्सक्लुसिव एक्सेस दिलाएगी और वे क्रिकेट की दुनिया के इस उत्कृष्ट प्रतीक की 360-डिग्री तस्वीरों को कैद कर सकेंगे।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया 'ट्रक उत्सव' - अपने अत्याधुनिक मोबिलिटी समाधानों को दिखाने के लिये ग्राहकों से जुड़ने का एक अनूठा कार्यक्रम

**मुम्बई।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स ने 'ट्रक उत्सव' के लॉन्च की घोषणा की है, जोकि ग्राहकों से जुड़ने की एक अनूठी पहल है। ट्रक उत्सव की मदद से कंपनी अपने नये वाहनों और परिवहन समाधानों पर जागरूकता बढ़ाना चाहती है और अनूठी मूल्य-वर्द्धित सेवाओं वाले, अभिनव एवं टेक्नोलॉजी के मामले में



अत्याधुनिक ट्रक प्रदर्शित करना चाहती है। टाटा मोटर्स ने श्रेणी में अग्रणी नये एलपीटी 1916 का अनावरण भी किया है, जिसे ग्राहकों के मुनाफे के मामले में नये मापदण्ड स्थापित करने के लिये इंजीनियर किया गया है। ट्रक उत्सव के माध्यम से ग्राहकों को टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक परिवहन समाधानों का फायदा मिलेगा, जिन्हें उनकी खास जरूरतों के अनुसार बनाया गया है और ग्राहकों को वाहन की आसान एवं सुविधाजनक फाइनेंसिंग के लिये फाइनेंसिंग पार्टनर्स से मिलने का मौका भी मिलेगा। ट्रक उत्सव दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, बेंगलुरु, जयपुर और चेन्नई, आदि शहरों में आयोजित होगा। ट्रक उत्सव में प्रदर्शित, टाटा एलपीटी 1916 अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा पेलोड की पेशकश करता है, जिससे फ्लीट के मालिकों को ज्यादा आमदनी और फायदा होता है। यह 3.3 लीटर के प्रमाणित और ईंधन बचाने वाले डीजल इंजन से पावर्ड है और वॉकथ्रू एलपीटी केबिन के साथ आता है, जिसे डे और स्लीपर कॉन्फिग्युरेशंस में ड्राइवर के आराम का ध्यान रखकर डिजाइन किया गया है।

## मास्टरकार्ड और इन्वेस्ट इंडिया ने अनुभवात्मक यात्रा को फिर से परिभाषित किया

**नई दिल्ली।** गहन सांस्कृतिक अनुभवों के लिए भारत में उन्नत Priceless.com का अनावरण किया यह कार्यक्रम मास्टरकार्ड धारकों को दिल्ली, आगरा, जोधपुर, देहरादून और पुणे सहित अन्य भारतीय शहरों




में संस्कृति-समृद्ध सुविधा से परिपूर्ण, पाकशास्त्रीय और कल्याण विलासिता के अनुभवों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। 12 सितंबर 2023, नई दिल्ली÷ पर्यटन मंत्रालय के समर्थन और मार्गदर्शन से मास्टरकार्ड और इन्वेस्ट इंडिया ने आज भारत में अनुभवात्मक यात्रा को फिर से परिभाषित करने और अंतरराष्ट्रीय और घरेलू यात्रियों को एक गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने के लिए एक उन्नत Priceless.comTM वेबसाइट शुरू करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की समृद्ध अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास चालक के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देना है। शुभारंभ कार्यक्रम के समय मनीषा सक्सेना, महानिदेशका, पर्यटन मंत्रालय; राजा राजमन्नार, मास्टरकार्ड में मुख्य विपणन और संचार अधिकारी और स्वास्थ्य सेवा अध्यक्ष; गौतम अग्रवाल, प्रभाग अध्यक्ष, मास्टरकार्ड दक्षिण एशिया; और निवृत्ति राय, सीईओ, इन्वेस्ट इंडिया उपस्थित थीं। भारत में "The priceless.comTM" का शुरू होना, मास्टरकार्ड के वैश्विक अमूल्य मंच का विस्तार है, जो 40 से अधिक देशों में मास्टरकार्ड धारकों के लिए उत्साह अंको की विस्तृत श्रेणी में 2,000 से अधिक सुविधा से परिपूर्ण अनुभव प्रदान करता है।

### एडब्लूएस ने अंतरिक्ष में भारत की क्षमताओं को क्लाउड टेक्नोलॉजी द्वारा मज़बूत बनाने के लिए इसरो और इन-स्पेस के साथ गठबंधन किया

**नई दिल्ली।** अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा स्पेस-टेक इनोवेशंस में मदद करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के साथ एक सामरिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस गठबंधन द्वारा स्पेस स्टार्टअप, शोध संस्थानों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक क्लाउड टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो सकेगी, जो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए समाधानों के विकास में तेज़ी लाएगी। शालिनी कपूर, डायरेक्टर एवं चीफ टेक्नोलॉजिस्ट, सार्वजनिक क्षेत्र, एडब्लूएस भारत एवं दक्षिण एशिया ने कहा, क्लाउड कंप्यूटिंग पर आधारित इनोवेशंस की मदद से अंतरिक्ष उद्योग ज़्यादा तेज एवं बेहतर निर्णय लेने में समर्थ बनता है, जिससे संभावनाओं का विस्तार होता है। एडब्लूएस स्टार्टअप्स को उपयोग की ज़रूरत को पहचानने और समाधानों के विकास में तेजी लाने, तथा भारत में क्लाउड और अंतरिक्ष के क्षेत्र में निपुण प्रतिभा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पृथ्वी पर जीवन में सुधार लाने के लिए भारत के ग्राहकों को स्पेस-टेक समाधानों का निर्माण करने में मदद करने के लिए तत्पर हैं।÷ कपूर ने बताया, ÷हम अंतरिक्ष में भारत की यात्रा के एक महत्वपूर्ण बिंदु पर हैं क्योंकि भारत सरकार एयरोस्पेस और सैटेलाइट उद्योग में देश की क्षमताएँ बढ़ाने व मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसरो की स्पेस-टेक विशेषज्ञता के साथ क्लाउड कंप्यूटिंग में एडब्लूएस के शैक्षिक कार्यक्रमों द्वारा भावी पीढ़ियों को भारत के विकसित होते अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा मिलेगी। इसरो में डायरेक्टर, कैपेसिटी बिल्डिंग एवं पब्लिक आउटरीच, सुधीर कुमार एन. ने कहा, हमारे देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता अंतरिक्ष क्षेत्र में इनोवेशन को आगे बढ़ाना है क्योंकि भू-स्थानिक समाधानों में सुशासन के लिए उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने तथा नागरिकों एवं अंशधारकों को लाभ पहुँचाने की शक्ति है।÷ क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा बहुत किफ़ायती तरीके से उपयोगी परिणाम प्राप्त करने के लिए एआई, एमएल एवं एनालिटिक्स वर्कलोड चलाने के अलावा रॉ स्पेस डेटा के भारी वॉल्यूम का तेज़ी से प्रबंधन संभव होता है।

# पेटीएम ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ साझेदारी की

**लखनऊ।** पेटीएम ब्रांड के मालिक, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, यात्री यूपीएसआरटीसी के बस काउंटरों पर पेटीएम कार्ड मशीनों में अपना डेबिट/क्रेडिट कार्ड स्वाइप करके पेटीएम यूपीआई के जरिए डिजिटल तरीके से बस का टिकट खरीद सकते हैं। इससे यात्रियों को उत्तर प्रदेश में सरकारी बसों से यात्रा करने के लिए टिकट काउंटर पर भीड़ की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।बस की सवारी करने वालों को सुविधा प्रदान करने के लिए, पेटीएम ने यूपीएसआरटीसी के साथ मिलकर यूपीएसआरटीसी के 100+ से अधिक बस स्टॉप्स पर पेटीएम कार्ड मशीन लगाई हैं। यात्रियों को टिकट मशीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को बस स्कैन करना और पेटीएम कार्ड मशीन के माध्यम से यूपीआई के जरिए भुगतान करना होगा। पेटीएम कार्ड मशीनें यूजर्स को भुगतान के अनेक विकल्प प्रदान करती हैं, जिनमें पेटीएम यूपीआई, पेटीएम वॉलेट और डेबिट या क्रेडिट कार्ड शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी पहली बार पेटीएम यूपीआई का प्रयोग करने वाले यूजर्स को 100 रुपये तक का कैशबेक भी ऑफर कर रही है। इससे यात्रियों को अपनी जेब में खुले पैसे खोजने की चिंता से छुटकारा मिलेगा और उनकी सुविधा बढ़ेगी।

### फास्ट्रैक ने एक्टर विजय देवरकोंडा को बनाया अपना ब्राण्ड अम्बेसडर

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित वॉच एवं एक्सेसरीज़ ब्राण्ड फास्ट्रैक अपने नए ब्राण्ड कैंपेन 'बी बोथ' के साथ एक बार से फिर से युवाओं को प्रेरित करने के लिए तैयार है। यह कैंपेन युवाओं के विरोधाभासी विचारों, अवधारणाओं एवं दृष्टिकोण का जश्न मनाता है। बी बोथ के माध्यम से फास्ट्रैक खासतौर पर फैशन के दृष्टिकोण से युवाओं की अभिव्यक्ति के नए दौर का स्वागत करता है। कैंपेन को देश के पसंदीदा युवा सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ फिल्माया गया है, जो अब फास्ट्रैक के नए ब्राण्ड अम्बेसडर होंगे।

## टेक्नो ने किया अपने आकर्षक और पावरफुल MEGABOOK Tv के लांच के साथ लैपटॉप की श्रेणी में शानदार पदार्पण

**लखनऊ।** अत्याधुनिक तकनीक एवं नवीनीकरण में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने वाला टेक्नो, MEGABOOK Tv को



लांच करने की घोषणा करते हुए रोमांचित है, क्योंकि भारतीय एआईओटी ईको सिस्टम में इसे शानदार प्रवेश के रूप में देखा जा रहा है। अपने अद्वितीय प्रदर्शन, बिना अवरोध उपयोग और अद्भुत डिजाइन वाला MEGABOOK Tv वाकई यह दिखाता है कि लोगों की लैपटॉप से क्या उम्मीदें हो सकती हैं। टी1 को जर्मन रेड डॉट अवार्ड्स में कार्यक्षमता और गुणवत्ता के मेल के साथ असाधारण डिजाइन के लिये प्रोडक्ट डिजाइन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस खास उत्पाद को एक समझदार और स्टाइलिश पसंद रखने वाले उपयोगकर्ताओं के लिये डिजाइन किया गया है जो अद्भुत क्षमता और बेमिसाल खूबसूरती दोनों की मांग करते हैं। बेमिसाल उत्पाद से अत्याधुनिकता का प्रदर्शन

एक स्लिक और अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाइन के साथ बने MEGABOOK Tv की मोटाई सिर्फ 14.8 मिमी है और वजन केवल 1.56 किलोग्राम है। प्रीमियम नैनो-एल्यूमीनियम मिश्र धातु से तैयार किया गया उत्पाद मजबूती को दर्शाता है। केवल एक हाथ से आसानी से इसे खोला जा सकता है, जो इसकी सुंदरता के साथ सुविधा की भी बात करता है। 180 डिग्री के लचीले झुकने वाले कोण के साथ, मेगाबुक टी1 आपकी इच्छा के अनुसार सहजता से अनुकूलित हो जाता है। इसके साथ ही तीन आकर्षक रंगों-डेनिम ब्लू, स्पेस ग्रे और मूनशाइन सिल्वर में उपलब्ध यह लैपटॉप किसी के व्यक्तित्व के साथ आसानी से मेल खाता है। इसकी विशाल 70Wh बैटरी 17.5 घंटे तक लगातार चलने में सक्षम है, जो अपने आप में नए मानक स्थापित करती है, और अपने सेगमेंट में अनोखी TECNO का 65W PD अल्ट्रा-फास्ट चार्जर यह सुनिश्चित करता है कि आप ज्यादा देर तक बिना किसी रूकावट के काम कर सकते हैं। इसके अलावा, सुपर लार्ज वीसी कूलिंग सिस्टम कठिन कार्यों के दौरान भी मेगाबुक टी1 को आवश्यक तापमान पर संचालित रखता है। बिना अवरोध कार्य के लिये अद्वितीय पावर हुड के तहत, मेगाबुक टी1 इंटेल के 11वीं पीढ़ी के प्रोसेसर से युक्त है। आपकी जरूरत के मुताबिक तीन वेरिएंट वाला, ज्ञ1 कोर i3, कोर i5 और कोर i7 कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है।

## कर्म या कांड में दिखा अब तक का सबसे बड़ा ट्विस्ट: गैंग लीडर्स के चहेतों ने बनाये नये गैंग

**नई दिल्ली।** कर्म या कांड में पिछले हफ्ते अब तक का सबसे बड़ा




ट्विस्ट देखने को मिला। हर गैंग लीडर ने अपने एक चहेते को चुना, और बचे हुए सभी गैंग्स को ख़त्म कर दिया। इसके बाद इन चहेतों को एक टास्क की मदद से नये गैंग बनाने का काम दिया गया! नये गैंग बनाने का यह काम आसान नहीं था। घने जंगल ने इस सरप्राइज़ का माहौल तैयार किया, और रोडीज़ को उनके गैंग लीडर्स द्वारा तीन विशेषण दिए गये, और चहेतों को जंगल में उन्हें तलाशना था। उन्हें उनकी पहचान करके उनके मास्क्स को उनके गैंग के रंग में रंगना था। रिया ने अपने चहेते के रूप में ऋषभ को चुना, जो वाशु, पल्लवी, तनु, राजवीर, शायन और अभिरूप को अपने गैंग में लेकर आया। प्रिंस ने अपने चहेते के रूप में आशिका को चुना, जो शिवेत, हिमांशु और प्रियंका को अपने गैंग में लायी। गौतम ने प्राक्रम पर भरोसा किया, जो सचिन, भूमिका, जोगिंदर और पियू को अपने गैंग में लेकर आया। जहां प्राक्रम और ऋषभ को अपने निर्धारित गैंग सदस्य मिल गये, आशिका के गैंग में दो सदस्यों की कमी थी, इसलिए जिन लोगों के मास्क रंगे हुए नहीं थे।

## गली मेरे घर का प्रतीक है! हिप हॉप इंडिया की अंतिम 6 कंटेस्टंट में अपनी जगह बनानेवाली अंशिका धार से एक्सक्लुजिव बातचीत

**नई दिल्ली।** अमेज़ॅन मिनी टीवी अमेज़ॅन द्वारा प्रदान की जाने वाली एक



मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा है। हाल ही में अमेज़न मिनी टीवी पर एक अनोखे डांस रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले हुआ। मशहूर डांसगुरु रेमो डिसूजा और नोरा फतेही इस शो के जज बने थे। शो का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभाशाली हिप हॉप डान्सर्स की खोज करना था। अंतिम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले डान्सर्स के बीच फाइनलिस्ट का चयन करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। शो के छह फाइनलिस्टों में अंशिका धर नाम की एक असाधारण कुशल हिप हॉप डांसर थीं, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शो में उनके अनुभव के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए एक साक्षात्कार आयोजित किया गया था। आइये गहराई से जानें कि उन्हें क्या कहना था। दोनों व्यक्ति मेरे लिए आदर्श गुरु से कम नही हैं। उन्होंने मुझे लगातार मार्गदर्शन प्रदान किया है, मेरी त्रुटियों को इंगित किया है और मेरे प्रदर्शन को बेहतर बनाने के तरीके सुझाए हैं। वे दोनों बेहद अच्छे व्यक्ति हैं जो हर बात को अच्छी तरीके से समझाते हैं। उनके पास प्रतियोगियों को सशक्त बनाने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में 4.5 करोड़ की परियोजनाओं पर लगी मुहर

# विकास का मॉडल बनेगा मोतीचक क्षेत्रः सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत व प्रधानों की बैठक ब्लॉक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गांवों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए साढ़े चार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं पर मुहर लगी।

ब्लॉक टीए रामकृपाल ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि कर नए कार्यों को पढ़कर बताया। अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह ने कहा कि क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। कहा कि सरकार की हर योजना की जानकारी सबसे पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को होनी चाहिए। जिससे गांव के हर व्यक्ति को योजनाओं की जानकारी मिले और वह उसका लाभ पा सकें। आप लोगों के सहयोग से मोतीचक विकास का मॉडल बनने में कोई कोर कसर नही छोड़ेगा। खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय ने वित्तीय वर्ष के लिए राज्य वित्त, 15वा वित्त व पंचम वित्त व मनरेगा के तहत कुल साढ़े चार करोड़ की बजट पर स्वीकृति होने की जानकारी दिया। उन्होंने ने आवास, पेंशन, कृषि, स्वच्छता अभियान, मनरेगा आदि के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि जिसका आधार कार्ड बैंक से लिंक नहीं हुआ है। वह तत्काल लिंक करा लें।



क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करती प्रमुख अर्चना सिंह

- मोतीचक ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

**बैठक में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने इन बिंदुओं पर की चर्चा :** बैठक में मोतीचक क्षेत्र में 502 पेंशनधारी ऐसे हैं जिनका आधार कार्ड बैंक से अभी तक लिंक नहीं हुआ है। जिससे उनका पेंशन खाते में नहीं पहुंच पा रहा है। एडीओ एजी प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मिनी कीट 200 पैकेट मोतीचक में आवंटन होना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक अभिषेक बताया कि गांवों में नरेगा, आवास, शौचालय के जो लाभार्थी है उसको समूह में जोड़ना है। मुहम्मदा जमीन सिकटिया में एक समूह बल्व का निर्माण कार्य कर रही है। एसडीआई मोतीचक जय प्रकाश मौर्य ने कहा कि मोतीचक के 29 परिषदीय विद्यालयों में अभी तक टायलीकरण नहीं हुआ है, और 25 विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध नहीं है। इसके विकास के लिए प्रधानगण सहयोग करें। एवं विकलांग शौचालय बनवाने पर जोर दे। एसडीओ हाटा पप्पू जयसवाल ने कहा कि हाटा में 1.60 लाख उपभोक्ता हैं। हमारा प्रयास रहता है कि 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति हो, लेकिन वसूली में पीछे है। जनप्रतिनिधि वसूली में सहयोग करें। जिला पंचायत सदस्य ललन मल्ल ने कहा कि सोड़रा से पकड़ी जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है इसे मरम्मत कराया जाय। एवं खोखियां से नहर के पुल तक आरसीसी सड़क बनवाने की मांग की। पशु चिकित्सक मोतीचक डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि गायों में लंपी वायरस नामक बीमारी हो रही है। जिससे पशुपालक परेशान मत हो टीकाकरण कार्य 25 गांवों में पूरा हो गया है। जहां बाकी गांव है वहां भी बहुत जल्द टीकाकरण कार्य पूरा हो जाएगा।

**बैठक में रहे उपस्थित**

बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि संदीप उर्फ सोनू सिंह, एडीओ पंचायत अनवारूल सिद्धिकी, बड़े बाबू हरिओम शुक्ला, नरेगा बाबू आलोक जायसवाल, टीए अवनीन्द्र कुमार पांडेय, जिला पंचायत सदस्य रामनेति उर्फ छट्ठू यादव, महेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, कृष्ण प्रताप राव उर्फ लड्डू बाबू, वीरेन्द्र सिंह, विजय कुशवाहा, रामू राव, गौतम सिंह, राम क्यास सिंह, रविन्द्र कुशवाहा सहित तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

# विद्युत तार की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव कुचिया मठिया में बुधवार की सुबह एक 22 वर्षीय युवक की विद्युत तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस रविंद्र नगर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अरजुल्लह का 22 वर्षीय पुत्र अबुल हसन खेत में काम करने गया था, घर लौटा तो घर के सामने विद्युत आपूर्ति के लिए लगे पोल से एलटी तार टूट कर जमीन पर गिरा हुआ था वह अभी तार को देख पता कि अचानक उसके चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत का मंजर देख घर में कोहराम मच गया। युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। युवक की मौत से अधेड़ माता-पिता सदमे में है तथा छोटे भाई व परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। जबकि गांव में जर्जर तारों के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति से ग्रामीण भयभीत है, क्योंकि बार-बार जर्जर तारों का टूट कर जमीन पर गिरने व बुधवार को युवक की दर्दनाक मौत से हो जाने ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के लापरवाही की वजह से युवक की जान गई है। बार -बार कहने के बावजूद भी जर्जर तारों को नहीं बदला गया जिसका नतीजा रहा कि युवक असमय काल की गाल में समा गया। ग्रामीणों ने कहा कि विद्युत विभाग के जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए और युवक के परिवार को न्याय मिलना चाहिए तथा आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर तारों को शीघ्र नहीं बदला गया तो आंदोलन भी किया जाएगा।



- जर्जर विद्युत तार टूटकर जमीन पर गिरी थी, चपेट में आने से हुई मौत
- ग्रामीणों ने कई बार तार बदलने की मांग की लेकिन जिम्मेदार बेखबर

## अंगदान व रक्तदान से होती है मानवता की सेवा



**गौरीगंज (अमेठी)।** महामहिम राष्ट्रपति द्वारा आयुष्मान भव योजना का बुधवार को वर्चुवल शुभारंभ किया गया।जिसका सजीव प्रसारण सी एच सी पर देखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने फीता काटकर किया। आयुष्मान भवः योजना को जनपयोगी बताते हुए आयुष्मान कार्ड की महत्ता के बारे में बताया। जनहित में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न योजना चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं को गांव के अंतिम पायदान तक पहुंचाने की जरूरत है। जिससे सरकार की योजना सफल साबित होगी और जनता को भरपूर लाभ मिलेगा। सी एच सी प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा में हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर उक्त रक्त चाप मधुमेह व टी वी की जांच स्क्रीनिंग तथा इलाज की पूरी व्यवस्था है। जिसमें सौ फीसदी सफलता का लक्ष्य रखा गया है। यह आयुष्मान भवः योजना को पखवारा के रूप में मनाया जा रहा है। जो भी ग्राम सभा इसके मानक को पूरा करने में सफल होगी। उस ग्राम सभा को आयुष्मान ग्राम सभा से सम्मानित किया जायेगा। लोगों को अंगदान और रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया। इससे मानवता की मदद और रक्षा होगी। प्रभारी डॉ दयाल शरण दुबे ने इस मौके पर अंगदान की घोषणा की जिस पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमा शंकर शुक्ला रवीन्द्र पाण्डेय संजय मिश्रा मान सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पंखे की कुंडी से लटकर नवविवाहिता ने दी जान

अवधनामा ब्यूरो

- दस माह पूर्व परिवार के विरुद्ध दोनों ने की थी शादी
- तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़वा गांव का मामला

**कुशीनगर।** तराया सुजान थाना क्षेत्र के गांव जमसड़वा गांव निवासी घर में पंखे की कुंडी से लटकर जान दे दी। यह घटना उस समय हुई जब उसका पति डोल मेला देखने चला गया और परिवार के लोग छत पर सोने चले गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतका के मां के तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पति शकील अंसारी उर्फ मुन्ना पुत्र जुल्फकार अंसारी ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि रात में सब कुछ ठीक ठाक था। मै भोजन करने के बाद तरयासुजान डोल मेला देखने चला गया। जबकि मेरी बहन गुलनाज व मां मुमताज बिजली न होने से छत पर सोने चले गए थे। मैं मेले से लौटकर करीब दो बजे आया तो कमरा बंद था। संदेह होने पर किसी तरह गेट खोला तो मेरी पत्नी पंखे में झूल रही थी, जिसे नीचे उतारा। बताया जाता है कि करीब 10 महीने पूर्व दोनों ने परिवार कि विरुद्ध जाकर विवाह किया था, और सबकुछ ठीक चल रहा था। मामले कि सूचना किसी ने थाने पर कर दिया थाने से पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान अमित शर्मा ने बताया मामला संदेहास्पद है पोस्टमार्टम के बाद ही परिस्थितियां साफ हो सकेगी। लडकी की मां नूरसबा के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## आयुष्मान भवः के माध्यम से बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएंः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने व जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा।

- 17 सितम्बर से शुरू होगा आयुष्मान भवः अभियान



अभियान की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्चुअल माध्यम से करेंगी। इस अभियान को लेकर बुधवार को मेडिकल कालेज के सभागार में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने सुना।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे जिले में स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को ध्यान में रखकर हर गांव तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुगम बनाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके घर 3.0,आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी में बच्चों की स्क्रीनिंग, आयुष्मान ग्राम और वार्ड पंचायत आदि गतिविधियां की जाएगी। इस अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर आयुष्मान मेले का आयोजन होगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बांटने का प्रोसेस तेज किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान गांव घोषित करने की भी प्लानिंग है। आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने और बांटने का काम होगा। जिले के 260 हेल्थएंड वेलनेस सेंटर्स पर होगा। इसमें गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का इलाज होगा। इसके अलावा आयुष्मान सभा का आयोजन गांव और वार्ड लेवल पर होगा। जिसके तहत हेल्थकेयर स्कीम और सर्विसेस के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। इस दौरान सभी ब्लॉक स्तर के अस्पताल में हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे। जिसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर लोगों का इलाज करेंगे।

### पूर्व सांसद स्व. हरिकेवल की पुयतिथि 15 को

**देवरिया।** गरीबो, शोषितों एवम वंचितों के मसीहा पूर्व सांसद स्व. हरिकेवल प्रसाद की 11वी पुण्यतिथि का आयोजन 15 सितम्बर 2023 को सलेमपुर नगर स्थित बापू इण्टर कालेज में किया जाना है। इस श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही होंगे। कार्यक्रम के आयोजक सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा एवम भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने सभी कार्यकर्ताओं को उक्त श्रद्धांजलि सभा के पधारने का अपील किया है। भाजपा मीडिया प्रभारी सलेमपुर अजय दूबे वत्स ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, देवरिया सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी, विधायक सभाकुंवर कुशवाहा, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा शाका,केतकी सिंह, सुरेन्द्र चौरसिया, रतनपाल सिंह, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक आदि के अलावा भाजपा पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचन्द्र तिवारी करेंगे।

### किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन एवं लाभ की दी गयी जानकारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप कृषि निदेशक डॉ लाल बहादुर यादव ने अवगत कराया है कि जनपद में संचालित उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत मिलेट्स कार्यशाला के दौरान बुधवार को मोटे अनाज के लाभ एवं उत्पादन की जानकारी किसानों को दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा जगदीशपुर में दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ डॉ आर के आनन्द वरिष्ठ वैज्ञानिक अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मोटे अनाजों के प्रसंस्करण पर डॉ रेनू सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए उसके पोषण महत्व पर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले जगसरन सिंह द्वारा श्रीअन्न के उत्पादन एवं उससे होने वाले लाभ से सम्बन्धित अपने अनुभवों के बारे में अन्य प्रतिभागी किसानों को अवगत कराया।

### थाना दिवस हेतु अक्टूबर से दिसम्बर तक जारी किया गया रोस्टर

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि आगामी माह में द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना दिवस/समाधान दिवस माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2023 तक का रोस्टर जारी किया गया है। जनपद में थाना दिवस/समाधान दिवस के सफल संचालन हेतु राजस्व, पुलिस और चकबंदी अधिकारियों को थानावार नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जन सामान्य से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई उपस्थित प्रभारी अधिकारी द्वारा की जाएगी तथा शिकायत की प्रकृति के आधार पर पुलिस अथवा राजस्व कर्मियों अथवा संयुक्त रूप से आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। थाना समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 के मध्य किया जाएगा। इस संदर्भ में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा किसी भी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा तथा अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी किसी भी थाना क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव द्वारा जिला कारागार, देवरिया का किया गया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री अशोक कुमार दूबे द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधीक्षक द्वारा बताया गया की इस समय जिला कारागार, देवरिया में कुल 1906 बंदी निरुद्ध है जिसमे से जनपद देवरिया के कुल 797 महिला व पुरुष है तथा 1109 जनपद कुशीनगर के महिला व पुरुष है।

न्यायाधीश के द्वारा कारागार के अन्नपूर्णा पाकशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय अरहर की दाल पक रही थी, चावल बन कर तैयार थे, रोटी सेकी जा रही थी, आलू तथा भिंडी की सब्जी बन रही थी। उक्त के क्रम में कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया जिसमे 03 बंदी भर्ती पाए गए कामेश्वर यादव, दीपक पासवान तथा विनोद यादव जिनका इलाज चल रहा था। जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया। एक बंदी जियाउल शेख उर्फ बुलाल निवासी हरफोड़ा थाना बघौचघाट द्वारा बंद था जिसका उम्र 18 साल से कम प्रतीत हो रहा था उक्त मामले को संज्ञान में लिया गया।



दूसरे बंदी जो उम्र में कम प्रतीत हो रहा था अभय मद्धेशिया जो कोतवाली पडरौना से संबंधित उसको सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को सूचना देने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिला कारागार के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया जिसमे बंदियों के पढ़ने हेतु पुस्तक उपलब्ध पाए गए। न्यायाधीश द्वारा उपस्थित बंदियों से कहां गया कि जिन बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता या जिन बंदियों का बेल सक्षम न्यायालय से हो चुका है लेकिन जमानतदार के अभाव में जेल में निरुद्ध है, या कोई भी विधिक सहायता हेतु वह अपने जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया को एक प्रार्थना पत्र के माध्यम सूचित कर सकते है। न्यायाधीश द्वारा नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा, मानक के अनुसार भोजन हेतु निर्देशित किया गया।

## एनई रेलवे के चीफ इंजीनियर के घर सीबीआई का छापा



बोरों में रखी नोट बरामद छापेमारी के दौरान घर से 2.61 करोड़ बरामद

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** एनई रेलवे के चीफ इंजीनियर को 3 लाख रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर में ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआई ने ये ऐक्शन लिया है।

वहीं रेलवे अधिकारी के घर में छापेमारी के दौरान घर से 2.61 करोड़ बरामद हुआ है। ये रकम पांच-पांच सौ के नोटों के बंडल के रुप में बोरे में रखी हुई थी। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने उत्तर-पूर्वी रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को रुपये की रिश्वतखोरी में गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके घर से 2.61 करोड़ रुपये (लगभग) की नकदी बरामद की गई है। 3 लाख रिश्वत लेते की प्रणव त्रिपाठी की शिकायत प्रारंभिक जांच में सही पाई गई। इसके बाद प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को ट्रैप करने के लिए गोरखपुर टीम भेजी गई। इस दौरान प्रणव ने अपने कर्मचारी के जरिए रिश्वत के 3 लाख रुपये केसी जोशी के सरकारी बंगले पर भेजे। जैसे ही उन्होंने रिश्वत की रकम ली। इसी दौरान वहां मौजूद सीबीआई की टीम न छापा मारकर उन्हें दबोच लिया।

### मिट्टी की महक ही शहीदों की श्रद्धांजलि जय भारत



**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश अंतिम दिन के कार्यक्रम में आज विकासखंड तरकुलवा के अंतर्गत मठिया महाबल रविंद्र किशोर कौशल जिला महामंत्री के पैतृक गांव में ग्राम प्रधान सत्येंद्र गुप्ता के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश के तहत कलश यात्रा के दौरान जिला महामंत्री भी अपने परिवार जनों के साथ कलश में अपनी मिट्टी देने का समस्त सदस्यों से अनुरोध करके मिट्टी दिलवाया। इसी क्रम में ग्राम सभा बसंतपुर ग्राम प्रधान शैलेश सिंह के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम सभा महुआ बसंतपुर करीब 100 घरों से कलश के सम्मान में बाजे नगाड़े के साथ कलश का लोगों ने स्वागत किया जिसमें मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनोज यादव का सानिध्य कलश यात्रा में जमकर के देखी गई। कलश यात्रा को पाकर के गांव वासियों ने भारत माता की जय की घोषणा भी की। उक्त अवसर पर राधेश्याम गुप्ता ग्राम प्रधान भरौटा, लाल बहादुर कुशवाहा, पवन गुप्ता, हरकेश कुशवाहा,धर्मेंद्र कुशवाहा, वीरू कुशवाहा, विवेक यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

### डीएम ने ईवीएम के मशीनों का किया निरीक्षण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट पर सुरक्षित निर्वाचन कार्यालय के वेयरहाउस में पहुंचकर फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) कार्य का अवलोकन किया। भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेल बेंगलुरु के इंजीनियरों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपीएटी की एफएलसी की जा रही है। डीएम ने बेल के इंजीनियरों से पूरी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट की कार्यविधि के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों के क्रम में एफएलसी कार्य किया जा रहा है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को एफएलसी के संबन्ध में जानकारी दी जा चुकी हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस कार्य को संपादित किया जा रहा है। इसके तहत ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों की चेकिंग की जा रही है।

## सिविल जज बने आदित्यनाथ का प्रमुख मोतीचक ने किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक अन्तर्गत ग्रामसभा सोड़रा निवासी आदित्यनाथ शर्मा ने उत्तर प्रदेश पीसीएस जे की परीक्षा में रैंक हासिल कर जिले व गांव सहित परिवार का नाम रोशन किया है।

उन्होंने सफलता पाने के लिए नियमित और मेहनत से पढ़ाई की इनके इस उपलब्धि पर मोतीचक ब्लाक प्रमुख कक्ष में प्रमुख अर्चना सिंह ने फूल माला एवं स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर मिठाईयां खिलाकर स्वागत किया गया। बता दें कि आदित्य हाई स्कूल जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज, इंटर एमजी कालेज गोरखपुर, स्नातक डीडीयू गोरखपुर एवं एल एल बी आनर्स की डिग्री दिल्ली यूनिवर्सिटी से जो पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर लिया। इनके बाबा पारसनाथ शर्मा सुभाष इंटर कालेज बेदूपार में इतिहास के प्रवक्ता से सेवानिवृत्त हुए हैं। पिता गिरजेश कुमार शर्मा किसान है। एवं माता पूनम शर्मा एक शिक्षिका है। आदित्यनाथ शर्मा ने जज बनने का सारा श्रेय माता पिता को ही बताते हैं। इस दौरान बीडीओ मोतीचक अनिल कुमार राय, प्रमुख प्रतिनिधि संदीप उर्फ सोनू सिंह, आकाश सिंह, रामू राव, मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामनेति उर्फ छट्ठू यादव आदि मौजूद रहे।

## आमजन की सेवा में समर्पित श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आज का दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा जब एक नए कीर्तिमान की स्थापना हुई। आज ब्लड एवं ब्लड अवयव (कम्पोनेन्ट) की उच्चतम आपूर्ति की गयी कुल 182 कम्पोनेन्ट तथा कुल प्लेटलेट्स 104 की संख्या में आपूर्ति हुई। लोक कल्याणकारी रचनात्मक कार्यों के लिए सदा समर्पित शिवावतार महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी की पवित्र भूमि श्री गोरक्षनाथ मन्दिर के उत्तरी परिसर में परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से वर्ष 2003ई0 में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की स्थापना हुई। इसका औपचारिक उद्घाटन दिनांक 16 जुलाई 2003 को भारत के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी तथा अन्य राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तर के विभूतियों एवं धर्माचार्यो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस चिकित्सालय में विशिष्ट चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध है। यह 350 बिस्तर की सुविधा वाला चिकित्सालय है यथासम्भव सस्ती, उच्च गुणवत्ता तथा प्रदेश स्तर की विश्वसनीय चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। समय-समय पर यहां नये विभाग बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में यहा एं उच्चस्तरीय ब्लड बैंक की स्थापना सन 2005 में तत्कालीन केन्द्रिय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. सी.पी. ठाकुर द्वारा किया गया। आरम्भ से ही यह ब्लड बैंक निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। इसका उन्नयन कार्यक्रम 2007 में सम्पन्न हुआ जब एक कम्पोनेन्ट विभाग की स्थापना हुई। इसके स्थापना के अवसर पर लखनऊ, दिल्ली तथा अन्य नगरों के रक्त विज्ञान के विशेषज्ञ तथा औषधि नियंत्रक इत्यादि विद्वान उपस्थित थे। कम्पोनेन्ट के स्थापना के उपरान्त इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के रोगी जैसे मानसिक ज्वर, डेंगू, चिकनगुनिया, बुखार तथा अन्य वायरसों से ग्रसित है, उनको अपार लाभ हुआ। इस प्रकार के रोगियों को प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है जिसकी आपूर्ति पहले लखनऊ अथवा दिल्ली से होती थी अब यहां होने लगी है। इसके अतिरिक्त हीमोफिलिया, परप्यूरा, जले हुए रोगी आदि रोगियों को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्नयन कार्यक्रम तथा निरंतरता के क्रम में इस ब्लड बैंक में रक्त जनित बिमारियों हेतु स्वचलित उपकरण लगाए गए है तथा पूरा ब्लड बैंक कम्प्यूटरीकृत कराया गया है। स्थापना काल से ही यह ब्लड बैंक अपनी अनवरत सेवाएं न केवल पूर्वांचल अपितु पूरे राज्य उत्तर प्रदेश तथा सीमावर्ती देश नेपाल एवं पड़ोसी राज्य बिहार को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज कल डेंगू महामारी का प्रकोप पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है तथा इसकी चपेट में पूर्वांचल एवं गोरखपुर ग्रसित है। इस विस्तारित ब्लड बैंक के सेवाओं के कारण डेंगू के रोगियों में प्लेटलेट्स की जहां भारी कमी हो जाती है, रोगियों के स्वास्थ्य का भरपूर ध्यान रखा जा रहा है तथा उनके प्राणों की रक्षा भी हो रही है। यह ब्लड बैंक निरन्तर 24 घण्टे प्लेटलेट्स बना रहा है तथा इसकी आपूर्ति अनवरत रोगियों में की जा रही है।



- यहां का ब्लड बैंक निरन्तर 24 घण्टे बना रहा है प्लेटलेट्स
- सस्ती, उच्च गुणवत्ता तथा प्रदेश स्तर की विश्वसनीय चिकित्सकीय सेवाएं हैं यहां उपलब्ध

# पानी को न बचाओगे, तो खुद प्यासे रह जाओगे

अवधनामा संवाददाता



- जनपद सुलतानपुर में पहली बार आयोजित जल ज्ञान यात्रा स्कूली बच्चों के लिए बनी यादगार
- स्कूली बच्चों ने जल जांच की अहमियत समझी, पानी टंकी और एसटीपी भी करीब से देखा

**सुलतानपुर।** गौरवशाली अतीत का प्रतीक, सीताकुंड की ख्याति, ऋषि मुनियों की तपोस्थली और गोमती के तट पर बसे सुलतानपुर जिले में बुधवार को जल जीवन मिशन की ओर से आयोजित %जल ज्ञान यात्रा% स्कूली बच्चों के लिए यादगार बन गई। स्कूली बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से जल संचयन और संरक्षण का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रा में शामिल स्कूली बच्चों को जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से ग्रामीणों तक पहुंचाए जा रहे नल कनेक्शन की जानकारी दी गई। ओवर हेड टैंक(पानी टंकी) का भ्रमण कराया गया। पीने योग्य पानी की सप्लाई कैसे की जाती है, इसकी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई जल जांच प्रयोगशाला में फील्ड टेस्ट किट से पानी श्रोतों की जांच देखकर स्कूली बच्चे अचंभित रह गये।

सुलतानपुर जिले में पहली बार नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जल ज्ञान यात्रा आयोजित की गई। जल ज्ञान यात्रा की शुरूआत ग्राम टीकर से हुई। यहां पीने के स्वच्छ पानी पहुंचाने की प्रक्रिया को स्कूली बच्चों ने समझा। जल जांच प्रयोगशाला पहुंचकर पानी जांच के इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में बच्चों ने स्कीम के प्रोजेक्ट मैनेजर से सवाल भी किये। प्रयोगशाला में पानी में कठोरता कैसे जांचते हैं, बैक्टीरिया का कैसे पता लगाते हैं आदि के बारे में भी बच्चों को बताया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने रोचक अंदाज में बच्चों को जल जीवन मिशन की खूबियों की जानकारी दी।

### भावी पीढ़ी को जल की अहमियत बता गई जल ज्ञान यात्रा

सुबह 10 बजे ब्लाक-धनपतगंज के ग्राम टीकर के पार्क में एकत्रित हुए सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चों को जल जीवन मिशन की योजना से जोड़ने के लिए आयोजित जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ हुआ। जल निगम(ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार ने स्कूली बच्चों के दल को हरी झण्डी दिखाई। इसके बाद स्कूली बच्चों को ग्राम टीकर स्थित पानी की टंकी और वहां से की जा रही पानी आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी दी गई और %हर घर जल% गांव का भ्रमण भी कराया गया। इस दौरान बच्चों ने घर-घर तक पहुंचे नल कनेक्शन देखे और शुद्ध जल प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से बातचीत भी की। इसके बाद जल निगम ग्रामीण की जल जांच प्रयोगशाला सुलतानपुर में स्कूली बच्चों को भ्रमण कराया गया। गोमती नदी के तट पर स्थित गोला घाट घूमकर बच्चे उत्साहित हुए। इसके बाद उनको सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सुलतानपुर ले जाया गया जहां नदियों की स्वच्छता के लिए एसटीपी की उपयोगिता की जानकारी दी गई।

# कजरी तीज त्यौहार के दृष्टिगत तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कजरी तीज त्यौहार को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेªट मोनिका रानी द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगा दी गयी है। जिला मजिस्टेªट द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मरी माता मन्दिर सरयू तट से लेकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र बहराइच में भ्रमणशील रहते हुए कांवरिया दल के साथ-साथ रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर पूजा यादव व तहसीलदार सदर अभय राज पाण्डेय, सिद्धनाथ मन्दिर के अन्दर व अगल-बगल एवं सड़क मार्ग पर व सड़क मार्ग से मन्दिर की ओर प्रवेश मार्ग एवं बाहर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियन्त्रित रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर व सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार मरी माता मन्दिर सरयू तट से लेकर किसान डिग्री कालेज तिराहा एवं पानी टंकी चौराहा से अस्पताल चौराहा गुरूनानक चौक तक भ्रमणशील रहते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था को नियन्त्रित रखेंगे। इसके अतिरिक्त सहायक निबन्धक सहकारी संजीव तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी व सहायक चकबन्दी अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद अस्पताल चौराहा गुरू नानक चौक लेकर डिगिहा तिराहा, अग्रसेन तिराहा, छावनी चौराहा होते हुए सिद्धनाथ नाथ मन्दिर तक तथा चकबन्दी अधिकारी बहराइच महेन्द्र सहाय, सहायक चकबन्दी अधिकारी, बहराइच राजेश कुमार सोनी व गया प्रसाद किसान डिग्री कालेज से लेकर रोडवेज बस स्टेशन, पीपल तिराहा होते हुए घंटाघर चौक, निकट सिद्धनाथ मन्दिर तक बराबर भ्रमणशील रहते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कड़ी निगरानी रखेंगे। समस्त उप जिला मजिस्टेªटों को निर्देश दिया गया है कि 18 सितम्बर 2023 को प्रातः 04:00 बजे से अपनी-अपनी तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थित नदियों के प्रसिद्ध घाटों एवं शिव मन्दिरों, जहां-जहां जलभिषेक हेतु भीड़ भाड़ लगती है।

# चित्र प्रदर्शनी का अन्तिम दिन रहा छात्रों के नाम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुॅचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में 11 से 13 सितम्बर तक लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अन्तिम दिन डिवाईन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं व महिला पीजी कालेज की छात्राओं सहित नगर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटियों, युवाओं, महिलाओं एवं रोज़गारपरक तथा फ्लेक्सी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना, गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसी प्रकार हुनर को सम्मान, मिली नई पहचान, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मेधावी छात्रों को टैबलेट/ स्मार्टफोन का वितरण, जरूरतमंद गरीबों को छत, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, डेटा सेण्टर हब, डिफेन्स कारीडोर, निवेश का सुरक्षित परिवेश इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये हैं।

# बोर्ड परीक्षा की भांति होगी निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट की निगरानी

- निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्धः डीएम
- शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के दिये गये निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों हेतु जनपद में 15 व 16 सितम्बर 2023 को सरल ऐप के माध्यम से सम्पन्न होने वाले निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर असिस्मेन्ट टेस्ट को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि टेस्ट के दौरान शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। टेस्ट के दौरान बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षा मित्र, अनुदेशक व रसोईया मोहल्ला, वार्ड, पुरवा व मजरावार घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि टेस्ट में सभी बच्चे सम्मिलित हों। इस सम्बन्ध में शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया गया कि वे भी मोबाइल के माध्यम से अभिभावकों से वार्ता कर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरल ऐप के माध्यम से सम्पन्न होने निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट शिक्षकों की क्षमता आंकलन के कदापि नहीं है। इसलिए कोई शिक्षक घबराएं नहीं बल्कि ऊंचे मनोबल के साथ शुचिता पूर्ण तरीके से टेस्ट को सम्पन्न कराएं। डीएम ने कहा कि टेस्ट की अहमियत का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि टेस्ट में प्राप्त होने वाले परिणाम के आधार पर ही शिक्षा नीति तैयार करने में मदद मिलेगी ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयसारिणी वर्ष 2026-27 तक निपुण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। डीएम ने बैठक में मौजूद खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (ए.आर.पी.) व स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एस.आर.जी.) को निर्देश दिया कि नकल विहीन एवं पारदर्शी आंकलन हेतु राज्य परियोजना निदेशक की ओर से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा प्रत्येयक दशा में प्रश्न पत्रों की गोपनीयता प्रभावित न होने दें।

डीएम ने सभी जिम्मेदारान को निर्देश दिया कि आकांक्षात्मक जनपद होने के नाते निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को चुनौती के रूप में स्वीकार किया जाय। जिले में शैक्षिक विकास के मूल्यांकन हेतु इस टेस्ट को एक अवसर के रूप में स्वीकार करें। डीएम ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व होगा टेस्ट के समय वह छात्रों के लिए शिक्षक के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भूमिका का निर्वहन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के मद्देनज़र पूरी ईमानदारी के साथ टेस्ट को सम्पन्न कराएं ताकि हकीकी तस्वीर सामने आ सके।

# दो दर्जन से अधिक गांवों में खरीफ फसल बर्बाद हुयीः अमर

अवधनामा संवाददाता

- जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, जल्द मुआवजा-बीमा दिलाने की मांग



**ललितपुर।** जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी ने जिले के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों में अतिवृष्टि होने के चलते उर्द, मूंग, सोयाबीन इत्यादि फसलों के नष्ट होने से प्रभावित किसानों को मुआवजा व बीमा की राहत राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने एक पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि जनपद ललितपुर के कई ग्राम जैसे उत्तमधाना, कुमरौला, ऐरावनी, बछ्लापुर, जमुनिया, जीरोन, भैलवारा, बमौरीकलां, बरखेरा, निवाहो, घुटारी, बरोदी नकीव, निवाई, जामुनधाना खुर्द, मैरतीकलां, नयागांव, पाली, करमरा, मगरपुर, रमपुरा, सुरऊआ, ऐरा, आलापुर, जाखलौन, बारीद, बरौदा बिजलीन, जामुनधाना कलां, बन्दरगुढा, सगौरिया, चीराकोडर, मैकुवां, ढुगारिया, दूधई, इमलाखेरा, पडोरिया, बेसरा, पिपरियावंशा, नुनवाली, निवऊआ, भौता, रजौरा, सैपुरा, मसीराखुर्द, मसौरा कला, जिजयावन, रघुनाथपुरा, घटवार, पनारी, रजवारा, मैलवाराखुर्द, ठगारी, डोगराकलां, उमारिया, डोगरा, नीमखेरा, बिरया, मैलवारा कलां, कुमरौल, बरौदिया राईन, बेटना, पिपरिया पाली, पटऊवा, बंगारिया, पढना, सतैया, मैनवारा, अण्डेला, सतौरा आदि जनपद के अन्य ग्राम में तेज बारिश होने के कारण उर्द, मूंग, सोयाबीन खरीफ की लगभग सभी फसले नष्ट हो चुकी है जिससे किसानगण बर्बाद हो गये है। और काफी मानसिक तनाव में है गरीब किसानगणों को कई समस्याओं को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में ग्राम वासियों की खरीफ की फसलों की जाँच कराकर गरीब किसानगणों को उचित मुआवजा एवं बीना राशि प्रदान किये जाने का कष्ट करें। ताकि किसानगण आगे की फसल को तैयार कर सकें। जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी ने मुख्यमंत्री से उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद के हर ग्रामों में फसलों की जांच कराकर किसानगणों को तत्काल प्रभाव से मुआवजा एवं बीमा राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना का लाभ अब दूसरे शिशु के जन्म पर भी मिलेगाः उपासना

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों को और आसानी से योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।इसके लिए आशाबहू व एएनएम को प्रशिक्षित किया जा रहा है,जिससे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लाभार्थियों को बगैर रूकावट पहुंचाया जा सके।उक्त जानकारी योजना की जिला कार्यक्रम समन्वयक उपासना सिंह ने दी है। उन्होनें बताया की प्रथम बार गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को तीन किश्तों में पांच हजार रू.की धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी,जबकि अब मात्र दो बार में ही लाभार्थियों के बैंक खाते में धनराशि भेजी जा रही है जिला कार्यक्रम समन्वयक उपासना सिंह ने बताया की दूसरे शिशु के जन्म पर यदि वो लड़की है तो 270 दिनों के अंदर अपना पंजीकरण करवाकर पुनः छः हजार रू. का लाभ दिया जाएगा।इसके लिए पोर्टल 2.0 पर लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए आशा,एएनएम के माध्यम से या लाभार्थी स्वयं pmmvy-cas nic.in पर पंजीकरण कर सकते है।पंजीकरण करते समय लाभार्थी एमसीपी कार्ड, बैंक पासबुक,जन्म प्रमाणपत्र के साथ पहचान के लिए आधार कार्ड होना आवश्यक है।उपासना सिंह ने बताया की इसके अलावा पात्रता के लिए निम्न अभिलेख भी मान्य होगें।

# हड़ताल पर डटे रहे अधिवक्ता

- पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** हापुड़ में पिछले माह के आखिरी दिनों में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किये गये बर्बर लाठीचार्ज को लेकर विगत दिनों से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिला बार एसोशियेशन के नेतृत्व में अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दिन लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्यवाही न होने का हवाला देते हुये अधिवक्ता भी अपनी मांगों को लेकर डटे हुये हैं। बुधवार को जिला बार एसोशियेशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बार एसोशियेशन ने तीन सूत्रीय मांगों का हवाला देते हुये बताया कि जनपद हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का तत्काल स्थानान्तरण किया जाये, दोषी पुलिस कर्मचारियों व पुलिस अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही की जाये एवं प्रदेश के अधिवक्ताओं के विरूद्ध इस घटना से सम्बन्धित मुकद्दमों को वापस लिया जाये। इसके अलावा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तत्काल प्रदेश में लागू किया जाये और हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाये। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर स्वीकार करने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव एड., महामंत्री महेन्द्र कुमार जैन झब्बू एड., कोषाध्यक्ष विजय पटेल एड. के अलावा अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शहर की बदलेगी तस्वीर, सफाई का जायजा लेने पहुंचे डीएम

अवधनामा संवाददाता

- सार्वजनिक स्थलों पर आमजन हेतु मूलभूत सुविधाओं को सुगम बनाने के निर्देश
- सार्वजनिक शौचालयों, यूरिनल्स व बैठने हेतु सिटिंग चेयर लगवाने के निर्देश



**ललितपुर।** बुधवार की सुबह 06 बजे जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगर की सफाई व्यवस्था को देखते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कलैक्शन, सेग्रीगेशन, सुचारू रूप से व्यवस्थित कराने के निर्देश दिये। वार्ड नं. 20 तालाबपुरा प्र0 सुम्मेरा तालाब परिधि अन्तर्गत 05 सीट यूरिन्लस, 05 सीट सार्वजनिक शौचालय, 100-100 मीटर के अन्तराल पर लिटरबिन/ डस्टबिन, शौचालय साईनबोर्ड, वाल पेटिंग द्वारा कूड़ा न फैलाने के लिए प्रचार-प्रसार, तालाब के आस-पास घास की सफाई, 500-500 मीटर के अन्तराल पर शेड सहित सिटिंग चेयर लगाये जाने के निर्देश दिये। वार्ड नं0 18 नझाई बाजार कर्माबाई पार्क के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जल भराव का निस्तारण, पार्क के परिधि में बने शौचालय से पार्क की ओर आमजन को आने-जाने की सुविधा, घास की सफाई करवाये जाने का कार्य, चन्द्रशेखर उद्यान पार्क में जल भराव का निस्तारण, घास की सफाई, शौचालय एवं मूत्रालय की सफाई एवं दरवाजों की मरम्मत का कार्य करवाये जाने व चन्द्रशेखर उद्यान पार्क के आस-पास अतिक्रमण हटवाये जाने एवं पार्क की व्यायाम शाला के आसपास समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये। वार्ड नं. 06 रामनगर स्थित ट्रिंचिंग ग्राउण्ड के निरीक्षण में अति शीघ्र लेगेसी वेस्ट/कूड़ा-कचरा के निस्तारण, एम.आर.एफ. पर विद्युत व्यवस्था के सुचारू रूप से एमआरएफ/ कूड़ा निस्तारण केन्द्र के संचालन एवं आवारा पशुओं को पकड़वा कर ग्राम दैलवारा स्थित गौ-शाला में भेजने के निर्देश दिये गए।

# विधायक ने विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में दिया पत्र

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने जिलाधिकारी, कानपुर नगर एवं एडीएम सप्लाई कानपुर नगर का राशन कार्ड धारकों एवं कोटेदारों की गम्भीर समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में एक पत्र दिया। विधायक बताया कि क्षेत्रीय राशनकार्ड धारकों की लगातार शिकायतें आ रही हैं कि, उनको कम राशन मिल रहा है। उक्त की शिकायत जब कार्ड धारक कोटेदारों से भी करते हैं तो, कोटेदारों का आरोप है कि, भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचता है। यह जिम्मेदारी खाद्य विपणन विभाग की है। जिसके कारण गोदाम से आने वाली 50 किलो की एक बोरी में किसी में दो किलो, किसी में चार किलोग्राम तो किसी में 10 से 12 किलोग्राम तक खाद्यान्न कम निकल रहा है।विधायक ने कहा कि, कोटेदारों तक पहुंचने वाली बोरी में कम राशन का खामियाजा जरूरतमंद राशन कार्डधारकों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके कारण कोटेदार लगातार शिकायत भी दर्ज करा रहे हैं तथा खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर शिकायतें भी दर्ज कराई जा रही हैं। विधायक ने बताया कि, हमारी सरकार पारदर्शिता के आधार पर राशन की पहुंच को, संपूर्ण रूप से पूर्ण करा कर, उपलब्ध करा रही है। परंतु यह घोर आश्चर्य का विषय है कि इस पर अभी तक जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पहुंची कि, यह बीच में कौन से लोग हैं जो इस प्रकार की अनिमित्तताओं को, पिछले दिनों कब से और कैसे और किनके-किनके सहयोग से रैकेट बनाकर, सरकार को भी चूना लगाकर, भारी गड़बड़ी कर रहे हैं।

# अमृत कलश के लिए घर-घर जाकर एकत्रित की मुट्ठीभर मिट्टी

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय ,सुलतानपुर।** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की ओर से मनाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम को जिले में भव्यता एवं जनसहभागिता के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार को घर-घर जाकर मुठ्ठीभर मिट्टी प्राप्त कर अमृत कलश में संग्रहण किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आर.ए वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ऊषा सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि, प्रधान विपिन यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुए। जनसहभागिता के साथ ग्रामीण क्षेत्र में विकास खंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत बहुरावा व अतानगर में पहुंच कर मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का धूमधाम के साथ शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी व सांसद प्रतिनिधि ने गांवों में घर-घर जाकर अमृत कलश में चुटकी भर मिट्टी एकत्रित की गई तथा सरकारी विद्यालयों में अमृत कलश को सुरक्षित रखा गया। पंचायत भवन पर आयोजित भव्य समारोह में देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर वीर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान पंचप्रण की शपथ दिलाई गई।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आर.ए वर्मा ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान प्रधान हजारी लाल साहू, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश प्रजापति, मंडल महामंत्री दिलीप सिंह, अवधेश दुबे, नरेंद्र अग्रहरि, कैलाशनाथ दूबे, रोहित अग्रहरि, घनश्याम तिवारी, अनिल मिश्रा, सुनील सिंह, बृजेश अग्रहरि, पंकज शुक्ला, मधुसूदन दूबे, श्रीनाथ पाठक, राजेश शुक्ला, बीरेंद्र मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, हरिशंकर दूबे, अभिषेक अग्रहरि, श्रीराम मौर्य, रंजीत प्रजापति, दुर्गा पांडेय, आदि।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान जन जन का अभियान बन चुका है

**सुलतानपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय मंडल के महुली गांव में घर-घर जाकर मिट्टी इकट्ठा किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने प्राथमिक विद्यालय में लगे शिलापट्ट के पास लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई।जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान जन-जन का अभियान बन चुका है। देश की मिट्टी,वीरता की अटूट विरासत को समेट कर भविष्य के लिए प्रेरणादायी नींव रखने का कार्य करती है। प्रत्येक देशवासी से आह्वान है कि अपनी माटी का वंदन व वीरों का अभिनंदन जरूर करें। बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश समृद्ध ,सशक्त व शक्तिशाली हुआ है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि,प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक आचार्य सूर्यभान पांडेय, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजधर शुक्ल, फैय्याज अहमद, ग्राम विकास अधिकारी राहुल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# हैलटः एक छत के नीचे जांच की सुविधा मिलेगी

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल आने वाले मरीजों को होने वाली जांच के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। रैन बसेरा को ध्वस्त करके वहां पर आठ करोड छियासी लाख की लागत से डायग्नोस्टिक हब का निर्माण होने जा रहा है जिसका काम अक्टूबर से शुरू होगा।

यह तीन मंजिल का होगा।जो सारी सुविधाओं से युक्त होगा।अभी हैलट आने वाले मरीजों को जांच के लिए इधर-उधर भटकना पडता है।खून की जांच हो या फिर एक्सरे, सीटी स्कैन के लिए एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग के चक्कर काटने पडते थे।इस बिल्डिंग के बन जाने मरीजों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधायें मिलने लगेगी। सुविधाओं के लिए जमा होने वाला यूजर्स चार्ज भी अब एक ही जगह जमा होगा।यूजर्स चार्ज देकर सारी जांचे कराई जा सकेगी। रैन बसेरा को ध्वस्त करके बनाये जाने वाले डायग्नोस्टिक हब के लिए तीन करोड की नई मशीन खरीदी जानी है।

भवन निर्माण पर पांच करोड,उपकरणों के लिए तीन करोड और कंप्यूटर व फर्नीचर के लिए बीस लिख का खर्च होगा।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर संजय काला ने बताया कि डायग्नोस्टिक हब का प्रस्ताव व जमीन तय करके प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जिसे शासन ने स्वीकृत करके धन भी निर्गत कर दिया है, टेंडर डालकर अक्टूबर से काम शुरू करा दिया जायेगा।

डायग्नोस्टिक हब के बेसमेंट में सीटी स्कैन, एम आर आई जांच होगी,भूतल में रिसेप्शन, कैश काउन्टर, वेटिंग रूम, तथा प्रथम दूसरे तल पर पैथोलॉजी लैब व जांचे होगीं।

# गरीबों की सेवा करना दिव्य प्रेम सेवा मिशन का उद्देश्यः डॉ. बालियान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज आडिटोरियम में बुधवार को हिंदी स्वराज के 350वें वर्ष पर आयोजित 26 से 31 अक्टूबर तक सूबे की राजधानी लखनऊ में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा के संदर्भ में व्याख्यान कार्यक्रम पर बोलते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार डा. संजीव बलियान ने कहा कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार कुष्ठ रोगियों की सेवा के साथ ही अब शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे आ रहा है।

हम सिर्फ इतना चाहते है कि यह मिशन आगे चलकर देश की सबसे बड़ी संस्था बने और हर गरीब की सेवा करे। केंद्रीय राज्यमंत्री डा. बलियान ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा करना कोई आसान बात नहीं है। कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यदि यहां बैठे किसी व्यक्ति को कुष्ठ रोगी की मवाद साफ करने को तो उसे खाना अच्छा लगेगा। यहां काम करके मदर टेरेसा ने पूरी दुनिया में जगह बनाई। कहा कि बुंदेलखंड वीरों की भूमि है। रानी लक्ष्मीबाई और राजा क्षत्रसाल ने ही अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा। रानी लक्ष्मीबाई ने ही अंग्रेजों को सबसे पहले ललकारा था। इसके बाद भी हमारा देश तकरीबन 750 साल तक गुलाम रहा। इसका एक बड़ा कारण शायद यही रहा कि सोये हुए भारतीयों को जगाने का काम किसी ने नहीं किया। वर्ना यहां वीरों की तो कोई कमी नहीं है। इसी तरह वह आज दिव्य प्रेम सेवा मिशन से जुड़कर गरीबों की सेवा को आगे आने की अपील करने आये हैं। इससे पहले प्रदीप कौशिक ने कहा कि समाज में जब विपरीत परिस्थिति आती है तब भगवान आते है। हम ईसाई पादरी और फादर को देखते हैं, उनमें से अधिकांश कुष्ठ रोगियों के बच्चे होते हैं। मदर टेरेसा को आज पूरी दुनिया में सिर्फ इसलिए पूजा जाता है, क्योंकि उन्होंने कुष्ठ रोगियों को सिर्फ दवा देकर इलाज नहीं किया बल्कि पूरे मन से सेवा भी की और उनके गले में क्रॉस लटकाये। हिंदू समाज का एक नौजवान 25 साल

**रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में महानाट्य जाणता राजा के संदर्भ में व्याख्यान कार्यक्रम**

पहले अपनी डिग्री को लात मारता है। हिमालय से हरिद्वार आता है। चंडी घाट के किनारे हनुमान मंदिर के पास बैठक भिक्षा मांगता है और कुछ रोगियों का इलाज करता है ताकि किसी हिंदू के गले में क्रास न लटकाया जा सके। यह संकल्प लेता है। 26 से 31 अक्टूबर तक दिव्य सेवा मिशन द्वारा एक नाट्य मंचन करवाया जा रहा है। इसका सभी को प्रचार-प्रसार करना है। इस मौके पर प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, बैजनाथधाम देवघर के आचार्य प्रदीप कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, भाजपा जिला संयोजक संजय सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आयुष्मान भवः अभियान का शुभारम्भ राष्ट्रपति द्वारा वर्चुअल माध्यम से हुआ



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** आयुष्मानभव अभियान का शुभारम्भ राष्ट्रपति महोदया द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया,जिसका सजीव प्रसारण जिला संयुक्त चिकित्सालय में मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चैबे, जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अश्वनी कुमार, मेडिकल कालेज प्राचार्य डाॅ0 सुरेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री शेषनाथ सिंह चैहान सहित अन्य सम्मानित जन प्रतिनिधिगण व जनमानस ने देखा, इस दौरान मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चैबे ने कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चैमुखी विकास हो रहा है, आयुष्मानभव एवं सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया, इस अभियान के अन्तर्गत आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा और इस अभियान से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा, इस अभियान के दौरान सेवा पखवाड़ा का भी आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान एवं अंगदान की शपथ का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रत्येक शनिवार व रविवार को समस्त ग्रामीण एवं शहरी हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर किया जायेगा।

## एसपी ने प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में पंजीकृत गुमशुदगी/अपहरण सम्बन्धित अभियोगों एवं महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित अपराध में सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया। उक्त आदेश के अनुपालन में सर्विलांस सेल टीम के द्वारा विभिन्न थानों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अभियान चलाकर जनपद अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों/ गुमशुदगी से सम्बन्धित अपहृताओं की सकुशल बरामदगी हेतु तत्परता से कार्यवाही करते हुए 7 कुल 65 अपहृताओं की सकुशल बरामद करके परिवारीजनों को सुपुर्द कराया गया एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने में सर्विलांस सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सर्विलांस टीम द्वारा की गई इस सराहनीय कार्यवाही से जनपद की महिलाओं में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना जागृत हुयी है एवं जनसामान्य में पुलिस के प्रति एक अच्छी छवि के साथ-साथ अच्छा संदेश भी प्रसारित हुआ है। इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी सर्विलांस सेल को प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर



**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश व बांध का पानी छोड़ने से इलाके के की गांवों का सम्पर्क कट गया है। बिवार थाना क्षेत्र के लरोंद गांव के निकट से बह रहे सीहोर नाले व चन्द्रावल नदी में अचानक अधिक पानी आ जाने से बहुत से गांवों का सम्पर्क कट गया है लेकिन प्रशासन ने नाव डालकर आवा गमन को बहाल रखने का काम किया है। रोड के ऊपर से पानी बह रहा है जिस के कारण पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें तैनात कर दी गई है ताकि लोग उन रास्तों से न गुजरे जहाँ पानी ज्यादा है इस संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में नदी नालों पर पानी आने की वजह बांध से 42 क्यसिक पानी छोड़ा जाना है मुख्य कारण यही है नदी नालों में अधिक पानी आने का लोगों को ज्यादा पानी वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी गई है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि डरनें व घबराने की कोई बात नहीं है प्रशासनी व्यवस्थाएं चाक चौबन्द है ग्रामीणों के हयोग के लिए नाव भी चलाई जा रही हैं।

# नगरीय निकाय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में नगरीय निकायो में पेयजल, विद्युत, सफाई व्यवस्था, गौवंशों के संरक्षण तथा नगरीय विकास अभिकरण द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारियों को नगरीय निकाय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करनें तथा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन व उसका निस्तारण समयबद्ध तरीके से करनें के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि बीमारियों के दृष्टिगत साफ.सफाई, सेनीटाइजेशन, फागिंग, एंटी लारवा छिड़काव किया जाए तथा जल भराव, उथले हैंडपंपों का चिन्हीकरण कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय। इसके अलावा खुली नालियों को ढकनें की व्यवस्था एवं नालियों की साफ.सफाई एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। कहा कि किसी भी दशा में जलभराव आदि नहीं होना चाहिए।

निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु संचालित गौशालयों की समीक्षा करते हुए करते हुए नगरीय क्षेत्र के निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में रखने व पशुओं को भूसा,चारा व पानी की व्यवस्था करनें तथा पशुओं के टीकाकरण करनें के निर्देश संबंधित को दिए, साथ ही नगरीय विकास अभिकरण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास व स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होने नगरीय क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, एसडीएम राठ/सरीला, अधिशाषी अधियन्ता विद्युत, परियोजना अधिकारी डूड़ा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयुष्मान भव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्वास्थ्य कर्मियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में आयुष्मान भव के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्वास्थ्य कर्मियों को दिखाया गया। दोपहर 12 बजे इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का लाइव दिखाने के बाद 17 सितंबर से गांवों में कैंप लगाकर लोगों को आयुष्मान भव के कार्ड बनाकर वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाल, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन, प्रभारी सीडीपीओ कामिनी पाल के अलावा सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## गरीबरथ का रागौल स्टेशन पर आप नेताओं ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गरीबरथ एक्सप्रेस के रायपुर से रागौल प्रथम आगमन पर लोको पायलट, गार्ड एवं स्टेशन उप प्रबंधक सहित यात्रियों का मुंह मीठा कराने के साथ फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया है। बीते डेढ़ दशक पहले चलाई गई रायपुर लखनऊ गरीबरथ का सोमवार को रगौल रेलवे स्टेशन में ठहराव हुआ है। जिसमे विधायक मनोज प्रजापति सहित भाजपा नेता कमरूद्दीन जुनून ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया, जहां राजनीतिक दलों सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए लोको पायलट का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया था। तो वहीं मंगलवार को रात गरीब रथ के रागौल स्टेशन में ठहराव के बाद रायपुर से चलकर रागौल प्रथम आगमन पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने लोको पायलट, गार्ड एवं स्टेशन उप प्रबंधक सहित यात्रियों का मुंह मीठा कराकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया है। वहीं लंबे समय से की जा रही गरीबरथ के ठहराव की मांग को पूरा करने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## बच्चों में वृद्धो के प्रति सम्मान सेवा भाव जागृत करना उद्देश्य



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय परिवार के छात्र छात्राओं द्वारा वृद्धो के प्रति श्रद्धा एवं भावनात्मक लगाव के चलते उनके सहयोग तथा उनकी व्यावहारिक परेशानियां को जानने के लिए वृद्ध आश्रम में कुछ रोजमर्रा के सामान का वितरण किया गया इस कार्य से बच्चों में वृद्धो के प्रति सम्मान एवं सेवा का भाव जागृत हुआ बच्चों ने वृद्धो के लिए बिस्कुट पेस्ट टूथब्रश टीवी दवाइयां पेय पदार्थ वह राशन सामग्री आदि का वितरण किया गया इस मौके पर विद्यालय परिवार के लगभग 30 से 40 बच्चों ने मौके पर पहुंचकर वृद्धो का हाल-चाल भी जाना विद्यालय की चेयरपर्सन बंदना सिंह प्रधानाचार्य श्रीमती संतोष अवस्थी कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा झा श्रीमती शशि तिवारी अध्यापक अजीत सचान आदि उपस्थित रहे वृद्धा आश्रम के व्यवस्थापक जितेंद्र परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## डीएम ने प्रा. विद्यालय अहमदपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया



**शाहजहाँपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय अहमदपुरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति तथा प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई आदि का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से पहाड़े भी सुने। प्राथमिक विद्यालय अहमदपुरा में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से वार्ता की तथा उनसे पहाड़े सुने। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित करते हुये कहा कि अन्य विषयों के साथ अंग्रेजी पर भी विशेष ध्यान दें। सभी बच्चों को स्वच्छ आदतें अपनाने हेतु भी प्रेरित करें और जो बच्चे प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में स्कूल नही आते है, उनके माता पिता से बात करके बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में भेजने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से बच्चों का बेस तैयार होता है। सभी शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों को खेल कूद के विषय में भी आवश्यक जानकारी दें तथा बच्चों से यह भी जानकारी लें कि उन्हे किस खेल में रूचि है।

# बिल्ली मारकुंडी निजी भूमि पर दबंगों का कब्जा

### नगर स्थित एक होटल परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जताया दर्द

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित एक होटल परिसर में ओबरा बिल्ली मारकुंडी निजी भूमि कष्ट करो द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई जिसमें पीड़ित काश्तकारों ने दबंगों द्वारा राजनीतिक दबाव बनाकर बड़े लोगों को खनन पट्टा दिलाने को लेकर अधिकारियों से बनवा रहे दबाव।

प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित करते हुए पीड़ित रघुनाथ दुबे के नाती राहुल दुबे, श्रीकांत दुबे, रूपेश दुबे, समोधिया जायसवाल के पुत्र मुन्ना जायसवाल देवी गौड़ के लड़के मुन्ना पप्पू आदि सहित पीड़ितों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ओबरा बिल्ली मारकुंडी निजी भूमि पर कुछ दबंग व राजनीतिक लोगों के दबाव से निजी खनन पट्टा को अपने चहेते वह बड़े खनन लोगों को दिलाने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है जो कि गलत है हम लोग बाप दादे से यहां के मूल निवासी हैं और हम सभी यह चाहते हैं कि हम छोटे छोटे काश्तकार हैं

**डीएम नामित पत्र सौंप कर लगाया न्याय किया गुहार**

**पीड़ितों ने खनिज निदेशालय में पत्र सौंप कर भी लगा चुके हैं गुहार**

हमारे जीव को पालन का मात्र एक जरिया है जो हमसे छीना जा रहा है इसके विरोध में हम लोगों द्वारा आवाज उठाई जा रही है तो बार-बार कुछ गैर जनपद लोगों द्वारा लोगों के माध्यम से हम लोगों को धमकियां भी दिलाई जा रही हैं वहीं पीड़ितों ने इस मामले को लेकर पूर्व में खनिज निदेशालय में भी पत्र देकर मामले से अवगत कराया गया है वही सोनभद जिलाधिकारी को भी पत्र देकर पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाया जब कहीं नहीं सुना गया तो प्रेसवार्ता करके पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाई न्याय नहीं मिला तो हम पीड़ित अपने हक के लिए आत्मदाह करने के लिए मजबूर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पुल की रेलिंग से टकराई बाइक, मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**बांदा।** मेडिकल स्टोर संचालक की बाइक नए पुल पर रेलिंग से जा टकराई। इससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिर में गंभीर चोट आई। खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने उसका जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। हालत में सुधार हो जाने पर परिवार के लोग मेडिकल स्टोर संचालक को घर ले गए। बुधवार की सुबह घर में उसकी मौत हो गई। मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो जाने पर परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सिविल लाइन इलाके में जिला अस्पताल कैंपस के समीप रहने वाले सुरेंद्र सिंह (48) पुत्र स्व. बुद्धराज मेडिकल स्टोर संचालक हैं। मंगलवार की रात को वह बाइक में सवार होकर बाजार की तरफ जा रहे थे। बाइक अभी फ्लाईओवर पर कुछ दूर ही चली थी कि अनियंत्रित होकर बाइक रेलिंग से जा टकराई। मेडिकल स्टोर संचालक बाइक से गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उसका उपचार किया गया।

## डीएम ने ईवीएम प्रक्रिया का किया निरीक्षण



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने ईवीएम मशीन के एफएलसी प्रक्रिया का निरीक्षण किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एफएलसी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने उन्होंने मौके पर उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि वह एफएलसी प्रक्रिया प्रारंभ होने के दौरान प्रातः 09 बजे से सायं 07 बजे तक उपस्थित रहकर एफएलसी प्रक्रिया को देख सकते हैं और उन्हें इस प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की समस्या प्रतीत होती है, तो उसके सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत करा सकते हैं, इस मामले में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** राज्य स्तर पर आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोजेक्टर के माध्यम से मंडलीय अस्पताल में देखा गया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रतीकात्मक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मौजूद रहे राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुष्मान भवः अभियान की सराहना की। बुधवार को मंडलीय चिकित्सालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से आयुष्मान भवः कार्यक्रम का वर्चुवल शुभारंभ राज्य स्तर से किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद ने कहा किस कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसमें रक्तदान, अंगदान और स्वच्छता अभियान के लिए काम किया जाएगा। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भवरू योजना बहुत ही सराहनीय है।

## कलेक्ट्रेट और तहसील में अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**बांदा अवधनामा संवाददाता।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा थमता नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को बार कौंसिल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने पहले कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसके बाद तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस का काम बंद कराए रखा। अधिवक्ताओं की मांग है कि हापुड़ के डीएम और एसपी का तत्काल तबादला किया जाए, इसके साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे की अगुवाई में बुधवार को लामबंद होकर अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां धरना दिया। अध्यक्ष ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ असंवैधानिक और असमाजिक लाठीचार्ज हुआ, जिसमें हापुड़ जनपद न्यायालय के अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हुए थे। बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि हापुड़ घटना के दोषी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण किया जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

## कस्बे के साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से बनाई अलग पहचान

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे में जन्मे कवि एवं साहित्यकारों ने अपनी लेखनी की हम पर कस्बा सहित जनपद का नाम रोशन किया। इनके द्वारा रचित किताबें साहित्य जगत में खूब सराही गई। आज भी यह हिंदी की ख्याति के लिए रात दिन प्रयासरत है। कस्बा निवासी डॉ भवानीदीन राजकीय महाविद्यालय के प्रचार्य पद से सेवानिवृत्त हैं। इसके बाद यह शिक्षा की अलाव जलाते हुए हैं। इन्होंने आधा दर्जन पुस्तकों की रचना की है। इनमें समरगाथा प्रथम संस्करण एवं द्वितीय संस्करण, वैभव बहे, बेतवाधार, प्राचीरे बोलती हैं, साकार विग्रह आदि प्रमुख है। इसके अलावा इन्होंने 150 शोध परक लेख लिखे और एक दर्जन छात्रों को पीएचडी कराई है। आज भी यह शिक्षा की अलख जगाए हुए हैं। कस्बे के निवासी बेसिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत नारायन प्रसाद रसिक ने ताथकंद की गोद में, शास्त्री 1965, समाधि 1986, रिक्शा चालक 2019 की रचना की।

# बांदा के छात्र का नीदरलैंड में रिसर्चर के पद पर हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** कैंसर के उपचार में रोबोट एसिस्टेड सर्जरी सिस्टम, प्रेसीजन मेडिकल आंकोलाजी और रेडिएशन थेरेपी में नई तकनीकों के उपयोग ने क्रांति ला दी है। इस तकनीक के उपयोग से कैंसर रोगियों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। इसी तकनीक के बारे में तमाम शोध करने वाले बांदा के छात्र मुजम्मिल खान का यूरोप के नीदरलैंड में रिसर्चर के पद पर चयन हुआ है। मुजम्मिल खान वहां के सेंटर इंस्टीट्यूट में रहकर कैंसर के इलाज के लिए रोबोट विकसित करेंगे। उनके इस पद पर चयन होने पर पर जनपद और बुंदेलखंड गौरांवित हुआ है। उन्हें लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं।

शहर के छावनी मोहल्ले में रहने वाले दिवंगत मशहूर शायर एहसान कुरैशी (आवारा बांदवी) की बेटी सालेहा कुरैशी पत्नी नफीस अहमद खान के



पुत्र मुजम्मिल खान बांदा में ही पले बढ़े। इनकी प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर अवस्थी पार्क में हुई। कक्षा 9 से 12 तक सरस्वती विद्या मंदिर में केमिस्ट्री फिजिक्स सब्जेक्ट से पढ़ाई पूरी कर यहां के पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में बीएससी एमएससी तक शिक्षा ग्रहण की। 2019 में मद्रास आईआईटी से गेट का एग्जाम पास किया और उसके बाद मौलाना आजाद विश्वविद्यालय भोपाल से मैथमेटिक्स में पीएचडी की। इस दौरान उन्होंने तमाम शोध किये जिस पर मध्य प्रदेश सरकार ने कई अवार्ड दिये और

**कैंसर के इलाज के लिए विकसित करेगा रोबोट**

2022-23 में फेलोशिप प्रदान की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई लेख और शोध पत्र प्रदर्शित किए। अब उनका 28 जुलाई 2023 को नीदरलैंड में रिसर्चर के पद पर चयन हो गया। उनका कहना है कि नीदरलैंड के सेंटर इंस्टीट्यूट में 20 से 25 डॉक्टर हैं। इसी तरह हमारे ग्रुप में भी इतने ही डाक्टर व रिसर्चर हैं। दोनों ग्रुप मिलकर कैंसर के बेहतर इलाज के लिए रोबोट विकसित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कैंसर का इलाज तीन तरह से होता है मेडिसिन, रेडिएशन थेरेपी या फिर सर्जरी। सर्जरी के दौरान डॉक्टर से गलती हो सकती है लेकिन रोबोट गलती नहीं करता। इसलिए हम लोग मिलकर इस तरह के रोबोट विकसित करेंगे जो बेहतर ढंग से सर्जरी का काम कर सके।

## छठी महोत्सव पर भंडारे में हजारो श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**सोनभद्र/ अनपरा अवधनामा संवाददाता।** रेनूसागर स्थित श्री श्याम सेवा मंडल समिति रेनू सागर द्वारा मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव पर श्याम सेवा मंडल प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम सेवा मंडल समिति के कोषाध्यक्ष मनोज जोशी ने उक्त संबंध में बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर श्रद्धालुओ के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हर वर्ग व मजहब के लोग भगवान का प्रसाद ग्रहण किया, उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी से लेकर भगवान श्रीकृष्ण को स्थानीय महिलाएं झूला झुलाती व भजन गाती थी, साथ ही साथ भजन संध्या का कार्यक्रम प्रतिदिन होता था। आज मंगलवार के दिन आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन किया गया तथा भक्तो द्वारा जय कन्हैया लाल की उद्घोष के साथ पूरा परिसर भक्तिमय हो गया , आज के मुख्य यजमान नवींद्र कुमार पाठक व सुरेश कुमार रुंगटा को मंदिर के पुजारी ने विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद सुख समृद्धि की कामना की।

# ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई कर शिकायतों के समाधान के लिए निर्देश दिए

- कार्यों में लापरवाही एवं दुर्व्यवहार पर तीन एसडीओ पर कार्यवाही करने तथा एक मीटर रीडर की सेवायें समाप्त करने के दिये निर्देश
- गड़बड़ियों एवं लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए
- बिजली विभाग की दुर्व्यवस्था एक पल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी
- बिलिंग व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ पटरी पर लाया जाए
- गलत बिल पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें
- विद्युत दुर्घटनाओं में क्षतिपूर्ति देने में बिलम्ब नहीं चलेगा



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता विद्युत बिल मांग रहे हैं लेकिन विद्युत कार्मिक समय से बिल नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि बिलिंग व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ पटरी पर लाया जाए। जिससे उपभोक्ता समय पर अपना बिल जमा कर सके। इसके लिए सिस्टम को भी पूरी तरह से अपग्रेड किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को दर किनार करने वाले तथा इनके समाधान में जानबूझकर व्यवधान डालने वाले विद्युत कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसमें दलालों से सांठगांठ के सिस्टम को भी खत्म किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की ऐसी स्थित बन गई है, जिस डाल पर विद्युत कार्मिक बैठा है उसी डाल को काट रहे हैं। कार्मिकों की थोड़ी सी लापरवाही से उपभोक्ताओं का जीवन नर्क बन रहा है। लोगों को परेशान कर अब मलाई नहीं खाने दी जायेगी। उपभोक्ताओं को लूटने की व्यवस्था को हरहाल में समाप्त किया जायेगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि बिजली विभाग की दुर्व्यवस्था को अब एक पल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्मिकों की ढुलमुल कार्य संस्कृति एवं दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा आज शक्ति भवन में उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान हेतु 'सम्भव' की व्यवस्था के तहत महीने के प्रथम बुधवार को वर्चुअल जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं से वर्चुअल बात की और सैम्पल के तौर पर 15 शिकायतों का समाधान कराया। शिकायतकर्ताओं ने मंत्री जी कार्यवाही से संतुष्ट होकर उनकी कार्यशैली की प्रशंसा भी की। जनसुनवाई में उन्होंने विजलेंस टीम की गलत कार्यवाही, बिल संसोधन, गलत बिल, क्षतिपूर्ति, कनेक्शन बिच्छेदन, रीडिंग, बिल न आने, स्वीकृत भार को बढ़ाने और फर्जी निजी नलकूप कनेक्शन से संबंधित 'सम्भव' पोर्टल पर आई। समस्याओं को सुना और समाधार कराया। ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान हापुड़ जनपद निवासी विवेक कुमार गुप्ता को वाणिज्यिक कनेक्शन देकर 08 महीने बाद भी विद्युत बिल निर्गत न करने पर संबंधित एसडीओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार संतकबीरनगर निवासी अयोध्या प्रसार पाण्डेय का विद्युत बिल ज्यादा आने की शिकायत का महीनों तक विद्युत कार्यालयों का चक्कर काटने के बाद भी सुधार न होने तथा पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करने पर संबंधित एसडीओ के खिलाफ जॉच कर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। पीलीभीत निवासी कुन्दन सिंह को मीटर रीडर राम सिंह द्वारा बार-बार गलत बिल देने पर उसकी सेवायें समाप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दोषी या दागी पाये गये किसी भी कार्मिक की विभाग में सेवायें न ली जाए। किसी भी समस्या के लिए जिम्मेदार अधिकारी कहीं पर भी हो उसकी जवाबदेही तय कर उसका एप्लीकेशन काल किया जाए, उसे शो काज नोटिस भी दिया जाए। उन्होंने एमडी यूपीपीसीएल को निर्देश दिये कि गलत बिल पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। ए0के0 शर्मा ने सिद्धार्थनगर निवासी धीरेन्द्र प्रसाद मिश्र की गेहूँ की फसल विद्युत स्पार्किंग के कारण जल जाने पर 13 वर्ष बाद भी जली फसल का मुआवजा न मिलने पर उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि बिजली से फसलों के जलने, घरों में आग लगने, पशुओं व व्यक्तियों की करंट से मृत्यु पर मिलने वाले क्षतिपूर्ति को देने में अब किसी भी प्रकार का बिलम्ब नहीं किया जायेगा।

## हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता लोगों को अपनी ओर आकृषि कर रही

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की ओर से हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर बुधवार से शुरू हुई दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया गया। इस मौके पर डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दी के विविध आयाम हैं। हिन्दी गद्य के विस्तार के साथ हिन्दी भाषा की व्यापकता बढ़ती गई। पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से हिन्दी बिन्दु से परिधि की ओर अग्रसर हो रही है। हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता लोगों को अपनी ओर आकृष्ट कर रही है। विश्वस्तर पर भारतीयों के जरिये हिन्दी को आगे बढ़ाने में प्रयास किया जा रहा है। हिन्दी को आगे ले जाने में अनुवाद व तकनीकी माध्यमों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। भोपाल से पधारी डॉ. मंगला अनुजा ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में भक्तिकालीन कवियित्रियों की महती भूमिका रही है। भक्ति कालीन महिला रचनाकारों ने कृष्णभक्ति को केन्द्र बिन्दु में रखा। सुभद्रा कुमारी चौहान स्वाधीनता आन्दोलन में अपनी कलम से ज्वाला जगाने वाली रही हैं। महादेवी वर्मा नारी जागरण की पक्षधर रहीं हैं। विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि पत्रकारिता को आम भाषा के माध्यम से जनसमुदाय के मध्य में जाना चाहिए। पत्रकारिता में जो लिखा जाये वो जनसामान्य के समझ में आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी गद्य के विकास में साहित्यिक पत्रकारिता की महान भूमिका रही है।

आजादी के पहले व बाद की पत्रकारिता में काफी अन्तर रहा है। समाचार पत्र पत्रिकाओं की भाषा ऐसी हो जो जन साधारण के समझ की होनी चाहिए। शोधार्थियों व विद्यार्थियों में खुशी सखूजा ने महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के विचारों को पढ़ा।

## मीशो ने उत्तर प्रदेश के 1.3 लाख से ज्यादा छोटे बिज़नेसेज़ को मजबूत किया



- वर्ष 2022 में राज्य से मीशो प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड होने वाले सप्लायर्स 77 प्रतिशत बढ़े

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारत के एकमात्र ट्रूई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने आज बताया कि इसके प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश के 1,30,000 से ज्यादा छोटे बिज़नेस रजिस्टर्ड हैं। मीशो द्वारा उद्योग में पहली बार चलाए जा रहे जीरो कमीशन मॉडल जैसे अभियानों की बदौलत पिछले कुछ सालों में उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में एमएसएमईज़ ने मीशो पर रजिस्ट्रेशन कराया है। मीशो के डायरेक्टर, फुलफिलमेंट एंड एक्सपीरियंस, सौरभ पांडे ने आज यहां बताया कि साल 2022 में राज्य में मीशो प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले सप्लायर्स 77 प्रतिशत बढ़े, जिनमें से 73 प्रतिशत ने अपने ई-कॉमर्स व्यवसाय की शुरुआत ही मीशो के साथ की। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश से अब तक लगभग 700 विक्रेता करोड़पति और 130,000 से ज्यादा विक्रेता लखपति बन चुके हैं। इस क्षेत्र के सप्लायर्स की पसंदीदा श्रेणियों में महिलाओं की पोषाक, किड्सवियर, होम एंड किचन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पर्सनल केयर और ब्यूटी हैं। मीशो ने अपनी शुरुआत से ही देश में विशेषतया टियर 2 और टियर 3 शहरों में छोटे एवं मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) को मजबूत व उनका सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीशो के लगभग 50 प्रतिशत विक्रेता टियर 2 शहरों जैसे अमृतसर, राजकोट, हुबली, कोझिकोडे, जमशेदपुर, और तिरुप्पुर से हैं। मीशो हाल ही में 1 मिलियन विक्रेताओं की संख्या को पार करने वाली भारत की सबसे तेज ई-कॉमर्स कंपनी भी बन गई, जिसने अपनी शुरुआत से 8 साल से भी कम समय में इतना बड़ा विक्रेता आधार हासिल किया।

## प्रतिभागियों ने सीखे नृत्य के विभिन्न आयाम



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बच्चों व युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से होटल आशियाना रेजीडेंसी लखनऊ में जे पी एस स्टार 11के तत्वावधान में चल रहे इंडियाज टैलेंट स्टार समागम के आज तीसरे दिन प्रतिभागियों ने नृत्य के विभिन्न आयाम सीखे। समारोह के तीसरे दिन आज नृत्य विशेषज्ञों कथक नृत्यांगना हुमा साहू, लोक नृत्यांगना लवली घिल्डियाल, अंकिता, अनामिका, आरती, विशाल और अरुण ने कथक, भरतनाट्यम, झोड़ा, थपेली, लोक नृत्य संग बॉलीवुड नृत्य के विभिन्न आयामों से उदीयमान कलाकारों को अवगत कराते हुए उन्हें नृत्य को आत्मसात करने के लिए गुरू शिष्य परंपरा के अंतर्गत ही नृत्य सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सृष्टि माथुर, खुशी साहू, हर्षिता सिंह, अभय दास, अंजू चौहान, सखी राजपूत, दिव्या, तान्या, सोनाल, ईशा, अर्चना, दिशा सहित अन्य प्रतिभागियों ने कथक नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य, लोक नृत्य के अलावा बॉलीवुड नृत्य की मनोरम छटा भी बिखेरी।

## आजम खां के घर पर छापेमारी की कांग्रेस ने की निंदा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां के घर पर छापेमारी की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। पार्टी नेता व पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा कि आजम खां के यहां छापेमारी की घटना कोई पहली बार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी सरकार जब-जब डरती है तब-तब छापेमारों से अपने काम करा कर नेता और हेडलाइन मैनेज करने का काम करती है। यह जानते हैं कि आजम खां साहब डरने और टूटने वाले नहीं है। आजम खां उन नेताओं की तरह नहीं हैं जिस तरह हेमंत बिस्व सरमा, नारायण राणे, अजीत पवार की तरह भाजपा का हिस्सा बन जाए। आज की छापेमारी मुख्यतः दिल्ली में शरद पवार के घर पर हो रही इंडिया गठबंधन की बैठक से ध्यान भटकाने, हेडलाइन बनाने के लिए है। भाजपा को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अब हेडलाइन बनाने, नेताओं के घर छापे डलवाने से कोई काम चलने वाला नहीं है। 2024 में भाजपा जा रही है इंडिया आ रही है।



राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं सदस्यता अभियान प्रभारी सुरेंद्र नाथ त्रिवेदी का स्वर्गवास 2 सितंबर 2023 को हो गया था. आज उनके अशोक नगर, राजाजी पुरम स्थित आवास पर तेरहवीं के अवसर पर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने शहर के गणमान्य लोग पहुंचे. उनके पुत्र मयंक त्रिवेदी सहित सभी परिवार के सदस्यों को दुख की इस घड़ी में सांत्वना दी. साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना भी की. पुष्प गुच्छ उन्हें श्रद्धांजली भी अर्पित की।

## रेल कर्मियों को अब डिजिटल एक्सरे की सुविधा

लखनऊ। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के लखनऊ स्थित मंडलीय चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में रोगियों के लिए आधुनिक सुविधा के लिए बुधवार को रेडियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक डिजिटल एक्स.रे सिस्टम की व्यवस्था का समावेश किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक डॉ. मनीष थपलियाल नेइस सुविधा का लोकार्पण किया। उत्तर रेलवे मंडलीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगदीश चन्द्रा ने इस अत्याधुनिक डिजिटल एक्स.रे सिस्टम की विशेषताओं एवं खूबियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल एक्स.रे मशीन आधुनिक चिकित्सा तकनीक से सुसज्जित है जिसके माध्यम से रोगियों का उपचार करना पहले की तुलना में अत्यधिक सुगम और सुविधाजनक हो सकेगा। साथ ही चिकित्सकों को मरीजों के उपचार की दिशा में सहायता प्राप्त होगी।

# मुजीब सिद्दीकी को खान बहादुर नवाब सैय्यद हामिद हुसैन खान अवार्ड से नवाजा गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हामिद रोड, निकट सिटी स्टेशन स्थित सल्तनत मंजिल में 43 वा सालाना मजलिस ए अज़ा एवम तरही मुसालमा का आयोजन किया गया। इस साल अपनी विशेषताओं के साथ 7:30 बजे शब समय की पाबंदी व एहतराम के साथ प्रोग्राम का आगाज तिलावत ए कलाम पाक से हुआ जिसे ज़नाब क़ारी नदीम नजफ़ी ने किया।इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर सैय्यद अली हामिद और श्री सैय्यद मासूम रज़ा, एडवोकेट ने किया। सल्तनत मंजिल में श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थें। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद हसनेन बकरी साहेब क़िबला ने मुसालमे के मिस्र ए तरह नासराने शाहै दीं का ग़म मनाना चाहिए इस शीर्षक से फजाएल व मसाएब इमाम ए हुसैन (अ.स) बयान किया। मजलिस में श्रद्धालुओं की संख्या इतनी थी की सल्तनत मंजिल में कदम रखने की जगह नही थी। मौलाना के आकर्षण संबोधन से लोग अत्याधिक परभवित हुएं। कामयाब मजलिस के बाद मुसाल्मा प्रारंभ



हुआ जिसका संचालन देश के प्रसिद्ध नाजिम व शायर जनाब दर्द हल्लोरि ने अंजाम दिया। इस साल के मुसालमे के मिस्र ए तरह नासराने शाहै दीं का ग़म मनाना चाहिए इस शीर्षक से पूरे देश के चुने हुए 14 प्रसिद्ध शायरों ने अपना तरही नजराना ए अकीदत बारगाह ए इमामत में पेश किया। अंत में इस कार्यक्रम के आयोजक प्रोफेसर सैय्यद अली हामिद और श्री सैय्यद मासूम रज़ा, एडवोकेट कि जनिब से शायर ए एहलेबेत जनाब मुज़ीब सिद्दीक़ी साहेब को मौलाना सैयद हसनेन बकरी साहेब क़िबला के हाथो खान बहादुर नवाब सैय्यद हामिद हुसैन खान अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुसाल्मे के आयोजक ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद अर्पित किया।

## हजरत इमाम हुसैन ने अजीम कुर्बानियां देकर दीन को बचाया

लखनऊ। इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। मजलिस के बाद हजरत अली अकबर (अ.स.), हजरत कासिम (अ.स.) और हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम की जियारत करायी गयी। इमामबाड़ा सज्जाद अली नकवी मरहूम मंसूर नगर में मौलाना सदफ जौनपुरी ने मजलिस को खिताब करते हुए जब हजरत इमाम हुसैन (अ.स) और उनके साथियों पर हुए जुल्मों सितम बयान किये तो अजादार रोने लगे। अजाखाना अलहज सैयद अनवर हसन जाफरी सीमा रिजवी लैन बालागंज में नमाज ए मगरिब के बाद मौलाना हसनैन बाकरी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अजीम कुर्बानियां देकर दीन को महफूज़ किया। मस्जिद हैदर मिर्जा गोलागंज मे मजलिस को मौलाना फिरोज अब्बास ने खिताब किया। दूसरी व तीसरी मजलिस को मौलाना हसन जहीर खिताब करेंगे। अंतिम मजलिस के बाद ताबूत हजरत रसूले खुदा (स.) व इमाम हसन (अ.स.) की जियारत होगी। हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में मौलाना सदफ जौनपुरी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना जैनुल हसन मंसूर नगर में मौलाना शब्बर हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। अंसार हुसैन आब्दी हुसैनी गुलिस्तां कालोनी रुस्तम नगर में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। अंजुमन सज्जादिया कदीम की शब्बेदारी का आयोजन कटरा अबुतुराब खान नक्खास में किया गया। मजलिस को मौलाना अली मुत्तकी जैदी ने खिताब किया। अलविदाई मजलिस को मौलाना फिरोज अब्बास ने खिताब किया।

## नाना और नवासे की शहादत की पूर्व संध्या पर मजलिसें

लखनऊ। हजरत मोहम्मद साहब (स.) और उनके नवासे इमाम हसन (अ.स.) की शहादत की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) में मजलिस को मौलाना सैयद अफजाल आब्दी रात 9 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के आयोजक मीसम रिजवी ने बताया कि मजलिस के बाद नाना और नवासे के ताबूत की जियारत करायी जायेगी। अता-ए-जहरा हादी लैन सरफराजगंज में बृहस्पतिवार से तीन मजलिसों का आयोजन होगा। इन मजलिसों को मौलाना किरतास कर्बलाई रात 8 बजे खिताब करेंगे। अजाखाना सैयद हसन सज्जाद मूसवी कश्मीरी मोहल्ला में रात 7.30 बजे मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी खिताब करेंगे। अजाखाना सिकन्दर आगा कशम्बीरी मोहल्ला में रात 8.15 बजे सैयद अरमान रिजवी मर्सिया पेश करेंगे। इमामबाड़ा हकीम मोहम्मद तकी पाटानाला में रात 9 बजे मजलिस को मौलाना अली मुत्तकी जैदी खिताब करेंगे।

## सुविख्यात मक्का दर्जी के इमामबाड़े से अतिक्रमण हटाया गया

- भारतीय पुरातत्व सर्वे से स्मारक के पूर्ण संरक्षण की उम्मीद





अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। विगत 26 अगस्त 2023 को एक मंदबुद्धि व्यक्ति के द्वारा इमामबाड़े में निवास कर रहे अवैध अतिक्रमणकारियों की शह पर इमामबाड़े की कदम रसूल के समक्ष प्राचीन गेट नं0 2 को तोड़े जाने से क्षुब्ध समाजसेवी एवं अधिवक्ता मोहम्मद हैदर के प्रयासों से एवं जिला प्रशासन सीतापुर तथा सुन्नी वक्फबोर्ड के द्वारा नियुक्त मुतवल्ली मोईन खैराबादी के प्रयासों से प्रांगण जिला प्रशासन के द्वारा आज दिनांक-13.09.2023 को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया एवं इमामबाड़े में वर्षो से जमे अतिक्रमणकर्ताओं, जिन्होने इस पूरे प्रांगण को अपार क्षति पहुंचाई थी एवं लगातार पहुंचा रहे थे, जिससे इस सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के पथ प्रशस्त हो गये है। इस मुहिम से लगभग 4 वर्षो से जुड़े श्री मोहम्मद हैदर एवं उनकी पत्नी इतिहासकार डा0 सनोबर हैदर ने बताया कि उनके द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वे को उनके अधिनियम के अनुसार लगभग 20 पृष्ठों का एक विस्तृत प्रस्ताव पूर्व में प्रेषित किया था जिसमें उक्त सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की बात कही थी एवं अनुरोध किया था जिस पर भारतीय पुरातत्व सर्वे ने सुन्नी वक्फबोर्ड, जहां पर उक्त स्मारक वक्फ के रूप में दर्ज हैं, की अनापत्ति मांगी थी। हैदर दंपत्ति के प्रयासों से सुन्नी वक्फ बोर्ड के द्वारा उक्त अनुमति भी दे दी गई थी एवं वर्तमान में सुन्नी वक्फ बोर्ड के द्वारा एक समिति भी नियुक्त की गई है जिसके सचिव श्री मोईन खैराबादी है एवं एवं श्रीमती हैदर तथा मोईन खैराबादी के संयुक्त प्रयासों से एवं जिला प्रशासन सीतापुर के अप्रतिम सहयोग से, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुज सिंह तथा उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी के कुशल निर्देशन एवं सहयोग से इस सांस्कृतिक विरासत को आज अतिक्रमण मुक्त किया गया। श्री हैदर का कहना है कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है जिससे न केवल इस सांस्कृतिक विरासत को क्षरित होने से रोका जा सकेगा बल्कि भारतीय पुरातत्व सर्वे के द्वारा इसके संरक्षण में भी तेजी लाकर त्वरित संरक्षण किये जाने का पुनः अनुरोध किया जाएगा एवं चूंकि अब उक्त प्रांगण पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त हो चुका है अतः इसको संरक्षित, रख रखाव एवं जीर्णोद्धार किये जाने में कोई विलंब नही होना चाहिए।

## अधिवक्ता के खिलाफ अनुचित कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान विरोधी

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा ने राजस्थान की तरह प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीती 29 अगस्त को हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों और उच्चाधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, बल्कि लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हापुड़ की सरकारी आबद्धता तक समाप्त कर दी गयी। सरकार के इस कृत्य से सरकार का अधिवक्ता विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में जब अधिवक्ता आम आदमी का साथ देता है तो अधिवक्ता के खिलाफ अनुचित कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। हापुड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने हापुड़ पहुंच कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी, विधि विभाग के हर जिला चेयरमैन सहित हर जिला-शहर अध्यक्षों से बार के आंदोलन को समर्थन देने का निर्देश दिया है।

## पीजीआई क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अधिकारियों ने बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में अभियान चला कर पीजीआई क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। वहीं न्यू हैदराबाद और मोती नगर में अवैध निर्माण को सील कराया। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि पीजीआई के सरथुवा में वृंदावन क्रासिंग के पास अशोक कुमार गुप्ता, जय प्रकाश यादव, नरेन्द्र यादव, सुनील कुमार राजपूत, नन्द किशोर व अन्य की ओर से लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करते हुए स्मार्ट सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विहित न्यायालय के ध्वस्तीकरण के आदेश पर सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व उस्मान अली ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश के चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी नहीं कराई जा सके, जिसके लिए



अभियान चला कर अवशेष हिस्सों को ध्वस्त कराया जाएगा। इसी तरह प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी डी.के. सिंह ने बताया कि निशातगंज के न्यू हैदराबाद में कॉल्विन कॉलेज के पास भूखण्ड संख्या -411(पार्ट) पर मिर्जा आफताब हैदर व अन्य ने लगभग 335 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत एकल आवासीय मानचित्र के उलट पांच मंजिला अपार्टमेण्ट का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में पांचवें तल पर पेंट हाउस का निर्माण कराते हुए फिनिशिंग का काम कराया जा रहा था। वहीं नाका के मोती नगर में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सामने भूखण्ड संख्या-379बी, पार्ट पर ओंकार सिंह व अन्य की ओर से लगभग 1500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण कराया जा रहा था।

## हिन्दी पखवाड़ा आज से

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में 14 से 28 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा समारोह के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल के स्टेशनों, अनुरक्षण डिपो एवं कार्यालयों में हिन्दी कार्यशाला, निबन्ध प्रतियोगिता, तकनीकी संगोष्ठी, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, कवियों एवं लेखकों की जयन्ती तथा कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में हिन्दी पखवाड़ा समारोह के उद्घाटन समारोह का आयोजन 14 सितम्बर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में किया जायेगा।

### इंजीनियरिंग कार्य के कारण ट्रेनें निरस्त

लखनऊ। रेलवे प्रशासन ने जम्मूतवी के पश्चिमी केबिन के अनुरक्षण एवं कन्दरोरी स्टेशनों पर इंजीनियरिंग कार्य के कारण ट्रेनों को निरस्त किया है। जिसमें बरौनी से 17 सितम्बर को चलने वाली 12491 बरौनी जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं जम्मूतवी से 15 सितम्बर को चलने वाली 12492 जम्मूतवी बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं उत्तर रेलवे के जम्मूतवी रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक के चलते पूर्व में तीन ट्रेनें रद्द कर दी गई थीं। ये ट्रेनें 18 सितम्बर से बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इनमें ट्रेन नम्बर 12587 गोरखपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 12919 डॉ.अम्बेडकरनगर माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस व ट्रेन नम्बर 15655 कामाख्या माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस हैं।

### टॉयलेट सेवा निशुल्क होने के बावजूद महिला यात्री से 10 रुपये वसूले

लखनऊ। लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टॉयलेट सेवा निशुल्क होने के बावजूद महिला यात्री से 10 रुपये वसूल लिए गये। यात्री की शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई। सोशल मीडिया पर शिकायत की तो वायरल होने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया। यात्री प्रशांत शुक्ल ने आरोप लगाया है कि स्टेशन के भीतर मौजूद शौचालय में उनकी बेटी टॉयलेट गई तो वापसी पर उससे दस रुपये वसूल मांगे गये जबकि वहां लगे बोर्ड पर सुविधा निशुल्क लिखा है।